नई दिल्ली
बुधवार 18 मार्च 2026
चैत्र मास कृष्ण पक्ष,
चतुर्दशी वर्ष : 29, अंक : 333
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 29
न्यून. 18

# हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

होर्मुज जलडमरूमध्य में फंसे हैं भारत के कई जहाज, जिनकी सुरक्षित वतन वापसी ही है हमारा लक्ष्य

## ईरान संग जहाजों की अदला-बदली को लेकर नहीं हुई कोई बातचीत: जायसवाल

■ जयपुर में परिजनों को सौंपे गए ओमान में हमले में मारे गए 2 भारतीयों के शव, केंद्र ने जताई संवेदना

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने मंगलवार को मीडिया के एक तबके में जारी उन खबरों का पुरजोर अंदाज में खंडन किया है, जिनमें ये दावा किया जा रहा था कि पश्चिम-एशिया में युद्ध के बीच भारत द्वारा पहले जब्त किए गए तीन टैंकरों की अदला-बदली को लेकर उसकी ईरान के साथ बातचीत चल रही है। मामले में ईरान इस शर्त के साथ तैयार हुआ है कि वह भारत के जहाजों और उनकी ओर जाने वाले कार्गो को होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित मार्ग प्रदान करेगा। राजधानी में आयोजित अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता



रणधीर जायसवाल ने उक्त सभी खबरों को आधारहीन बताते हुए कहा कि ऐसी कोई बातचीत भारत और ईरान के बीच नहीं हुई है। वहीं, जब्त किए गए तीनों जहाजों को लेकर ईरान ने अभी तक कोई दावा नहीं किया है। साथ ही इनमें से कोई जहाज ईरान का है भी नहीं। उन्होंने कहा, वर्तमान में भी हमारे कई जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य में फंसे हुए हैं। मामले में हमारी ईरान और बाकी देशों के साथ संवाद की योजना है, बातचीत चल भी रही है। जिसमें हमारी कोशिश बाकी बचे हुए जहाजों को सुरक्षित ढंग से देश वापस लाने की है। जहां तक मानवीय सहायता का मुद्दा है, तो भारत ईरान के साथ कई मामलों पर ▶▶ शेष पेज 5 पर

### संवाद-कूटनीति से निकलेगा समाधान

*उन्होंने विदेश मंत्री डॉ.जयशंकर की ब्रसेल्स की यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि इस दौरान यूरोप के तमाम देशों के अपने समकक्षों (जर्मनी, नीदरलैंड, स्लोवाकिया शामिल) और अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ हुई बैठक में विदेश मंत्री ने अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों के मुद्दे पर प्रमुखता से विचार-विमर्श किया है। जिसमें पश्चिम-एशिया के जटिल हालात और उसके ऊर्जा सुरक्षा पर पड़ने वाले प्रभावों पर चर्चा की गई है। वहीं, इन वार्ताओं के दौरान डॉ.जयशंकर ने भारत के बातचीत और कूटनीति के जरिए समस्या समाधान को लेकर बने हुए मौजूदा रुख को दोहराया है।*

### हमलों में मारे गए 5 भारतीय, 1 लापता है

*महाजन ने कहा, इराक के बसरा तट के पास हुई घटना के बाद सेफसी विष्णु नामक जहाज के चालक दल के सभी 15 भारतीय सदस्यों को सुरक्षित निकाला गया है। अभी ये सभी बसरा शहर के एक होटल में सुरक्षित हैं। जल्द ही इनकी स्वदेश वापसी होगी। सरकार ओमान, इराक और यूएई में अपने मिशन के जरिए लापता नागरिकों की तलाश करने के साथ ही तीन अन्य मृतकों की पार्थिव देह को शीघ्र अति शीघ्र भारत लाने के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ लगातार समन्वय कर रही है। अब तक उक्त घटनाओं में 5 भारतीय नागरिकों की मृत्यु हो चुकी है। जबकि 1 लापता है।*

पश्चिम-एशिया में युद्ध के बीच: एलपीजी के सभी कमर्शियल उपभोक्ताओं को पीएनजी की ओर मोड़ने में जुटी सरकार

## कालाबाजारी रोकने के लिए देश में मारे गए 12 हजार छापे, जब्त हुए 15 हजार एलपीजी सिलेंडर



■ *बीते सोमवार को सिलेंडरों की खरीद के मामले में 70 लाख पर पहुंचा पैनिक बुकिंग का आंकड़ा*

■ *भारत में पर्याप्त मात्रा में मौजूद है पेट्रोल-डीजल, कमी की कोई शिकायत नहीं, अफवाहों से बचें आम लोग*

■ *46 हजार 500 मीट्रिक टन एलपीजी लेकर गुजरात पहुंचा नंदा देवी जहाज*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया क्षेत्र में ईरान और अमेरिका युद्ध की वजह से लगातार बिगड़ते हालातों के बीच मंगलवार को सरकार ने एक बार फिर से दोहराया है कि देश में पेट्रोल और डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। तेल रिफाइनरियां अपनी 100% क्षमता के साथ उत्पादन कर रही हैं। वहीं, ये भी साफ किया कि एलपीजी के मामले को लेकर हालात चिंताजनक ही बने हुए हैं। लेकिन किसी भी गैस वितरक के पास कमी या ड्राई आउट की कोई सूचना नहीं है। हालांकि इन सबके बीच केंद्र इस कोशिश में लगा हुआ है कि एलपीजी के सभी कमर्शियल उपभोक्ताओं को पीएनजी की ओर स्थानांतरित कर दिया जाए। क्योंकि यह सभी के लिए लाभकारी साबित होगा। इसी क्रम में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को 16 मार्च को एक पत्र लिखकर ▶▶ शेष पेज 5 पर

पाक-अफगान में तनाव चरम पर

पाकिस्तान की एयरस्ट्राइक से काबुल दहला, तालिबान ने पाक से बदला लेने की कसम खाई, घातक परिणाम भुगतने की दी चेतावनी

## अस्पताल पर बम गिराया, 400 मौतें हुईं 250 घायल, भारत बोला-ये तो नरसंहार

*भारत ने इस हमले को अफगानिस्तान की संप्रभुता पर खुला हमला करार दिया और कहा कि यह क्षेत्र की शांति और स्थिरता के लिए गंभीर खतरा है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनाव एक बार फिर बढ़ गया है। पाकिस्तान ने सोमवार रात एक बार फिर अफगानिस्तान पर एयरस्ट्राइक की है। पाकिस्तानी एयरफोर्स के लड़ाकू विमानों ने राजधानी काबुल के कई इलाकों को निशाना बनाया, जिनमें एक हॉस्पिटल भी है। इसमें 400 लोगों की मौत हो गई, वहीं 250 से ज्यादा घायल हैं।



जबिहुल्लाह मुजाहिद

तालिबान ने इसका बदला लेने की कसम खाई है। तालिबान के प्रवक्ता जबिहुल्लाह मुजाहिद ने कहा कि पाकिस्तानी सेना ने नागरिकों में दहशत और आतंक फैलाने के लिए अस्पतालों, स्कूलों और मदरसों को निशाना बनाया। काबुल में एक नशामुक्ति केंद्र पर हमला हुआ। इसकी वजह से इलाज करा रहे मरीजों की मौत हो गई। मुजाहिद ने कहा कि पाकिस्तान ▶▶ शेष पेज 5 पर

तालिबान ने कहा- अब बातचीत नहीं पाकिस्तान को उसकी भाषा में जवाब दिया जाएगा



एयर स्ट्राइक के बाद काबुल का अस्पताल तबाह हो गया

**भारत ने इस बात पर भी चिंता जताई कि यह हमला पवित्र महीने रमजान के दौरान किया गया**

**भारत ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की है कि इस आपराधिक कृत्य के दोषियों को जवाबदेह ठहराया जाए**

बयान जारी कर बोले जायसवाल, कोई धर्म या कानून किसी अस्पताल और वहां भर्ती मरीजों पर हमला करने की अनुमति नहीं देता है

### पाकिस्तान के काबुल के अस्पताल पर किए गए हमले की भारत ने की कड़ी निंदा

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल के ओमिद नशा मुक्ति अस्पताल पर की गई पाकिस्तान की एयरस्ट्राइक में कुल करीब 400 लोगों की मौत हो गई है। जबकि 250 लोग घायल हुए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को एक आधिकारिक बयान जारी कर इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि दुनिया में कोई मजहब



(धर्म), कानून और नैतिकता किसी अस्पताल और उसके मरीजों पर जानबूझकर हमला करने की इजाजत नहीं देता है। पाकिस्तान का यह एक बर्बरतापूर्ण, कायराना हिंसक कृत्य है। जिस नरसंहार को अब पड़ोसी दुश्मन देश द्वारा ▶▶ शेष पेज 5 पर

रिजिजू ने लोकसभा के नियम 374 (2) के तहत सदन में रखा संकल्प, ध्वनिमत से हुआ पारित

## लोकसभा में पारित हुआ विपक्ष के 8 निलंबित सांसदों की वापसी का प्रस्ताव

■ सदन में लौटे कांग्रेस के 7 और सीपीआई (एम) का 1 सांसद, बिरला के प्रति जताया आभार

■ सदन की प्रतिष्ठा, गरिमा और मर्यादा को बनाए रखने के लिए सत्ता पक्ष-विपक्ष के बीच हुई तीखी नोकझोंक



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को विपक्ष के 8 सांसदों का निलंबन रद्द कर दिया है। जिसके बाद इस सूची में शामिल कांग्रेस के 7 और सीपीआई (एम) के 1 सांसद में से कुछ ने कार्रवाई में भाग लेने के लिए सदन में प्रवेश किया और उसके साथ ही लोकसभा अध्यक्ष के चैंबर में जाकर उनसे मुलाकात की व इस निर्णय को लेकर अपनी ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया। वहीं, इस पूरी प्रक्रिया के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी तकरार भी देखने को मिली। दरअसल यह मामला सदन में प्रश्नकाल के तुरंत बाद दोपहर 12 बजे सदन में उठा। कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद के.सुरेश ने इस संबंध में सरकार से सदन में एक संकल्प पेश करने का ▶▶ शेष पेज 5 पर

सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

## दत्तक मां को भी 12 हफ्ते तक मिल सकेगी 'मैटरनिटी लीव'



अब किसी भी उम्र के बच्चे को गोद लेने वाली महिलाओं को मैटरनिटी लीव मिलेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक कानूनी प्रावधान को असंवैधानिक घोषित कर दिया। यह प्रावधान गोद लेने वाली माताओं के लिए मैटरनिटी लीव (मातृत्व अवकाश) को सिर्फ़ उन माताओं तक सीमित रखता था, जो तीन महीने से कम उम्र ▶▶ शेष पेज 5 पर

### पैटरनिटी लीव पर भी नीति बनाने पर विचार करे सरकार

*सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से यह भी कहा कि वह एक सामाजिक कल्याण उपाय के तौर पर पैटरनिटी लीव (पितृत्व अवकाश)* ▶▶ शेष पेज 5 पर

40 हज़ार आदिवासी छात्रों को बड़े सपने देखने की प्रेरणा देने वाली....

## नीता एम. अंबानी, केआईएसएस ह्यूमैनिटेरियन अवार्ड 2025 से सम्मानित




भुवनेश्वर, 17 मार्च 2026। रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक और अध्यक्ष नीता एम. अंबानी को कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (केआईएसएस) परिसर में प्रतिष्ठित (केआईएसएस) ह्यूमैनिटेरियन अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया।

श्रीलंका के नोबेल पुरस्कार विजेता मोहन मुनासिंघे ने केआईआईटी, केआईएसएस एवं केआईएमएस के संस्थापक डॉ. अच्युत सामंत की उपस्थिति में उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया। यह पुरस्कार श्रीमती अंबानी की उत्कृष्ट मानवीय पहलों और रिलायंस फाउंडेशन के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, ग्रामीण परिवर्तन, महिला सशक्तिकरण और खेल प्रोत्साहन के क्षेत्र में सामाजिक विकास में उनके महत्वपूर्ण योगदान को मान्यता देता है।

अपने प्रेरणादायी संबोधन में आदिवासी बच्चों को संबोधित करते हुए श्रीमती नीता एम. अंबानी ने कहा, "जो कुछ हमारे बेटे कर सकते हैं, वही हमारी बेटियां भी कर सकती हैं, बेटों और बेटियों में कोई अंतर नहीं है।" उन्होंने कहा, "हमेशा याद रखें कि आज आप जहां हैं, वह आपकी शुरुआत है, मंजिल नहीं। आप कितनी दूर तक जाएंगे, यह आपके सपनों, आपकी मेहनत और आगे बढ़ते रहने के साहस से तय होगा।" उन्होंने आदिवासी बच्चों पर विश्वास जताते हुए कहा, "मुझे पूरा विश्वास है कि भारत का भविष्य अत्यंत उज्ज्वल है।"

डॉ. सामंत द्वारा 2008 में शुरू किया गया केआईएसएस ह्यूमैनिटेरियन अवार्ड दुनिया भर में मानवीय सेवा की भावना को दर्शाने वाले व्यक्तियों और संगठनों को सम्मानित करता है। इस पुरस्कार में प्रशस्ति-पत्र और गोल्ड प्लेटिड ट्रॉफी शामिल होती है।

पिछले वर्षों में यह पुरस्कार विश्व के प्रतिष्ठित नेताओं, नोबेल पुरस्कार विजेताओं और विभिन्न महाद्वीपों की विशिष्ट हस्तियों को प्रदान किया गया है। पूर्व में यह सम्मान रतन टाटा, पूज्य दलाई लामा और अनिरुद्ध जगन्नाथ सहित कई अन्य हस्तियों को दिया जा चुका है।

केआईएसएस दुनिया का सबसे बड़ा आदिवासी विश्वविद्यालय है, जहां लगभग 80,000 आदिवासी बच्चों को किंडरगार्टन से लेकर स्नातकोत्तर स्तर तक निःशुल्क शिक्षा, आवास और समग्र विकास की सुविधा प्रदान की जाती है।

ज्ञातव्य है कि रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की परोपकारी शाखा, रिलायंस फाउंडेशन, नवोन्मेषी और टिकाऊ समाधानों के माध्यम से भारत की विकास संबंधी चुनौतियों का समाधान करने में उत्प्रेरक भूमिका निभाने का लक्ष्य रखती है। संस्थापक और अध्यक्ष श्रीमती नीता एम अंबानी के नेतृत्व में, रिलायंस फाउंडेशन सभी के समग्र कल्याण और जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए निरंतर काम कर रही है, जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण परिवर्तन, शिक्षा, स्वास्थ्य, विकास हेतु खेल, आपदा प्रबंधन, महिला सशक्तिकरण, शहरी नवीकरण और कला, संस्कृति और विरासत जैसे क्षेत्रों में योगदान देना है। इसने भारत भर में 91,500 से अधिक गांवों और शहरी क्षेत्रों में 8.8 करोड़ से अधिक लोगों के जीवन में खुशहाली लाने का अभिनव प्रयास किया है।

### नंदीग्राम से सुवेंदु को दिया टिकट तो ममता ने बदल ली अपनी सीट



**कोलकाता।** मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने अपने लिए नंदीग्राम की जगह भवानीपुर से टीएमसी की उम्मीदवार होंगी। पिछले विस चुनाव में नंदीग्राम में ममता बेनर्जी और सुवेंदु अधिकारी के बीच कांटे की टक्कर हुई थी। 2021 विधानसभा चुनाव के नतीजों में टीएमसी ने भले ही 213 सीटें जीतकर सत्ता की हैट्रिक लगाई हो और भाजपा को 77 सीटों से संतोष करना पड़ा हो।

## प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु ने श्रद्धासुमन अर्पित किए



### भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की बिटिया के निधन पर शोक संवेदनाएं जताईं



*भोपाल। हरिभूमि व आईएनएच न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने मंगलवार को भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के बैतूल स्थित निवास पर पहुंचकर उनकी बिटिया के निधन पर अपनी शोक संवेदनाएं जताईं और परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति देने के लिए ईश्वर से प्रार्थना* ▶▶ शेष पेज 5पर

विधानसभा से पारित होने जल्द रखा जाएगा पटल पर

## उत्तराखंड के बाद गुजरात यूसीसी लागू करने वाला बनेगा दूसरा राज्य, विशेषज्ञ समिति ने सौंपी रिपोर्ट

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

गुजरात सरकार द्वारा गठित पांच सदस्यीय विशेषज्ञ समिति ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का मसौदा मंगलवार को राज्य सरकार को सौंप दिया। अब जल्द विधानसभा के द्वारा इसे कानूनी जामा पहनाया जायेगा। यूसीसी कानून को उत्तराखंड के बाद लागू करने वाला गुजरात दूसरा राज्य बन जाएगा। सूबे की सरकार के समिति फरवरी 2025 में यूसीसी की आवश्यकता का आकलन करने के लिए बनाई गई थी। समिति की अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट की सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना देसाई कर रही हैं। सूत्रों के मुताबिक, यह मसौदा काफी हद तक उत्तराखंड में लागू यूसीसी कानून के आधार पर तैयार किया गया है और इसे गुजरात विधानसभा के बजट सत्र में पेश किया जा सकता है। यदि यह कानून पारित होता है, तो गुजरात, उत्तराखंड के बाद। यूसीसी लागू करने वाला देश का दूसरा राज्य बन जाएगा। सरकार का मानना है कि इस कानून का मुख्य उद्देश्य ▶▶ शेष पेज 5 पर

■ गुजरात में यूसीसी लागू होने के बाद राष्ट्रीय स्तर पर होगी तैयारी

### मसौदा कानून को 3 भागों में बांटा गया है -

▶▶ 1. विवाह और तलाक
▶▶ 2. उत्तराधिकार (सक्सेशन), और
▶▶ 3. लिव-इन रिलेशनशिप

### सभी धर्मों में एक विवाह (मोनोगैमी) अनिवार्य करने का प्रावधान

▶▶ यूसीसी कानून बना तो ऐसे होगा लागू
▶▶ बहुविवाह पर प्रतिबंध
▶▶ लिव-इन संबंधों का अनिवार्य पंजीकरण
▶▶ महिलाओं को संपत्ति में समान अधिकार ▶▶ शेष पेज 5 पर

### व्यापक परामर्श के बाद तैयार मसौदा

*समिति ने विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों, राजनीतिक दलों और अन्य हितधारकों से व्यापक चर्चा की। राज्य के सभी जिलों में जनसुनवाई भी आयोजित की गई।*

### समिति के अन्य सदस्य

*समिति में पूर्व आईएएस अधिकारी सी.एल. मीणा, अधिवक्ता आर.सी. कोडेकर, शिक्षाविद् दक्षेश ठाकेर और सामाजिक कार्यकर्ता गीताबेन श्रॉफ भी शामिल हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि उत्तराखंड का यूसीसी कानून अन्य राज्यों के लिए मॉडल बन सकता है और भविष्य में केंद्र सरकार भी राष्ट्रीय स्तर पर इस दिशा में कदम उठा सकती है।*

**खबर संक्षेप**



### सुल्तानपुरी में शख्स की चाकू मारकर हत्या

**नई दिल्ली।** सुल्तानपुरी थाना इलाके में एक शख्स की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर दो नाबालिग समेत चार आरोपियों को पकड़ने का दावा किया है। पुलिस के अनुसार सुल्तानपुरी थाने को संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल से मंगलवार को कॉल मिली। यह कॉल राजिंदर (40) पुत्र पदम सिंह, निवासी ई-1/241, सुल्तानपुरी के एमएलसी नंबर 7020/26 के संबंध में थी। राजिंदर को चाकू से वार की चोट के साथ अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस संबंध में सुल्तानपुरी थाने में धारा 103(1) बीएनएस के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। जांच के दौरान दो नाबालिगों समेत चार आरोपियों को पकड़ा गया है। दो आरोपियों के नाम राज (23) निवासी मकान नंबर 18, गली नंबर 7, रतन विहार, सुल्तानपुरी और करण (23) निवासी मकान नंबर एफ-2-171, हनुमान मंदिर के पीछे, सुल्तानपुरी है। इस हमले में राज भी घायल हुआ है। उसका सफदरजंग अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### महिला पर हमला कर सोने की चूड़ी लूटी

**नई दिल्ली।** शाहदरा जिले के कृष्णा नगर में मंगलवार सुबह एक महिला पर हमला कर उनसे सोने की चूड़ी लूट ली गई। इस दौरान महिला को मामूली चोटें भी आई है। वारदात को दो बाइकों पर सवार चार लोगों ने अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार घटना सुबह लगभग 7:15 बजे की विजय चौक, कृष्णा नगर में हुई। दरअसल महिला अपनी बेटी को स्कूल बस में छोड़ने के बाद स्कूटी से निकलने ही वाली थी कि दो मोटरसाइकिलों पर सवार, हेलमेट पहने हुए चार अज्ञात व्यक्ति उनके पास पहुंचे। आरोपियों में से एक ने किसी भारी चीज से उन पर वार किया और उसकी सोने की एक चूड़ी लूट ली। कृष्णा नगर थाने में धारा 309(4), 309(6), 3(5) बीएनएस, 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# रूप नगर में नाले का पुल ढहने से एक महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उत्तरी दिल्ली के रूप नगर इलाके में एक नाले के ऊपर बने 60 फुट लंबे लोहे के पुल के ढह जाने से मंगलवार को एक महिला की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि पुल को पहले ही असुरक्षित घोषित कर दिया गया था और अवरोधक लगाकर इसे आम लोगों के आवागमन के लिए बंद किया हुआ था। स्थानीय लोगों ने बताया कि वह महिला अक्सर पुल के एक छोर पर बैठी रहती थी और ऐसा प्रतीत होता है कि वह भीख मांगकर जीवनयापन करती होगी।

पुलिस ने बताया कि पुल ढहने की सूचना पीसीआर के जरिए सुबह करीब 9:28 बजे प्राप्त हुई, जिसके बाद पुलिस और आपातकाल दल मौके पर पहुंचे। पुल नीचे नाले में गिर गया था। बचाव कर्मियों ने महिला का शव बरामद किया। मृतका की उम्र लगभग 50 वर्ष बताई जा रही है। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस), एनडीआरएफ और दिल्ली पुलिस ने समन्वित बचाव अभियान चलाया। दमकल वाहनों को भी अभियान में लगाया गया था। वीडियो में बचावकर्मियों को टूटे हुए पुल से रस्सियों की मदद से नीचे उतरकर नाले तक पहुंचने और महिला को ढूंढते हुए देखा जा सकता है। पुलिस ने बताया कि महिला की पहचान सुनिश्चित करने के प्रयास जारी हैं। पुलिस ने बताया कि यह पुल सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग का था और इसे पहले ही असुरक्षित घोषित कर दिया गया था। पुल पर अवरोधक लगा दिए गए थे और इसे आम जनता के लिए बंद कर दिया गया था। हालांकि, चेतावनियों के बावजूद लोग इसका इस्तेमाल करते रहे।



#### महिला की मौत के लिए सीधे तौर पर सरकार जिम्मेदारः यादव

नई दिल्ली। कमला नगर के नजदीक रूप नगर नाले पर बनी पुलिया टूटन से हुई महिला की मौत पर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि इसके लिए सीधे तौर पर भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार जिम्मेदार है। यादव ने मांग की है कि सरकार की लापरवाही के कारण लोहे का पुल टूटने से मृत महिला के परिवार वालों को दिल्ली सरकार तुरंत 50 लाख का मुआवजा दे। उन्होंने कहा कि दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार की लापरवाही के कारण लगातार मौत होना चिंता का विषय है। भाजपा के शासन में नालों में गिरकर, गड्डों में गिरकर, टूटी सड़कों पर गिरकर, पानी में डूबने के हादसे में मरने की घटनाएं अब आम बात हो चुकी है। पिछले एक दशक से भी अधिक समय से लोगों के लिए दिल्ली असुरक्षित बन चुकी है।

#### 48 घंटे में रिपोर्ट देगी तीन सदस्यीय समिति

**नई दिल्ली।** रूप नगर में फुट ओवरब्रिज गिरने की घटना को गंभीरता से लेते हुए दिल्ली के सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने घटना की जांच के लिए 3 सदस्यीय समिति के गठन के निर्देश दिए हैं, जो 48 घंटे के भीतर अपनी विस्तृत रिपोर्ट सौंपेगी। मंत्री प्रवेश ने कहा कि गठित समिति पूरे मामले की जांच करेगी, जिसमें पुल की स्थिति और घटना के कारणों का अध्ययन शामिल होगा। रिपोर्ट के आधार पर जिम्मेदारी तय की जाएगी और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त, मंत्री ने निर्देश दिए हैं कि दिल्ली में इस प्रकार के सभी लोहे के फुट ओवरब्रिज का व्यापक स्ट्रक्चरल ऑडिट कराया जाए, ताकि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। उन्होंने यह भी दोहराया कि जन सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। घटना से संबंधित अन्य विवरण जुटाए जा रहे हैं और भविष्य में ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए आसपास की समान संरचनाओं का व्यापक निरीक्षण भी किया जाएगा। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार यह पुल लगभग 33 वर्ष पुराना था और समय के साथ इसकी संरचना काफी कमजोर हो चुकी थी। मार्च 2025 में किए गए निरीक्षण के दौरान इसे असुरक्षित पाया गया था। इसके बाद जुलाई 2025 में इस पुल को आम जनता के उपयोग के लिए बंद कर दिया गया था और आवश्यक प्रतिबंध लगाए गए थे। इसके बावजूद कुछ लोगों द्वारा इसका उपयोग किया जा रहा था। घटना के समय एक महिला पुल पर मौजूद थी और वह नीचे नाले में गिर गई। बचाव दल ने कार्रवाई करते हुए उसे नाले से बाहर निकाला, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। दिल्ली फायर सर्विस, दिल्ली पुलिस और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) के कर्मियों ने समन्वय के साथ राहत एवं बचाव कार्य को अंजाम दिया। किसी भी अन्य दुर्घटना को रोकने और स्थिति को नियंत्रित रखने के लिए पूरे क्षेत्र को घेर लिया गया है। उन्होंने कहा कि यह एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना है।

## रील बनाने के दौरान दुर्घटनावश गोली चलने से प्रॉपर्टी डीलर की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली के न्यू अशोक नगर में पिस्टल में गोली भरने की रील बनाने के दौरान एक 'प्रॉपर्टी डीलर' की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि पवन कुमार ने रील बनाते समय गलती से पिस्टल अपने सीने पर चला दी, जिससे उसकी मौत हो गई। यह रील उसका रिश्ते का भाई हिमांशु रिकॉर्ड कर रहा था।

पुलिस के अनुसार दल्लूपुरा गांव वासी पवन प्रॉपर्टी डीलर था और उसने पहली बार हिमांशु की लाइसेंसी पिस्टल पकड़ी थी। 16 मार्च को न्यू अशोक नगर थाने को वसंधुरा एन्क्लेव में स्थित धर्मशिला अस्पताल से सूचना मिली कि एक व्यक्ति को गोली लगने से घायल होने के बाद भर्ती कराया गया है। अस्पताल पहुंचने पर पता चला कि दल्लूपुरा गांव के निवासी पवन कुमार को सीने के बाई ओर गोली लगी थी और उसे अचेत अवस्था में वहां भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि गोली चलाए जाने के दौरान हिमांशु वीडियो रिकॉर्ड कर रहा था, हालांकि ऐसा प्रतीत होता है कि उसे पवन के इरादों की जानकारी नहीं थी। सोशल मीडिया पर वायरल हुए घटना के वीडियो में पवन को लाइसेंसी पिस्टल में गोली डालते देखा जा सकता है, जबकि हिमांशु उसे पिस्टल में गोली भरने के तरीके के बारे में बता रहा है और गोली न चलाने की चेतावनी देते हुए सुनाई दे रहा है। कुछ ही पल बाद पवन ने पिस्टल को अपने सीने के बाई ओर रखा और फिर गोली चला दी, जिसके बाद वह जमीन पर गिर पड़ा। वीडियो में दिख रहा है कि इससे हैरान हिमांशु ने कहा, ये क्या कर दिया तुमने? पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला कि पिस्टल हिमांशु की है। वीडियो रिकॉर्ड करने के लिए इस्तेमाल किया गया मोबाइल फोन, पिस्टल और 10 कारतूस जब्त कर लिए गए हैं। साथ ही घटनास्थल से संबंधित साक्ष्य भी एकत्रित कर लिए गए हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस ने इस संबंध में न्यू अशोक नगर थाने में भारतीय न्याय संहिता और शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।

## सरकारी अधिकारी बनकर यात्रियों को लूटने वाले तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ रेलवे स्टेशन के पास देते थे वारदात को अंजाम

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के पास सरकारी अधिकारी बनकर भोले-भाले यात्रियों को ठगने और लूटने वाले गिरोह के तीन बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के नाम फतेहपुर बेरी निवासी ऑटो चालक कृष्ण कुमार (50), राहुल गुप्ता (32) और आगरा निवासी रवि कुमार (50) बताये गये हैं।

पुलिस ने बताया कि गिरोह ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन और आसपास के इलाकों में सार्वजनिक परिवहन का इंतजार कर रहे यात्रियों को निशाना बनाया तथा खुद को सुरक्षा सत्यापन करने वाले अधिकारी के रूप में पेश किया। कृष्ण अपने ऑटो में पीड़ितों को बिठाता था। राहुल उनका विश्वास जीतने के लिए सह-यात्री होने का नाटक करता था, जबकि कथित सरगना रवि कुमार एक सरकारी अधिकारी होने का नाटक करते हुए फर्जी सत्यापन करता था। जांच के बहाने आरोपी पीड़ितों से नकदी और एटीएम कार्ड ले लेते थे। पिन पूछकर और मूल कार्ड को एक लिफाफे में रखे गए नकली कार्डों से बदल देते थे, जिसे पीड़ितों को घर पहुंचने के बाद ही खोलने के लिए कहा जाता था। पुलिस ने बताया कि गिरोह चोरी किए गए कार्ड का इस्तेमाल करके पैसे निकालता था। कमला मार्केट थाने में 12 मार्च को पीसीआर के जरिए लूट की सूचना प्राप्त हुई थी, जिसके बाद यह मामला सामने आया। फरीदाबाद निवासी शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि वह बिहार के दरभंगा से दिल्ली पहुंचा था और टैगोर रोड कट के पास बस का इंतजार कर रहा था। तभी एक ऑटो चालक उसके पास आया और उसे बदरपुर तक लिफ्ट देने की पेशकश की। यात्रा के दौरान दो और व्यक्ति ऑटो में सवार हुए, जिनमें से एक ने खुद को सरकारी अधिकारी बताया और सुरक्षा सत्यापन के बहाने शिकायतकर्ता के सामान की जांच शुरू कर दी। आरोपी ने पीड़ित से 13 हजार रुपये नकद और एटीएम कार्ड ले लिया तथा उसे एक लिफाफा सौंपते हुए दावा किया कि उसका सामान उसके अंदर है। शिकायतकर्ता को बाद में पता चला कि सामान गायब है और फिर उसे पता चला कि उसके खाते से 52 हजार रुपये निकाल लिए गए हैं।

## छह साल की बच्ची को पड़ोसी ने बनाया हवस का शिकार



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

द्वारका जिले के छावला थाना अंतर्गत छह साल की बच्ची से बलात्कार का मामला सामने आया है। आरोपी पीड़ित बच्ची के पड़ोस का रहने वाला शख्स बताया गया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। मामला बलात्कार और पोक्सो एक्ट की धाराओं में दर्ज किया गया है।

डीसीपी कुशल पाल सिंह के अनुसार बच्ची की उम्र लगभग 06 वर्ष है और वह अपने परिवार के साथ इलाके में ही रहती है। पीड़ित बच्ची के बयान के अनुसार वह अपनी छोटी बहन के साथ स्कूल के पास खेल रही थी, तभी एक परिचित व्यक्ति (पास में रहने वाला एक अंकल) आया और उसे अपनी दुकान पर ले गया, जहां उसने बच्ची के साथ अनुचित हरकतें की। आरोपी ने किसी को कुछ बताने पर उसे धमकाया भी था। पीड़िता ने ये बातें अपनी मां को बताई, जिन्होंने आगे एक रिश्तेदार को इस बारे में जानकारी दी। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। कानून की उचित प्रक्रिया का पालन करते हुए तुरंत मामला दर्ज कर लिया गया। धारा 65(2) बीएनएस और 6 पोक्सो अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। तेजी से कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया गया है।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 84 BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **जोनी पुत्रः रतन कुमार, पताः** के–641, जहाँगीर पुरी, दिल्ली, **FIR No. 535/15, U/s 279/338 IPC,** थानाः मुखर्जी नगर, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि इन्होनें किया है) और इन पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जोनी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जोनी** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 535/15, U/s 279/338 IPC,** थानाः मुखर्जी नगर, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **जोनी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.05.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री अमरदीप कौर, एलडी.**
**एसीजेएम (उ0)**
**कमरा नं. 117, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/3294/NW/2026**
**(Court Matter)**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr. P.C देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया नामः **अनिल त्रिपाठी, पुत्रः शिव धर त्रिपाठी, निवासीः डब्लूई-9, रामा पार्क रोड, मोहन गार्डन, उत्तम नगर, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) इसके विरूद्ध **FIR No.647/2020 Dt.31.07.2020 U/S 498A/406/506/34 IPC** के तहत एक मामला **थाना हर्ष विहार, उत्तर पूर्वी जिला, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि अभियुक्त **अनिल त्रिपाठी** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **अनिल त्रिपाठी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा है कि **FIR No.647/2020 Dt.31.07.2020 U/S 498A/406/506/34 IPC, थाना हर्ष विहार, उत्तर पूर्वी जिला, दिल्ली** के अभियुक्त उक्त **अनिल त्रिपाठी** को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए **दिनांक 25.04.2026** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

**आदेशानुसार, सुश्री निधि बाला**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (महिला न्यायालय-03)**
**शाहदरा जिला, कमरा संख्या-08**
**द्वितीय मंजिल, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/3399/NE/2026**
**(अदालती मामला)**

## एलजी संधू ने पुलिस आयुक्त संग की कानून व्यवस्था की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने मंगलवार को दिल्ली पुलिस के आयुक्त सतीश गोलचा और अन्य स्पेशल आयुक्तों के साथ मुलाकात की। इस मौके पर दिल्ली पुलिस ने एलजी को राजधानी की सुरक्षा व्यवस्था आदि के बारे में जानकारी प्रदान की। एलजी ने समीक्षा के बाद पुलिस के प्रयासों और चुनौतियों की सराहना करते हुए सुरक्षा व्यवस्था आदि को लेकर नए दिशा निर्देश जारी किए। लोक निवास सचिवालय से प्राप्त जानकारी अनुसार पुलिस आयुक्त सहित सभी अधिकारियों को एलजी ने कहा कि दिल्ली देश की राजधानी है जहां सुरक्षा व्यवस्था एक बड़ा मुद्दा है। इसलिए राजधानी में सुरक्षा को लेकर चुनौतियां कहीं अधिक है। लेकिन यह हमारी जिम्मेदारी बनती है कि इन चुनोतियों का सामना करें और लोगों को सुरक्षित माहौल देने में जुटे रहें। एलजी ने पुलिसिंग को और अधिक बेहतर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। ताकि दिल्ली को सुरक्षित और महफूज़ बनाया जा सके,जो राजधानी की गरिमा और भारत के बढ़ते वैश्विक नेतृत्व के अनुरूप और पीएम मोदी के विज़न के मुताबिक हो। बता दें कि 11 मार्च 2026 पद संभालने के बाद से एलजी संधू सभी विभागों के आला अधिकारियों से मिलकर समीक्षा और जरूरी दिशा निर्देश दे रहे है।

## दिल्ली के राज्य बनने की 75वीं वर्षगांठ, 'जख्मों से जूझती दिल्ली, उम्मीदें जिंदा हैं' पुस्तक का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के राज्य बनने और पहली विधानसभा के गठन की 75वीं वर्षगांठ के ऐतिहासिक अवसर पर शहरी मामलों के विशेषज्ञ जगदीश ममगांई की नई पुस्तक 'जख्मों से जूझती दिल्ली, उम्मीदें जिंदा हैं' का मंगलवार को विमोचन किया गया। इस दौरान दिल्ली की प्रशासनिक जटिलताओं, ऐतिहासिक संघर्षों और वर्तमान चुनौतियों पर गंभीर विमर्श हुआ। प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में ममगई के अलावा कई नामी गिरामी हस्तियां मौजूद थी। एकीकृत दिल्ली नगर निगम की निर्माण समिति के पूर्व अध्यक्ष जगदीश ममगांई ने पुस्तक के माध्यम से दिल्ली के शासन मॉडल पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली बस कहने को प्रदेश है, लेकिन इसका प्रशासन केंद्र, राज्य और स्थानीय निकाय की त्रिश्रेणी में फंसा हुआ है। दिल्ली विधानसभा के पास उन विषयों पर भी विधायी संप्रभुता नहीं है जिस पर वह कानून बनाने में सक्षम है। गैर-आरक्षित विषयों पर भी उपराज्यपाल की पूर्व अनुमति अनिवार्य है, बिना भूमि, कानून-व्यवस्था और सर्विसेज के नियंत्रण के कोई भी शासन प्रभावी नहीं हो सकता। ममगांई ने कहा कि दिल्ली में बहु निकायों का दखल है पर जवाबदेही किसी की नहीं है। दिल्ली सर्वाधिक प्रदूषित शहरों में है, हालांकि दिल्ली का अपना कुछ भी नहीं है न मौसम, न प्रदूषण, न जनसंख्या। दिल्ली पर केंद्र सरकार का अंकुश तो है लेकिन 20 किलोमीटर लंबी मुनक नहर का रखरखाव, सुरक्षा और आईटीओ बैराज का रखरखाव हरियाणा सरकार के पास है। दिल्ली में पीने के पानी की आपूर्ति में कमी के साथ बाढ़ की स्थिति के लिए भी हरियाणा की भूमिका है. प्रदूषण के मामले में तो हरियाणा के साथ पंजाब व राजस्थान तक का योगदान रहता है। ममगई ने कहा कि जो पार्टियां विपक्ष में रहते हुए पूर्ण राज्य के दर्जे की हुंकार भरती हैं, सत्ता में आते ही वे दिल्ली पर अपना नियंत्रण बनाए रखने के लिए इस मांग को ठंडे बस्ते में डाल देते हैं।

**हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग**
**बेज नं. 67–70, सेक्टर–2, पंचकूला–134151**
**फोन नं. 0172–2586501, वेबसाइट : www.hssc.gov.in**

**एमपीएचडब्ल्यू के लिए सार्वजनिक सूचना विज्ञा. सं. 04/2026**

यह उन उम्मीदवारों की जानकारी के लिए है, जो विज्ञा. सं. 04/2026, ग्रुप नं. 1, श्रेणी सं. 3 के तहत एमपीएचडब्ल्यू (एम) के पद के लिए आवेदन कर रहे हैं। मैमो नं. डीएमईआर/एफ–03/पार्ट फाइल/ एमपीएचडब्ल्यू (एम)/ 2026/ 2617 दिनांक 17.02.2026 के तहत चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग, हरियाणा से प्राप्त स्पष्टीकरण के आधार पर, आयोग ने निर्णय लिया है कि एमपीएचडब्ल्यू(एम) उम्मीदवार जिनके डीएमसी/डिप्लोमा प्रमाण–पत्र उनके डीएमसी/डिप्लोमा प्रमाण–पत्र में परिणाम की तिथि का उल्लेख किये बिना वर्ष 2014 में आयोजित परीक्षा, बैच 2012–13 के लिए जारी किये गये थे, ऐसे उम्मीदवार अपने ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में 01 दिसम्बर 2014 भर सकते हैं। यह स्पष्ट किया जाता है कि यह जानकारी केवल उन उम्मीदवारों के लिए है जिनके प्रमाण–पत्र 30.05.2014 से पूर्व आयोजित परीक्षा की तिथि के बिना जारी किए गए थे।

**स्थान : पंचकूला** — **हस्ता/– अवर सचिव,**
**दिनांक : 16.03.2026** — **कृते सचिव, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग**
संवाद–1159/13/703/2026/43910/88/7 दि. 17.03.26 — **पंचकूला**

### 62 एलपीजी सिलेंडर जब्त

# एलपीजी गैस की अवैध बिक्री के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के जामिया नगर इलाके में कथित तौर पर अवैध रूप से एलपीजी सिलेंडर बेचने के आरोप में 28 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है और उसके कब्जे से 62 सिलेंडर तथा परिवहन में इस्तेमाल एक वाहन बरामद किया गया। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान शाहनवाज के रूप में हुई है, जिसे सोमवार को यमुना पुस्ता क्षेत्र में नियमित गश्त के दौरान पकड़ा गया था। उन्होंने बताया कि पुलिस की एक टीम ने शाहनवाज को एलपीजी सिलेंडरों से लदे एक टेम्पो के पास खड़े होकर उन्हें बेचते देखा। पूछताछ करने पर वह सिलेंडरों की बिक्री के लिए कोई वैध लाइसेंस या प्राधिकरण प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने बताया कि वाहन से कुल 62 एलपीजी सिलेंडर (48 भरे हुए और 14 इस्तेमाल किए हुए) बरामद किए गए और वाहन को भी जब्त कर लिया गया। प्रारंभिक जांच में आरोपी ने खुलासा किया कि वह अधिक मुनाफा कमाने के लिए बिना रसीद दिए स्थानीय लोगों को सिलेंडर बेच रहा था। उसने यह भी बताया कि वह मुकेश नामक एक अन्य व्यक्ति के साथ मिलीभगत कर काम कर रहा था, जो सिलेंडरों की व्यवस्था करता था। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम तथा भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस सह-आरोपी मुकेश की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है और मामले की जांच जारी है।

### सड़क हादसे में स्थायी रूप से अशक्त हुए व्यक्ति को एक करोड़ 52 लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण ने 2022 में एक सड़क दुर्घटना के बाद स्थायी रूप से शत प्रतिशत अशक्त हुए एक व्यक्ति को 1.52 करोड़ रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है। पीठासीन अधिकारी सुदीप राज सैनी ने यह आदेश भरत घई की ओर से दायर एक दावा याचिका की सुनवाई के दौरान दिया। घई 11 फरवरी, 2022 को एक तेज रफ्तार कार की चपेट में आ गए थे जिससे उनके सिर में गंभीर चोटें आई थीं। न्यायाधिकरण ने 16 मार्च के एक आदेश में कहा, ''संभावनाओं की प्रबलता के आधार पर यह सिद्ध हो चुका है कि सुनवाई के लिए आई दुर्घटना प्रतिवादी संख्या 1 (कार चालक) द्वारा संचालित और स्वामित्व वाले मोटर वाहन (चालक) की लापरवाही और तेज गति के कारण हुई, जिससे याचिकाकर्ता को चोटें आईं।' न्यायाधिकरण ने पाया कि दुर्घटना के कारण उनके मस्तिष्क में चोट लगी, जिसकी वजह से वह घटना के बाद से बिस्तर पर पड़े हैं और कोमा की स्थिति में हैं। न्यायाधिकरण ने कहा, ''याचिकाकर्ता अपनी दैनिक आवश्यकताओं और चिकित्सा देखभाल के लिए पूरी तरह से दूसरों पर निर्भर है। इसलिए, यह स्पष्ट है कि याचिकाकर्ता को अपने पूरे जीवन में कम से कम एक पूर्णकालिक परिचारक की सेवाओं की आवश्यकता होगी।'' चालक के कानूनी प्रतिनिधियों के इस बचाव को खारिज करते हुए कि वाहन दुर्घटना में शामिल नहीं था, न्यायाधिकरण ने प्राथमिकी, आरोप पत्र, मेडिकल रिकॉर्ड और प्रत्यक्षदर्शी की गवाही पर भरोसा करते हुए यह निष्कर्ष निकाला कि दुर्घटना लापरवाही से वाहन चलाने के कारण हुई थी। न्यायाधिकरण द्वारा प्रदत्त कुल मुआवजे में अन्य मदों के अलावा भविष्य की कमाई के नुकसान के लिए करीब 52 लाख रुपये और अस्पताल में भर्ती होने के खर्च के लिए करीब 54 लाख रुपये की राशि शामिल है।

**हरियाणा सरकार** — **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद, पंचकूला (एचएसएसपीपी) | डीईई के तहत महेन्द्रगढ़ जिले में जीएमएस धोली में चारदिवारी की मरम्मत और 1 कन्या शौचालय, 1 लड़कों का शौचालय का निर्माण, जीपीएस कुकसियांद में चारदिवारी को ऊपर उठाना, जीपीएस सिगरा में चारदिवारी को ऊपर उठाना, जीपीएस अनावास में नई चारदिवारी का निर्माण। (सी.एम. घोषणा सं. 28508, 28511, 28509 और 28514) (केवल समितियों के लिए) समय सीमा :– 4 माह + 11 कार्य (महेन्द्रगढ़, पलवल, रेवाड़ी)। | 12.03.2026 20.03.2026 | रु.6,10,71,395/- | www.hsspp.in | 9463239081 civilbranchssa4@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/60/43926/I/88/7 दि. 17.03.26

### निर्मल छाया में आयोजित 'नारी उत्सव' कार्यक्रम में शामिल हुईं रेखा गुप्ता

# मुख्यमंत्री ने आफ्टर केयर होम, बालिका गृह और बाल निकेतन का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को निर्मल छाया कॉम्प्लेक्स में आयोजित 'नारी उत्सव' कार्यक्रम में सम्मिलित हुईं और उन्होंने इस दौरान निर्मल छाया परिसर में आफ्टर केयर होम, बालिका गृह और बाल निकेतन का निरीक्षण किया और वहां उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि वहां रहने वाली महिलाओं और बच्चों को उच्च गुणवत्ता की देखभाल, सुरक्षा और सुविधाएं मिल रही है।

साथ ही उन्होंने बच्चों से संवाद कर उन्हें बैग एवं अन्य आवश्यक सामग्री वितरित की। उन्होंने सुरक्षा, पोषण एवं देखभाल से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने संकल्प हब का निरीक्षण किया, जहां मिशन शक्ति के अंतर्गत महिलाओं की सुरक्षा, जागरूकता और सशक्तिकरण से जुड़ी गतिविधियों को प्रदर्शित किया गया। साथ ही उन्होंने सेल्फ हेल्प ग्रुप द्वारा संचालित 'महिला हाट' का अवलोकन किया, जहां स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री के साथ 'श्री अन्न (मिलेट्स)' पर आधारित पौष्टिक व्यंजनों का प्रदर्शन किया गया।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कर्तव्य, निस्वार्थ समर्पण और सेवा के माध्यम से समाज एवं राष्ट्र का मार्ग प्रशस्त करने वाली सम्पूर्ण नारी शक्ति को वह नमन करती हैं। आज महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं और देश को 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य की ओर अग्रसर कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने महिला एवं बाल विकास विभाग की अनेक पहलों का शुभारंभ एवं अवलोकन किया और महिलाओं तथा बच्चों के समग्र सशक्तिकरण के प्रति दिल्ली सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नारी शक्ति आज ग्रामीण उद्योगों से लेकर कॉर्पोरेट जगत, राजनीति से लेकर सेना तक हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रही है। इसी दृष्टि के अनुरूप दिल्ली सरकार भी महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। मुख्यमंत्री ने महिला सशक्तिकरण के तीन प्रमुख स्तंभों सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि हर बेटी और बहन को सुरक्षित वातावरण मिलना चाहिए, किसी भी परिस्थिति में उसके सम्मान को ठेस नहीं पहुंचनी चाहिए, और हर महिला को अपने पैरों पर खड़े होकर आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलना चाहिए। मुख्यमंत्री ने डब्ल्यूसीडी-डीएसईयू के तहत प्रशिक्षित महिलाओं से संवाद किया और मंगलवार से 10 स्थानों पर शुरू हुई एसएचजी द्वारा संचालित कैंटीनों की सराहना करते हुए इसे महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने वाला एक सशक्त मॉडल बताया।

## आप नेताओं ने वजीरपुर हत्याकांड के पीड़ित परिवार से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल मंगलवार को वजीरपुर हत्याकांड के पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उनका दुख साझा किया। सौरभ भारद्वाज ने पीड़ति परिवार को भरोसा दिया कि आम आदमी पार्टी उनके साथ खड़ी है और हर संभव मदद करेगी। उन्होंने कहा कि तीन छोटी बच्चियां बिना बाप के रह गई, चाचा घायल है। घर में शादी थी और हत्या हो गई। वजीरपुर के पूरे इलाके में ड्रग माफिया की दहशत है। उन्होंने कहा कि हम पुलिस से मांग करते हैं कि पीड़ति परिवार को तत्काल सुरक्षा दी जाए और फरार आरोपियों की गिरफ्तार किया जाए। वजीरपुर जेजे कॉलोनी में मृतक परिवार से मिलने के बाद सौरभ भारद्वाज ने कहा कि ड्रग माफिया ने जिस व्यक्ति की हत्या की है, उसकी तीन बेटियां हैं। तीनों बेटियां पढ़ती हैं। एक प्रेप में, एक तीसरी में और एक आठवीं कक्षा में पढ़ती है। मृतक घर का इकलौता कमाने वाला था और एक मॉल में इलेक्ट्रीशियन का काम करता था।

ड्रग माफिया ने उसकी भतीजी की शादी के दिन ईंट और रॉड से मार-मारकर उसकी निर्मम हत्या कर दी। जब लोग एसएचओ के पास गए, तो एसएचओ ने बताया कि अगर वे इन अपराधियों को पकड़ते हैं, तो नेताओं के यहां से फोन और आदेश आ जाता है और पुलिस को उन्हें छोड़ना पड़ता है। एसएचओ ने खुद माना कि पुलिस के हाथ बंधे हुए हैं। सौरभ ने कहा कि हमने मृतक की पत्नी से बात की है।

## दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने शुरू किया नेशनल टैलेंट हंट प्रोग्राम




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने टैलेंटेड नेताओं को जिम्मेदारी देने के लिए मंगलवार को नेशनल टैलेंट हंट प्रोग्राम शुरू कर दिया है। यह कार्यक्रम अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) ने यह कार्यक्रम शुरू किया ळे जिसके तहत अब दिल्ली कांग्रेस ने भी इसे लांच कर दिया है।

दिल्ली कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव, प्रदेश प्रभारी काजी निजामुद्दीन और राज्यसभा की पूर्व सांसद यामी याग्निक ने नेशनल टैलेंट हंट का पोस्टर लांच किया। इस अवसर पर यादव ने बताया कि हमने दिल्ली में नेशनल टैलेंट हंट योजना लॉन्च कर दी है। यह कार्यक्रम 17 मार्च आज 15 अप्रैल 2026 तक जारी रहेगा जिसमें लोग आवेदन कर सकते हैं, जो पूरी तरह ऑनलाइन रहेगी। यादव ने बताया कि नेशनल टैलेंट हंट के माध्यम से हम ऐसे लोगों से आवेदन आमंत्रित करते हैं जो दिल्ली और देश को आगे बढ़ते हुए देखना चाहते हैं। जो कांग्रेस पार्टी की विचारधारा से सहमति रखते हो, जो कांग्रेस पार्टी की आवाज के साथ अपनी आवाज को मिलाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे युवाओं को रिसर्चर, पार्टी प्रवक्ता और अन्य तरह की अहम जिम्मेदारियां देना चाहते हैं, लेकिन इसकी एक पूरी प्रक्रिया रहेगी।

उन्होंने बताया कि दिल्ली कांग्रेस के एक्स हैंडल, फेसबुक पेज या वेबसाइट पर आवेदन के लिए क्यू आर कोड मिल जाएगा। आवेदन आने के बाद इसके लिए एक कमेटी बनी है जो आवेदनों का अवलोकन करते हुए छंटनी करेगी और फिर इंटरव्यू के द्वारा चुन जाने वाले लोगों को अहम जिम्मेदारी दी जाएगी।

जानकारी अनुसार इसकी शुरुआत संगठन को मजबूत करने के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दो साल पहले की थी। पहले यह अभियान राष्ट्रीय स्तर पर चलाया गया, उसके बाद फिर इसको प्रदेश स्तर पर भी शुरू किया गया। इसी क्रम में अब दिल्ली कांग्रेस ने भी इस प्रोग्राम की शुरुआत राजधानी में कर दी है।

## रेखा ने अपने कैबिनेट सहयोगियों के साथ उपराज्यपाल से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को अपने कैबिनेट सहयोगियों के साथ लोक निवास में उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू से शिष्टाचार भेंट की। इस बात की जानकारी मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर दी है। मुख्यमंत्री ने एक्स पर मुलाकात की तस्वीरें शेयर कर कहा कि यह मुलाकात दिल्ली के समावेशी विकास और जनसेवा के प्रति हमारे साझा संकल्प को और मजबूत करने की दिशा में एक सकारात्मक पहल है। शासन और प्रशासन के बीच निरंतर संवाद और समन्वय ही राज्य की प्रगति और सुशासन का सशक्त आधार है। इस अवसर पर जनहित की प्रमुख योजनाओं तथा दिल्ली को आधुनिक और विश्वस्तरीय राजधानी के रूप में विकसित करने के हमारे विजन पर सार्थक एवं विस्तृत चर्चा हुई। हम दिल्ली के प्रत्येक नागरिक के उज्ज्वल भविष्य और सर्वांगीण विकास के लिए पूर्ण निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि मुलाकात में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ मंत्री दिल्ली के सभी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, आशीष सूद, रविंद्र इंद्राज सिंह, कपिल मिश्रा और मनजिंदर सिंह सिरसा शामिल रहे।




लोक निवास में मंगलवार को उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने कहा कि मैं फूल वालों की सैर का शुभारंभ अवसर पाकर स्वयं को सम्मानित महसूस कर रहा हूँ। अंजुमन सैर-ए-गुल-फ़रोशान द्वारा भावपूर्ण शहनाई की धुन के साथ प्रस्तुत किया गया पारंपरिक पंखे का नज़राना हमारी शाश्वत सांस्कृतिक समरसता का जीवंत प्रतिबिंब था।

## दिल्ली खेल महाकुंभ 2026 : बास्केटबॉल और एथलेटिक्स में शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली खेल महाकुंभ 2026 के अंतर्गत 17 मार्च 2026 को विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बास्केटबॉल और एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में रोमांचक मुकाबले देखने को मिले।

बास्केटबॉल प्रतियोगिता मंगलवार को लोक विहार इंडोर स्टेडियम में जिला खेल अधिकारी एवं खेल अधिकारियों की उपस्थिति में महत्वपूर्ण बास्केटबॉल मुकाबले आयोजित किए गए। कॉलेज बालक वर्ग के तृतीय स्थान मुकाबले में श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स ने हंसराज कॉलेज को 70–63 से हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। फाइनल मुकाबले में किरोड़ीमल कॉलेज और श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज के बीच हुए मैच में किरोड़ीमल कॉलोज ने 90–75 से जीत दर्ज कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि खालसा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं मंगलवार को पूर्वी विनोद नगर स्टेडियम में आयोजित की गईं, जहां कई विशिष्ट अतिथि खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने और खेलों को बढ़ावा देने के लिए उपस्थित रहे। ये प्रतियोगिताएं आज 18 मार्च 2026 तक जारी रहेंगी। इस अवसर पर दिल्ली के शिक्षा एवं खेल मंत्री आशीष सूद ने कहा कि दिल्ली खेल महाकुंभ युवाओं और खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार खेलों की मजबूत संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

### विजेन्द्र गुप्ता ने उपराज्यपाल से ऑडियो ट्रैफिक सिग्नल प्रणाली शुरू करने का आग्रह किया

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू से वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग पैदल यात्रियों की मदद के लिए ऑडियो ट्रैफिक सिग्नल प्रणाली लगाने का आग्रह किया। गुप्ता ने 16 मार्च को लिखे पत्र में बुजुर्ग और दिव्यांग पैदल यात्रियों को रोजाना होने वाली दिक्कतों पर चिंता जताई और शहर में बड़ी संख्या में लोगों को होने वाली दृश्यता संबंधी समस्याओं का उल्लेख किया। विधानसभा अध्यक्ष गुप्ता ने राजेंद्र प्रसाद नेत्र विज्ञान केंद्र के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि दिल्ली में करीब 60 लाख लोग विभिन्न प्रकार की दृष्टि संबंधी समस्याओं से पीड़ित हैं। उन्होंने कहा कि अनुमानित 12 से 18 लाख लोग गंभीर दृष्टि समस्या का सामना कर रहे हैं, जिनमें बड़ी संख्या वरिष्ठ नागरिकों की है। गुप्ता ने कहा कि वर्तमान यातायात सिग्नल प्रणाली उन लोगों के लिए सुविधाजनक नहीं है जो दृश्य संकेतों पर निर्भर नहीं रह सकते। उन्होंने कहा कि सड़क पार करने की सुलभ सुविधाओं की कमी दुर्घटनाओं का खतरा पैदा करती है और बड़ी आबादी की आवाजाही को सीमित करती है।

## रेखा ने नितिन नबीन का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

बिहार से राज्यसभा हेतु निर्वाचित होने के उपरांत प्रथम बार दिल्ली आगमन पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन का दिल्ली एयरपोर्ट पर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि संसदीय लोकतंत्र के उच्च सदन में नितिन नबीन की उपस्थिति राष्ट्रहित एवं जनकल्याण के संकल्पों को नई शक्ति प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि उनका ध्येयनिष्ठ मार्गदर्शन पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं के लिए निरंतर प्रेरणा और ऊर्जा का स्त्रोत है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली की जनता एवं समस्त कार्यकर्ताओं की ओर से नितिन नबीन का हृदय से स्वागत एवं अभिनंदन किया।

## सत्या शर्मा ने चांदनी चौक क्षेत्र में किया औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने मंगलवार को चांदनी चौक क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। इस मौके पर कई जगह अतिक्रमण व अवैध गतिविधियां देखकर सत्या शर्मा ने नाराजगी जताई और कहा कि इन सब पर कड़ी कार्रवाई की जाए। निरीक्षण के दौरान सत्या शर्मा ने दंगल मैदान पार्किंग एवं पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के सामने स्थित क्लब पार्किंग का दौरा किया गया। जिसमें पाया गया कि इन पार्किंग स्थलों का उपयोग निर्धारित उद्देश्य के विपरीत ट्रांसपोर्टरों द्वारा अवैध रूप से सामान की लोडिंग-अनलोडिंग के लिए किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त क्लब पार्किंग क्षेत्र में अवैध झुग्गियों का निर्माण तथा सड़क किनारे अतिक्रमण कर अवैध रूप से शराब की बिक्री भी पाई गई, जिसे गंभीर अनियमितता मानते हुए स्थायी समिति की अध्यक्ष ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्रीय उपायुक्त को निर्देश दिया कि पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के आसपास के सभी अतिक्रमण तत्काल प्रभाव से हटाए जाएं।

साथ ही, स्थानीय पुलिस थाना प्रभारी लाहौरी गेट को मौके पर बुलाकर सड़क किनारे अवैध शराब बेचने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। वहीं दूसरी तरफ उपायुक्त मध्य ज़ोन शाश्वत सौरभ के नेतृत्व में वरिष्ठ अधिकारियों ने मध्य क्षेत्र में विशेष स्वच्छता अभियान के तहत निजामुद्दीन और आसपास के क्षेत्रों में औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें विभिन्न वार्डों में ढलाव घरों, सार्वजनिक स्थानों और प्रमुख सड़कों पर स्वच्छता की समीक्षा के लिए फील्ड निरीक्षण किया।

### राष्ट्र केवल सरकार से नहीं बल्कि युवाओं की जिम्मेदारी से बनता है : सूद

# आशीष सूद ने 'विकसित भारत-युवा कनेक्ट' कार्यक्रम में युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




राष्ट्र केवल सरकार से नहीं बल्कि युवाओं के संकल्प, प्रयास और जिम्मेदारी से बनता है। यह बात दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने मंगलवार को डॉन बॉस्को इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी दिल्ली में आयोजित 'विकसित भारत युवा कनेक्ट कार्यक्रम' में भाग लेते हुए कही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री सूद ने कहा कि यह कोई सामान्य औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि देश के भविष्य को आकार देने वाली ऊर्जा का केंद्र है। जहां से एक नई क्रांति का सूत्रपात होगा। उन्होंने उपस्थित छात्रों का आह्वान करते हुए कहा कि वे केवल इस इंस्टीट्यूट के विद्यार्थी नहीं, बल्कि विकसित भारत के वास्तुकार और शिल्पकार हैं, जो वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्णित 'अमृत काल' भारत के लिए वह समय है जब स्वतंत्रता के सपनों को विकास की वास्तविकता में बदलना है। और यह कार्य आज की युवा पीढ़ी करेगी। युवाओं को विकसित भारत का दूत कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं है। मंत्री सूद ने 'वंदे मातरम्' के 150 वर्षों की ऐतिहासिक विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि यह केवल एक गीत नहीं, बल्कि राष्ट्र जागरण का मंत्र है, जिसने स्वतंत्रता आंदोलन में नई चेतना का संचार किया। 150 साल पहले अंग्रेजी शासन में जहां देश की स्वतंत्रता के परवाने इस गीत को गाकर शहीद हो गए वैसा ही जज्बा आज के युवाओं को विकसित भारत 2047 बनाने के लिए दिखाना होगा। शिक्षा मंत्री सूद ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में युवाओं ने अग्रणी भूमिका निभाई थी और आज पुनः इतिहास उन्हें पुकार रहा है।

इस बार लक्ष्य स्वतंत्रता नहीं, बल्कि एक आत्मनिर्भर और विकसित भारत का निर्माण है। 'विकसित भारत युवा कनेक्ट कार्यक्रम' इसी उद्देश्य से युवाओं को राष्ट्रीय दृष्टि से जोड़ने, उन्हें सशक्त बनाने और देश की विकास यात्रा में सहभागी बनाने का मंच प्रदान करता है। उन्होंने यह भी कहा कि देश की राजधानी होने के नाते दिल्ली की विशेष जिम्मेदारी है और मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता के नेतृत्व में सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि दिल्ली का युवा केवल दर्शक न रहकर इस परिवर्तन का नेतृत्व करे। दिल्ली सरकार खेलों के विकास, युवा सहभागिता, संवाद के अवसरों और नीति निर्माण में युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा दे रही है। मंत्री सूद ने 'माई भारत' पहल का उल्लेख करते हुए कहा कि यह पहल, जिसे केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है, युवाओं में स्वयंसेवा और राष्ट्र निर्माण की भावना को प्रोत्साहित कर रही है।

# देशी-विदेशी पर्यटकों के लिए बेड एंड ब्रेकफास्ट एवं होमस्टे नीति-2025 लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

उत्तर प्रदेश में आने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों को स्तरीय आवासीय सुविधा उपलब्ध कराये जाने एवं स्थानीय खानपान, रहन सहन एवं संस्कृति से रूबरू कराने साथ ही साथ एक आय का स्त्रोत सृजन करने के उद्देश्य से पर्यटन विभाग की ओर से उत्तर प्रदेश 'बेड एंड ब्रेकफास्ट' एवं होमस्टे नीति-2025 लागू की गई है। इस नीति के माध्यम से प्रदेश भर के इच्छुक भवन स्वामियों और पेइंग गेस्ट हाउस के संचालकों को नई नीति से जागरूक कराने के लिये व अधिक से अधिक पंजीकरण कराने के लिये शासन द्वारा तैयारी शुरू की गयी है। इसी को बेड एंड ब्रेकफास्ट व होमस्टे नीति-2025 के प्रचार-प्रसार संबंधित प्रजेन्टेशन एवं गोष्ठी का कार्यक्रम कविनगर में किया गया।

**प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप में अतिरिक्त आय का स्त्रोत**

**भवन स्वामियों और पेइंग गेस्ट हाउस के संचालक करें**






**पर्यटकों की संख्या पहले की अपेक्षा बहुत बढ़ गई है**

शहर विधायक संजीव शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में कहा कि प्रदेश में गत वर्षों से देशी-विदेशी पर्यटकों/श्रद्धालुओं का आगमन बढ़ गया है जिसके कारण होटलों में कमरों की कमी को पूर्ण करने के लिए पर्यटन विभाग द्वारा लागू की गई बेड एंड ब्रेकफास्ट' एवं होमस्टे नीति-2025 के तहत अधिक से अधिक अपने भवनों को पंजीकरण कराकर ठहरने की कमी को पूर्ण किया जा सकता है तथा प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप में अतिरिक्त आय का स्त्रोत उत्पन्न किया जा सकता है।

**यूपी में असीम संभावनाएं**

मुख्य विकास अधिकारीअभिनव गोपाल ने बताया कि गाजियाबाद में पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं एवं सीकरी महामाया मंदिर, गंगनहर, घूमेश्वर महादेव मंदिर, दूधेश्वरनाथ मंदिर आदि स्थलों पर भारी संख्या में पर्यटकों/श्रद्धालुओं का आवागमन होता है, जिसके आस-पास बेड एंड ब्रेकफास्ट होमस्टे बनाकर सफल संचालन किया जा सकता है तथा एक अच्छा आय का स्त्रोत उत्पन्न किया जा सकता है। कार्यक्रम में होटल, गेस्ट हाउस, पीजी एवं पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों द्वारा भारी संख्या में भागीदारी की गई। कार्यक्रम का संचालन एवं प्रचार-प्रसार के लिए प्रेजन्टेशन पर्यटन अधिकारी सुरेश रावत ने किया।

## खबर संक्षेप

### डॉ.आकांक्षा रालोद की महानगर उपाध्यक्ष बनी

**गाजियाबाद।** डॉ. आकांक्षा गुप्ता राष्ट्रीय लोकदल में शामिल हो गईं। महानगर अध्यक्ष रेखा चौधरी ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई व उन्हें यूपी रालोद अर्बन कमेटी की महानगर उपाध्यक्ष बनाने की घोषणा की। अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष सरदार इंद्रजीत सिंह टीटू व प्रदेश महासचिव रविन्द्र चौहान ने सदस्यों का स्वागत किया।



### 4 साल की मासूम से दुष्कर्म के बाद हत्या, काबू

**गाजियाबाद।** थाना थाना नंदग्राम क्षेत्र में एक 34 वर्षीय युवक टॉफी का लालच देकर एक चार वर्षीय बच्चे को खेत पर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया युवक घायल अवस्था में बच्चों को छोड़कर फरार हो गया खेत में पड़ी घायल बच्ची को की सूचना लोगों ने पुलिस को दी पुलिस ने बच्चों को अस्पताल में भेजो लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।



### क्रेडिट कार्ड लिमिट बढ़ाने के नाम पर ठगी

**फरीदाबाद।** साइबर थाना एनआईटी ने क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़वाने के नाम पर 70941 रुपए की ठगी के मामले में तरुण को गिरफ्तार किया है। एक व्यक्ति ने साइबर थाना एनआईटी में दी शिकायत में बताया कि 29 नवंबर 2025 को क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के लिए कॉल आया। जब उसने क्रेडिट कार्ड के आखिरी 4 अंक व डेट ऑफ बर्थ बताया तो उसके कार्ड से 70941 रुपए कट गए।



### पेंटर ने पत्थर मारकर की बुजुर्ग की हत्या,काबू

**गुरुग्राम ।** उद्योग विहार थाना एरिया में मामूली कहासुनी के बाद एक पेंटर ने बुजुर्ग को इस बेरहमी से पीटा कि उसने दम तोड़ दिया। आरोप है कि पेंटर ने बुजुर्ग को पहले धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया और फिर लात-घूंसों से पीटा और बाद में बड़ा पत्थर लेकर बुजुर्ग पर हमला कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस बुजुर्ग को लहुलुहान हालत में अस्पताल ले गई जहां इलाज के दौरान बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया।



### 1.720 किग्रा गांजा के साथ आरोपी काबू

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच बॉर्डर ने कार्रवाई करते हुए 1.720 किग्रा गांजा सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है।16 मार्च को अपराध शाखा बॉर्डर की टीम ने सूचना पर कार्रवाही करते हुए अमन निवासी सरस्वती कालोनी फरीदाबाद को 1.720 किलोग्राम गांजा सहित नया पल्ला पुल के पास से काबू किया है। जिसके विरुद्ध थाना पल्ला में एनडीपीएस की धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया।



## उपायुक्त आयुष सिन्हा की अध्यक्षता में जिला जल एवं सीवरेज मिशन बैठक

# जल की गुणवत्ता बनाए रखने गांवों में सैंपलिंग, क्लोरीनेशन व टेस्टिंग जरूरी

**जल गुणवत्ता की समीक्षा करते हुए डीसी आयुष सिन्हा ने कहा कि समयानुसार सभी गांवों में नियमित रूप से पानी की सैंपलिंग की जाए। बैक्टीरियल टेस्टिंग, क्लोरीनेशन तथा हैवी मेटल जांच चरणबद्ध तरीके से कराई जाए। जिन गांवों में बाहरी स्रोत से पानी की आपूर्ति हो रही है, वहां संबंधित विभाग से समन्वय कर क्लोरीनेशन एवं डिसइन्फेक्शन सुनिश्चित किया जाए।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिला उपायुक्त आयुष सिन्हा की अध्यक्षता में ग्रामीण पेयजल आपूर्ति, जल गुणवत्ता, जल जीवन मिशन योजनाओं के हस्तांतरण तथा ग्राम पंचायतों की कार्यप्रणाली की समीक्षा हेतु जिला जल एवं सीवरेज मिशन बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों, पब्लिक हेल्थ इंजीनियरिंग विभाग, पंचायती राज विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा अन्य संबंधित अधिकारियों ने भाग लिया।

जल गुणवत्ता की समीक्षा करते हुए डीसी आयुष सिन्हा ने कहा कि समयानुसार सभी गांवों में नियमित रूप से पानी की सैंपलिंग की जाए। बैक्टीरियल टेस्टिंग, क्लोरीनेशन तथा हैवी मेटल जांच चरणबद्ध तरीके से कराई जाए। जिन गांवों में बाहरी स्रोत से पानी की आपूर्ति हो रही है, वहां संबंधित विभाग से समन्वय कर क्लोरीनेशन एवं डिसइन्फेक्शन सुनिश्चित किया जाए।

**आंगनबाड़ी भवन के अंदर पानी का कनेक्शन हो सुनिश्चित**




बैठक में आंगनवाड़ी केंद्रों की समीक्षा के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी आंगनवाड़ी केंद्रों का सर्वे कर यह सुनिश्चित किया जाए कि भवन के अंदर तक पानी का कनेक्शन उपलब्ध हो। जहां आवश्यकता हो वहां अनुमान तैयार कर कार्य कराया जाए तथा जरूरत पड़ने पर सीएसआर अथवा अन्य योजनाओं से भी सहयोग लिया जाए।

**ग्राम पंचायतों के खाते अपडेट रखा जाए**

डीसी ने पंचायतों के बैंक खातों, ऑपरेटरों के वेतन, बिजली भुगतान तथा जल योजनाओं के रखरखाव की भी समीक्षा की और निर्देश दिए कि सभी ग्राम पंचायतों के खाते तथा संबंधित रिकॉर्ड पूर्ण रूप से अपडेट रखे जाएं। उन्होंने कहा कि पेयजल आपूर्ति की गुणवत्ता और मात्रा दोनों पर विशेष ध्यान दिया जाए। सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि अब तक 65 गांवों में पेयजल योजनाओं का सफलतापूर्वक ग्राम पंचायतों को हैंडओवर किया जा चुका है। इन योजनाओं के अंतर्गत हर घर नल कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है तथा ग्राम पंचायतों द्वारा इनके संचालन एवं रखरखाव की व्यवस्था की जा रही है।

## भाजपा ने रालोद साथ नहीं निभाया गठबंधन धर्म

# 10 भाजपाई पार्षद मनोनीत रालोद कार्यकर्ता हुए निराश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

लंबे समय बाद आखिर कर प्रदेश शासन ने गाजियाबाद नगर निगम के 10 नामित पार्षदों के नाम की घोषणा कर ही दी। इसके बाद भाजपाइयों में खुशी की लहर है, वही भाजपा के सहयोगी राजनीतिक पार्टी राष्ट्रीय लोक दल के कार्यकर्ताओं में निराशा है क्योंकि इस सूची में एक भी नाम राष्ट्रीय लोक दल के किसी नेता या कार्यकर्ता का नाम शामिल नहीं है। रालोद कार्यकर्ताओं का कहना है कि भाजपा ने इस मामले में गठबंधन धर्म नहीं निभाया है। उनका कहना है कि वह इस संबंध में अपने हाई कमान से चर्चा करेंगे। उनका यह भी कहना है कि जब चुनाव में अन्य मौके पर रालोद भाजपा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलती है तो अब भाजपा हाई कमान ने राष्ट्रीय लोकदल के उपेक्षा क्यों की है ।

**पार्षदों के समर्थकों में खुशी की लहर**

मंगलवार को शासन की ओर से जारी नियुक्ति पत्र के मुताबिक भाजपा नेता सुमन जाटव, ज्योति चौहान,संजय रावत, भागवत गुप्ता, श्याम शर्मा, प्रदीप चौधरी, अंकुश अरोड़ा, सरदार पम्मी, मधुकर त्यागी तथा पूर्व पार्षद सुनील यादव को पार्षद नियुक्त किया गया है । इन सभी पार्षदों के समर्थकों में खुशी की लहर है और लगातार बधाई मिल रही है।

# कविनगर रेजिडेंटस फेडरेशन भी टैक्स बढ़ोतरी के विरोध में उतरी, महापौर को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

कविनगर रेज़िडेंटस फेडरेशन भी टैक्स बढ़ोतरी के विरोध में उतर गई है। फेडरेशन ने ज्ञापन महापौर सुनीता दयाल को सौंपा। ज्ञापन में कहा कि जनता हाउस टैक्स का दंश झेल रही है। नगर निगम के अधिकारियों ने हाउस टैक्स को कई गुना बढ़ा दिया है। जिसका विरोध पिछले वर्ष से जनता लगातार कर रही है जिसमें गाजियाबाद के सभी आर डबल्यू ए और सामाजिक संस्थाएं शामिल हैं । यह आम जनता की समस्या है। फेडरेशन ने ज्ञापन में अपील की है कि जनता को बढ़े हुए टैक्स से छुटकारा दिलाने, जब तक निर्णय न हो तब तक टैक्स जमा न कर पाने की स्थिति में 20 फीसदी की छूट लागू रहे तथा जनता पर पैनल्टी न लगाई जाए।

महापौर ने आश्वासन दिया कि वे जनता के साथ हैं तथा किसी भी तरह का ग़लत टैक्स जनता के ऊपर नहीं लगने दिया जाएगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि न तो 20 फीसदी की छूट हटेगी न ही हाउस टैक्स जमा न करने वालों पर कोई पेनल्टी लगेगी जब तक कि कोई निर्णय नहीं हो जाता। अध्यक्ष दिनेश कुमार गोयल के साथ कई पदाधिकारी शामिल थे।

## तीसरा आरोपी धर्मबीर यादव मुठभेड़ में घायल

# ज्वैलर्स से 50 लाख रुपए लूटने वाला बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

थाना मुजेसर क्षेत्र अन्तर्गत गांव सरूरपुर में 11 मार्च को ज्वैलर्स की दुकान पर हुई 50 लाख के सोने की लूट के मामले का तीसरा आरोपी मंगलवार सुबह सूरजकुंड के पास क्राइम ब्रांच सेक्टर-30 के साथ हुई मुठभेड़ में घायल हो गया। उसके पैर में गोली लगी है। आरोपी का नाम धर्मबीर यादव उर्फ बाबू है, जो संभल का रहने वाला है। इस मामले में साकिब और जावेद नाम के दो आरोपियों को क्राइम ब्रांच पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। एसीपी अपराध वरूण दहिया ने बताया कि सुबह क्राइम ब्रांच सेक्टर 30 की टीम ने आरोपी धर्मबीर को शूटिंग रेंज रोड सूरजकुंड पर मुठभेड के बाद काबू किया है।

## भाजपा लोगों के अधिकारों का हनन कर रही

# जनता के हितों के लिए कांग्रेस पार्टी सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष करेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद




**200 करोड़ घोटाले की जांच अब तक नहीं करा पाई सरकार**

फरीदाबाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बलजीत कौशिक और तिगांव विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रत्याशी रोहित नागर में कहा है कि जब से भाजपा की सरकार बनी है तब से हर वर्ग दुखी है भाजपा की सरकार जनता के हितों के साथ खिलवाड़ कर रही है संवैधानिक संस्थाओं को माध्यम बनाकर जनता के मौलिक अधिकारों का हनन कर रही है। कांग्रेस पार्टी जनता के हितों के लिए सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष करेगी। कौशिक व नागर पल्ला पावर हाउस सेक्टर 35 में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे।

सम्मान समारोह का आयोजन वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव अशोक रावल, पूर्व जिला संगठन सचिव युवा नेता नरेश गोयल ने किया। जिला अध्यक्ष बलजीत कौशिक ने कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार के बावजूद लोगों के काम नहीं हो रहे हैं एक साल बीत जाने के बाद भी सीनियर डिप्टी मेयर, डिप्टी मेयर और फाइनेंस कमेटी का गठन नहीं हुआ है। नगर निगम में 200 करोड़ के जो घोटाले हुए थे आज तक उसकी जांच नहीं करा पाई।

## सेंट्रल पार्क में 1000 वर्षों की अटूट आस्था का भव्य

# आस्था को न तो तलवार से, न ही बलपूर्वक समाप्त किया जा सकता




**कथक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति**

कार्यक्रम की शुरुआत संस्कृत विद्वानों द्वारा शिव वैदिक मंत्रोच्चार से हुई। प्राचीन वैदिक ध्वनियों से गूंजते मंत्रों ने सेंट्रल पार्क के वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया और दर्शकों को एक शांत, ध्यानमग्न अनुभव से जोड़ दिया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

हजार वर्षों से चली आ रही आस्था, सभ्यतागत धैर्य और आध्यात्मिक गौरव को नमन करते हुए दिल्ली सरकार के कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग के अंतर्गत साहित्य कला परिषद ने कनॉट प्लेस स्थित सेंट्रल पार्क में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व — अटूट आस्था के 1000 वर्ष शीर्षक से एक भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया। यह आयोजन हिंदू आस्था के प्रमुख तीर्थों में से एक और बारह ज्योतिर्लिंगों में शामिल सोमनाथ मंदिर की हजार वर्ष पुरानी पवित्र विरासत को समर्पित था।

कार्यक्रम में दिल्ली सरकार के कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री कपिल मिश्रा विशिष्ट अतिथि ने कहा कि करीब एक हजार वर्ष पहले महमूद गज़नवी ने सोमनाथ मंदिर पर यह सोचकर आक्रमण किया था कि वह मूर्तियों, मंदिरों और सनातन धर्म को नष्ट कर देगा। लेकिन इतिहास ने साबित कर दिया कि आस्था को न तो तलवार से हराया जा सकता है और न ही बलपूर्वक समाप्त किया जा सकता है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी राजकुमार सक्सेना पुत्रः** बलबीर सक्सेना, **पताः** G-4/62 2nd फ्लोर सेक्टर 11 रोहिणी, राजपुरा कलां, रोहिणी, दिल्ली **FIR No. 194/21, U/s: 420/408/ 506 IPC, पुलिस थानाः फर्श बाजार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजकुमार सक्सेना,** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजकुमार सक्सेना,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **राजकुमार सक्सेना, FIR No. 194/21, U/s: 420/408/506 IPC, पुलिस थानाः फर्श बाजार, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.04.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
अखिल मलिक
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–02
कमरा नं. 38 भू तल, शाहदरा जिला
करकड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/2603/SHD/2026
(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी नरेश पुत्र** राज कुमार, **पताः** मकान नं. 9660 जी. नंबर 11 मोतिया खान पहाड़गंज शास्त्री पार्क, दिल्ली **FIR No. 312/2021, U/S: 356/379/411 IPC, पुलिस थानाः नन्द नगरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नरेश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नरेश** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **नरेश FIR No. 312/2021, U/S: 356/379/411 IPC, पुलिस थानाः नन्द नगरी, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.04.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
दीपाक्षी राणा
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03
कमरा नंबर 19, प्रथम तल शाहदरा जिला,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/2860/NE/2026
(Court Matter)

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | नॉयलोन जुराबों (294 एमएम, 200 एमएम और 160 एमएम) की खरीद के लिए दो वर्षीय दर अनुबंध की व्यवस्था करना। | 18.03.2026 16.04.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 2 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | प्रीकास्ट एफसीसी पाइप्स कनफॉर्मिंग टू आईएस : 1458–2003, बेस प्लेट मोनोलिथिक, रिइनफोर्समेंट सहित स्टील वेल्डेड की खरीद के लिए दो वर्षीय आर/सी की व्यवस्था करना। | 18.03.2026 16.04.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज ब्लॉक बोंद कलां | गांव अचीना में श्री केशव गौशाला में टिन शैड का निर्माण + 1 कार्य। | 14.03.2026 20.03.2026 | 10.19 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9582622008 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 4 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव बहबलपुर ब्लॉक बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद में अपशिष्ट जल की शोधन प्रक्रिया (जीडब्ल्यूएम) और ड्रेन्स का निर्माण + 6 कार्य। | 16.03.2026 23.03.2026 | 288.63 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467905067 prexeeng.fbd1@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव पाली ब्लॉक फरीदाबाद, जिला फरीदाबाद में एस.सी. चौपाल (निकट बालाजी मंदिर) का निर्माण। | 16.03.2026 23.03.2026 | 10.84 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467905067 prexeeng.fbd1@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in    पीआरडीएच-11/2026/100/43938/I/88/7 दि. 17.03.26

## खबर संक्षेप

### केसी त्यागी ने जदयू से दिया इस्तीफा



**पटना।** पिछले कुछ दिनों से अपनी ही पार्टी के खिलाफ बोल कर चर्चा में रहने वाले केसी त्यागी ने जदयू से इस्तीफा दे दिया है। त्यागी ने अपना इस्तीफा सोशल मीडिया पर शेयर कर साफ किया है कि वो जदयू की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहे हैं और आगे सदस्यता नहीं लेंगे। इस्तीफे में केसी त्यागी ने अपने भविष्य का प्लान भी बताया है। लिखा है कि 22 मार्च को वो अपने समर्थकों के साथ बैठक करेंगे।

### रौनक ने एमयूएन जीत कर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया



**मथुरा।** जीएलए विश्वविद्यालय, मथुरा के विधि संकाय के अंतिम वर्ष के प्रतिभाशाली छात्र रौनक उपमन्यु ने राष्ट्रीय स्तर पर जीएलए की श्रेष्ठ विधि शिक्षा, प्रशिक्षण और शैक्षणिक गुणवत्ता की ऐसी छाप छोड़ी है, जो एक मिसाल बनी है। छात्र रौनक ने अब तक देशभर के प्रतिष्ठित आईआईटी दिल्ली में पांचवीं बार लगातार एमयूएन जीत कर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है।

### सपा के राष्ट्रीय सचिवपर धमकी देने का केस



**गोरखपुर।** सपा के राष्ट्रीय सचिव और गोरखपुर की चिल्लूपार सीट से पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी के खिलाफ बड़हलगंज नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि महेश उमर ने सोमवार को धमकी देने का केस दर्ज कराया। उन्होंने मोबाइल की वॉयस रिकार्डिंग भी पुलिस को सौंपी है। बड़हलगंज पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं व गणमान्य लोगों के पहुंचने की संभावना

# अयोध्या में राष्ट्रपति के स्वागत की तैयारियां पूरी 18 मार्च की रात से लागू होगा रूट डायवर्जन

अयोध्या में 19 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के स्वागत की तैयारियां जोरशोर से चल रही हैं। राष्ट्रपति के अयोध्या आगमन के मद्देनजर यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। कार्यक्रम के मद्देनजर प्रशासन ने भारी वाहनों के लिए डायवर्जन योजना लागू की है।

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

19 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के स्वागत की तैयारियां जोरशोर से चल रही हैं। इस बीच राष्ट्रपति के अयोध्या आगमन के मद्देनजर यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और गणमान्य लोगों के पहुंचने की संभावना के मद्देनजर प्रशासन ने भारी वाहनों के लिए डायवर्जन योजना लागू की है।

जारी निर्देशों के अनुसार 18 मार्च की रात 11 बजे से 19 मार्च को कार्यक्रम समाप्ति तक, अयोध्या की ओर जाने वाले मालवाहक वाहन, ट्रक, ट्रैक्टर, डीसीएम समेत भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।




### इन मार्गों से होगा डायवर्जन

संतकबीरनगर और बस्ती से अयोध्या आने वाले भारी वाहनों को घनघटा, बिड़हल घाट, रामनगर से मोड़कर न्यौरी-जलालपुर होते हुए मालीपुर-सुरहुरपुर के रास्ते पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर भेजा जाएगा। गोरखपुर से आने वाले वाहनों को गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे के जरिए पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर डायवर्ट किया जाएगा। आजमगढ़ व बसखारी से आने वाले भारी वाहन न्यौतरिया बाईपास, गोहन्ना चौराहा, अकबरपुर होते हुए पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से गुजरेंगे।

#### अम्बेडकरनगर के विभिन्न क्षेत्रों में भी रहेगा प्रतिबंध

अम्बेडकरनगर जिले के अलीगंज थाना क्षेत्र के सम्हरिया चौराहा से सेवागंज बैरियर के रास्ते अयोध्या जाने वाले भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। अहिरौली थाना क्षेत्र के यादव नगर तिराहा से आने वाले वाहन महरुआ होते हुए टांडा-रायबरेली मार्ग से भेजे जाएंगे।

#### अकबरपुर शहर में विशेष व्यवस्था

अकबरपुर में भारी वाहनों को तहसील तिराहा से डायवर्ट कर शहजादपुर व गोहन्ना बाईपास से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे की ओर भेजा जाएगा। वहीं मालीपुर रोड, जलालपुर रोड, बसखारी रोड, टांडा रोड , पहतीपुर मोड़, दोस्तपुर रोड और अन्नावा तिराहा सहित कई स्थानों पर डायवर्जन प्रभावी रहेगा। प्रशासन ने वाहन चालकों से कहा कि वे निर्धारित मार्गों का पालन करें।

## रिटायरमेंट के बाद मिलेगी बेहतर आर्थिक सुरक्षा

# योगी सरकार ने यूपी के ढाई लाख कर्मियों को दी बड़ी खुशखबरी, अब 25 लाख ग्रेच्युटी

उत्तर प्रदेश सरकार ने शिक्षकों और सहायता प्राप्त स्कूलों के कर्मचारियों के लिए ग्रेच्युटी सीमा 20 लाख से बढ़ाकर 25 लाख रुपए कर दी है। इस फैसले से करीब 2.5 लाख कर्मचारियों को रिटायरमेंट के बाद बेहतर आर्थिक सुरक्षा मिलेगी...

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

योगी आदित्यनाथ सरकार ने एडेड माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों और कर्मचारियों की ग्रेच्युटी की सीमा 20 लाख रुपए से बढ़ाकर 25 लाख रुपये कर दी है। आदेश के अनुसार लगभग ढाई लाख कर्मचारियों को इसका लाभ मिलेगा। महंगाई भत्ता और वेतन समिति की सिफारिशों को ध्यान में रखते हुए यह फैसला उनके लिए राहत भरा माना जा रहा है।

### वेतन समिति की सिफारिशों के बाद संशोधन



इस फैसले से न सिर्फ कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, बल्कि शिक्षा क्षेत्र में काम करने वाले स्टाफ की कार्यप्रणाली और सेवा के प्रति उत्साह भी बढ़ेगा। योगी सरकार ने इसे शिक्षा क्षेत्र में सुधार और कर्मचारियों की भलाई के लिए अहम कदम माना है। ग्रेच्युटी बढ़ाने का यह फैसला कर्मचारियों के लिए राहत और उत्साह का कारण बनेगा। इससे उनके जीवन में स्थिरता और सुरक्षा की भावना बढ़ेगी।

### ग्रेच्युटी में 5 लाख रुपए का इजाफा

सरकार ने ग्रेच्युटी की राशि में कुल 5 लाख रुपए का इजाफा किया है। नए नियम के तहत महंगाई भत्ता 50 प्रतिशत होने पर अधिकतम ग्रेच्युटी की सीमा 25 लाख रुपए निर्धारित की गई है। इससे कर्मचारियों को लंबे समय तक सेवा देने के बाद बेहतर आर्थिक सुरक्षा मिलेगी। यह बदलाव वेतन समिति 2016 की सिफारिशों के बाद किया गया है। इसके साथ ही पेंशन और उपादान नियमों में भी संशोधन किया गया है। यह संशोधन शिक्षकों और कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए अहम माना जा रहा है। 16 मार्च के शासनादेश के तहत लाभार्थीअशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के कर्मचारियों के लिए यह कदम सरकार की ओर से एक बड़ा राहतभरा निर्णय है। इससे कर्मचारियों में आत्मविश्वास और संतुष्टि बढ़ेगी. शिक्षकों और कर्मचारियों के जीवन स्तर में सुधार के लिए यह महत्वपूर्ण कदम है। सरकारी अधिकारियों का कहना है कि यह निर्णय कर्मचारियों के लिए लंबे समय से प्रतीक्षित था। पिछले कई वर्षों से ग्रेच्युटी सीमा को बढ़ाने की मांग की जा रही थी। अब इस फैसले के बाद कर्मचारियों को भविष्य में वित्तीय असुरक्षा की चिंता कम होगी।

### अब हर अंडे पर लिखी होगी एक्सपायरी डेट, 1 अप्रैल से नियम लागू



**लखनऊ।** अगर आप अंडे खाते हैं तो ये खबर खास आपके लिए है। बहुत जल्द हर अंडे पर आपको उसकी एक्सपायरी डेट लिखी हुई मिलेगी। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने 1 अप्रैल से अंडे का कारोबार करने वालों के लिए हर अंडे पर उसकी एक्सपायरी डेट की मुहर लगाना अनिवार्य कर दिया है। साथ ही अंडों पर वह तारीख भी लिखी हुई मिलेगी, जिस दिन मुर्गी ने उन्हें दिया गया था। पशुपालन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि व्यापारियों और मुर्गी पालन करने वालों को अनिवार्य तौर पर इस नियम का पालन करना होगा।

## डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का ऐलान

# यूपी के सभी 18 मंडलों में बनेगा आधुनिक ट्रॉमा सेंटर



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में हादसे में घायलों को बेहतर इलाज मुहैया कराने की दिशा में अहम कदम उठाया जाएगा। यूपी के सभी 18 मंडलों में आधुनिक ट्रॉमा सेंटर विकसित किया जाएगा। ताकि गंभीर मरीजों को लखनऊ के ट्रॉमा सेंटर की तरफ रुख न करना पड़े। इससे केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर में मरीजों का दबाव कम होगा। मरीज को समय पर बेहतर इलाज भी मिल सकेगा। ये बातें डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहीं।

### सभी कॉलेजों में इमरजेंसी मेडिसिन विभाग खोला जाएगा

मंगलवार को केजीएमयू के अटल बिहारी वाजपेई सांइटिफिक कन्वेंशन सेंटर में ट्रॉमा एंड इमरजेंसी केयर रोडमैप फॉर ट्रॉमा एंड इमरजेंसी नेटवर्क विषय पर कार्यशाला हुई। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहाकि पांच साल पुराने सभी कॉलेजों में इमरजेंसी मेडिसिन विभाग खोला जाएगा। इससे इमरजेंसी में आने वाले मरीजों को और बेहतर इलाज मिल सकेगा। वहीं लेवल एक के ट्रॉमा सेंटर प्रत्येक मंडल में बनाया जाए। इसके तहत प्रमुख हाईवे, शहर में ट्रॉमा सेंटरों का नेटवर्क तैयार किया जाए। ताकि घायलों को गोल्डन आवर में इलाज मुहैया कराकर जान बचाई जा सके। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों के एमबीबीएस डॉक्टरों को ट्रॉमा केयर में प्रशिक्षण दिया जाए। छह माह के प्रशिक्षण के बाद उन्हें डिप्लोमा या सर्टिफिकेट प्रदान किया जाए। इस प्रमाण पत्र को वैद्यानिक मान्यता भी दी जाए।

### दवाओं के साथ सिम्पैथी की जरूरत

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि डॉक्टर अपने दायित्वों को समझें। मरीज को परिवार के सदस्य की तरह मानकर इलाज करें। मरीजों को केवल दवाएं ही नहीं, बल्कि सहानुभूति और संवेदनशील व्यवहार भी चाहिए। आयुर्वेद, होम्योपैथिक और एलोपैथिक इलाज के साथ सिम्पैथी भी मरीज को जल्दी ठीक होने में मदद करती है। उन्होंने कहा कि भले ही सभी की जिम्मेदारियां अलग-अलग हों, लेकिन मकसद एक ही है, मरीज की जान बचाना और उसे बेहतर इलाज देना।

## पेज एक का शेष

### ईरान संग जहाजों...

संवाद कर रहा है। यहां बता दें कि रणधीर का ये बयान बीते दिनों भारत द्वारा होर्मुज को फिर से खुलवाने को लेकर अमेरिका द्वारा किसी तरह की सैन्य सहायता करने या गठबंधन का हिस्सा बनने की पहल को पूरी तरह से नकारने के तुरंत बाद दिया गया है।

### कालाबाजारी रोकने के...

कहा गया है कि पीएनजी से जुड़े पाइपलाइन बिछाने के जितने लंबित आवेदन हैं। उन्हें तत्काल आधार पर मंजूरी दी जाए। साथ ही इस संबंध में आने वाले नए आवेदनों को 24 घंटे में मंजूरी प्रदान की जानी चाहिए। गेल की बैठक के बाद विभिन्न गैस कंपनियां उपभोक्ताओं को पीएनजी कनेक्शन लेने को लेकर छूट दे रही हैं। बावजूद इन प्रयासों के सिलेंडर की पैनिक बुकिंग का आंकड़ा 70 लाख तक पहुंच गया है। देशवासी घबराएं नहीं, पैनिक बुकिंग से परहेज करते हुए सिलेंडर की बुकिंग ऑनलाइन ही करें। जिसकी डिलीवरी पहले की तरह आपके घर पर ही जाएगी। ये जानकारी मंगलवार को राजधानी में आयोजित की गई अंतर मंत्रालयी प्रेस वार्ता में केंद्रीय पेट्रोलियम-प्राकृतिक गैस मंत्रालय (मार्केटिंग-तेल रिफाइनरी) में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने दी है।

**वैकल्पिक ईंधन पर ध्यान दें उपभोक्ता :** उन्होंने कहा कि केंद्र ने राज्यों से ये अपील भी की है कि जहां तक संभव हो सके वैकल्पिक ईंधनों जैसे पीएनजी और इलेक्ट्रिक का भी उपयोग करें। जिससे एलपीजी का किफायत के साथ इस्तेमाल किया जा सकेगा। इसके अलावा अधिकारियों ने बताया कि होटल, रेस्तरां और केटरिंग व्यवसाय में लगे लोग अगर पीएनजी कनेक्शन लेंगे तो उससे एलपीजी पर दबाव घटेगा। जिससे अंततः आम घरेलू उपभोक्ताओं को ही फायदा होगा। केंद्र ने राज्यों से अनुरोध किया है कि वह कंपनियों से पाइप गैस इंफ्रास्ट्रक्चर में विस्तार के लिए सड़क की मरम्मत, अनुमति चार्ज न वसूलें। पाइप लाइन बिछाने के काम में कामकाजी घंटों और सीजन को लेकर भी छूट दी जानी चाहिए। सरकार के लिए घरेलू उपभोक्ता ही शीर्ष प्राथमिकता बने हुए हैं। मांग के बेहतर प्रबंधन, कमर्शियल उपभोक्ताओं को पीएनजी में शिफ्ट करने जैसे निर्णयों से तमाम बाधाओं को पार किया जा सकेगा।

**दिल्ली में 600, मप्र. में 1800 सिलेंडर जब्त हुए :** सुजाता शर्मा ने बताया कि बीते कुछ दिनों में देश में छापेमारी का आंकड़ा 12 हजार पर पहुंच गया है। जिसमें लगभग 15 हजार एलपीजी सिलेंडर जब्त किए गए हैं। दिल्ली में सोमवार को 600 सिलेंडर जब्त किए गए। मध्य-प्रदेश में लगभग 1200 छापे मारे गए और 1800 सिलेंडर जब्त किए गए हैं। वहीं, उत्तर-प्रदेश में पिछले कुछ दिनों में लगभग 450 जगहों पर औचक निरीक्षण और छापेमारी हुई है। 10 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। जम्मू-कश्मीर में 564 छापे मारे गए हैं, एफआईआर और गिरफ्तारी भी हुई है। केरल में लगभग 1 हजार छापेमारी और जांच हुई, जिसमें घरेलू और कमर्शियल सिलेंडर जब्त किए गए हैं। तेल मार्केटिंग कंपनियों की टीमें सतर्क हैं और वो भी छापे मार रही हैं। करीब 2 हजार 500 रिटेल आउटलेट और एलपीजी वितरकों के पास जाकर औचक जांच की गई है।

**161 नाविकों की हुई स्वदेश वापसी :** सिन्हा ने कहा कि खाड़ी क्षेत्र में हमारे 22 जहाजों और उनमें सवार 611 नाविक सुरक्षित हैं। बीते 24 घंटों में इनके संबंध में कोई नकारात्मक सूचना नहीं मिली है। जहाजरानी मंत्रालय में महानिदेशक सभी भागीदारों के साथ नियमित संपर्क में बने हुए हैं। इसके अलावा जब से हमने अपना नियंत्रण कक्ष की शुरुआत की है। तब से लेकर अब तक 3 हजार से अधिक फोन काल और 6 हजार ईमेल का जवाब दिया जा चुका है। पिछले 24 घंटों में 150 फोन काल और 350 ईमेल प्राप्त हुई हैं और उनका जवाब भी दिया गया है। इस अवधि में ही 161 भारतीय नाविकों को खाड़ी क्षेत्र से सुरक्षित देश वापस लाया गया है। जिसमें भारतीय दूतावास और मिशन के समन्वय की अहम भूमिका है।

**एलपीजी लेकर पहुंचे 2 जहाज :** केंद्रीय जहाजरानी मंत्रालय में विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि कतर से होर्मुज जलडमरूमध्य होते हुए 46 हजार 500 मीट्रिक टन एलपीजी लेकर नंदा देवी जहाज 17 मार्च को सुरक्षित गुजरात पहुंच गया है। ये खाड़ी से सुरक्षित देश पहुंची एलपीजी की दूसरी खेप है। दोनों जहाजों से गैस का वितरण किया जा रहा है। नंदा देवी से मदर शिप से डाटर शिप पर एलपीजी डिस्चार्ज किया जा रहा है। बंदरगाहों पर जहाजों की गतिविधियों और आवागमन को सुचारू बनाने के लिए लगातार प्रयास जारी हैं। जवाहर लाल नेहरू बंदरगाह के अलावा चिदंबरम नाथ बंदरगाह (तूतीकोरिन) में कंटेनरों की स्टोरेज के लिए 90 हजार वर्ग मीटर का अतिरिक्त स्थान दिया गया है।

### अस्पताल पर बम...

के साथ अब कोई कूटनीति या बातचीत नहीं होगी। तालिबान अब चुप नहीं बैठेगा और वह पाकिस्तान को खून के आंसू रुलाएगा।

**शहबाज सरकार ने कहा नागरिक स्थल को निशाना नहीं बनाया :** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के प्रवक्ता मोशर्रफ़ ज़ैदी ने अफगानिस्तान के आरोपों को पूरी तरह से निराधार बताते हुए खारिज कर दिया। पाकिस्तान के सूचना मंत्रालय ने भी साफ किया कि हमले बेहद सटीक थे और केवल मिलिट्री ठिकानों और आतंकवादी इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाया गया था, किसी भी ऐसे जगह को टारगेट नहीं किया गया जहां आम लोग रह रहे थे।

**भारत ने इसे कायरतापूर्ण और अमानवीय कृत्य बताया :** भारत ने काबुल में एक अस्पताल और रिहैब सेंटर पर हुए एयरस्ट्राइक को लेकर पाकिस्तान की कड़ी निंदा की है। भारत ने कहा कि इस हमले में बड़ी संख्या में आम नागरिकों की मौत हुई है और इसे सैन्य कार्रवाई बताने की कोशिश की जा रही है, जो अस्वीकार्य है। भारत के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि यह कायरतापूर्ण और अमानवीय कृत्य है। मंत्रालय ने कहा कि किसी अस्पताल या नागरिक ठिकाने को सैन्य लक्ष्य बताना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं ठहराया जा सकता। भारत ने इस हमले को अफगानिस्तान की संप्रभुता पर खुला हमला करार दिया और कहा कि यह क्षेत्र की शांति और स्थिरता के लिए गंभीर खतरा है। मंत्रालय के अनुसार, यह पाकिस्तान के गैर-जिम्मेदाराना रवैए और सीमाओं के बाहर हिंसा फैलाने की प्रवृत्ति को दर्शाता है। भारत ने इस बात पर भी चिंता जताई कि यह हमला पवित्र महीने रमजान के दौरान किया गया। मंत्रालय ने कहा कि यह समय शांति, संयम और करुणा का होता है, ऐसे में इस तरह की कार्रवाई और भी अधिक निंदनीय है। भारत ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की है कि इस आपराधिक कृत्य के दोषियों को जवाबदेह ठहराया जाए और अफगान नागरिकों को निशाना बनाने की घटनाओं को तुरंत रोका जाए।

**हॉस्पिटल का पूरा ढांचा तबाह हुआ :** अफगानिस्तान के स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता शराफत जमान ने बताया कि 2000 बेड वाले हॉस्पिटल का पूरा ढांचा तबाह हो गया है। अस्पताल में सिक्योरिटी गार्ड के तौर पर तैनात 31 साल के ओमिद स्टैनिकजई ने बताया कि हमले से पहले उन्होंने आसमान में जेट विमानों की आवाज सुनाई दी थी। जेट ने बम गिराए और आग लग गई। अफगानिस्तान में तालिबान के नेतृत्व वाली सरकार के अनुसार, यह देश के इतिहास का सबसे घातक बम धमाका है।

### पाकिस्तान के काबुल...

सैन्य लक्ष्य बताकर छिपाने की कोशिश की जा रही है। जिसे कतई स्वीकार नहीं किया जा सकता है। क्योंकि पाक के इस हमले में बड़ी तादाद में निर्दोष लोगों की जान चली गई है। जबकि यह पाकिस्तान की तरफ से काबुल पर किया गया एक अत्यंत भीषण हमला है। जिसे भारत अफगानिस्तान की संप्रभुता पर किए गए हमले के रूप में देखता है। साथ ही पाकिस्तान की यह हरकत समूचे क्षेत्र की शांति और सुरक्षा के लिए भी खतरा है। भारत ने अफगानिस्तान की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता को बरकरार रखने के संबंध में अपने सहयोग को प्रतिबद्धता के साथ दोहराया है।

**रमजान के पवित्र महीने को भी नहीं छोड़ा :** रणधीर ने कहा कि पाकिस्तान ने रमजान के मौजूदा पवित्र महीने में यह हमला किया है। आमतौर पर मुस्लिम मतावलंबी देश इस दौरान दया, क्षमा और शांति की ओर चिंतन-मनन करते हैं। जबकि पाकिस्तान अपनी आंतरिक असफलताओं से विश्व का ध्यान भटकाने के लिए अपनी सीमाओं से बाहर जाकर ऐसे भयावह हिंसक हमलों को अंजाम देने में लगा हुआ है। जो कि अंत में उसके लापरवाह व्यवहार को ही प्रदर्शित करते हैं।

**दोषियों की तय की जाए जिम्मेदारी :** भारत ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से बिना किसी देरी के इस आपराधिक कृत्य से जुड़े हुए सभी दोषियों की जिम्मेदारी तय करने और अफगानिस्तान में आम अफगानी नागरिकों को लगातार निशाना बनाने की पाकिस्तान की कोशिशों पर नकेल कसने की अपील की है। वहीं, हमले में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों के प्रति भारत ने अपनी ओर से गहन संवेदनाएं प्रकट की हैं। साथ ही घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। दुख की इस घड़ी में भारत अफगानी जनता के साथ मजबूती से खड़ा है।

### लोकसभा में पारित...

अनुरोध किया। जिसे केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू द्वारा लोकसभा के पटल पर रखा गया। बाद में अध्यक्ष की अनुमति के साथ हुए संकल्प पर हुए मौखिक मतदान के बाद यह ध्वनिमत से पारित हो गया। गौरतलब है कि बजट सत्र के पहले भाग के दौरान अनैतिक आचरण और सदन की मर्यादा को भंग करने के चलते लोकसभा अध्यक्ष ने पिछले महीने 3 फरवरी को सभी 8 विपक्षी सांसदों को सत्र की बाकी बची हुई शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया था। जिसके बाद से गुरजीत सिंह औजला, हिबी ईडन, एडवोकेट डीन कुरियाकोस, अमरिंदर सिंह राजा वारिंग, मणिकम टैगोर, डॉ.प्रशांत पाडोले, चामला किरण रेड्डी और एस.वेंकटेशन लगातार संसद भवन के मुख्य प्रवेश द्वार यानी मकर द्वार पर धरना-प्रदर्शन कर सरकार से अपना निलंबन रद्द करने की मांग कर रहे थे। बताते चलें कि मौजूदा बजट सत्र के दूसरे भाग की कार्रवाई का समापन 2 अप्रैल को होना है। निलंबन रद्द होने के बाद अब यह सभी सांसद सदन की कार्रवाई में पहले की तरफ भाग ले सकेंगे।

**धर्मेंद्र-दुबे के बीच हुई कहासुनी:** प्रस्ताव पारित होने से पहले कांग्रेस नेता सुरेश ने इस संबंध में विपक्षी सांसदों के आचरण पर खेद व्यक्त करते हुए सरकार से इनके निलंबन को खारिज करने की मांग की। उन्होंने बीते सोमवार को लोकसभा अध्यक्ष के चैंबर में उनके साथ हुई सर्वदलीय बैठक में बनी सहमति का भी हवाला दिया। प्रस्ताव के पक्ष में समाजवादी पार्टी (सपा) सांसद धर्मेंद्र यादव ने कहा कि सदन में केवल विपक्ष ही नहीं बल्कि सभी सदस्यों की ये जिम्मेदारी बनती है कि वो गरिमा और मर्यादा को बनाए रखें। जबकि आमतौर पर ये देखा गया है कि सत्ता पक्ष की तरफ से विपक्षी सांसदों की आवाज को दबाने की कोशिश की जाती है। यादव ने निशिकांत दुबे का नाम लेकर कहा कि जब दुबे अपने व्यवहार में सुधार लाएंगे तभी सदन में असली मर्यादा कायम होगी। जिसपर भाजपा सांसद समेत सत्ता पक्ष के तमाम सदस्य आक्रोशित हो गए। एनसीपी (शरद पवार) की सांसद सुप्रिया सुले ने कहा कि अध्यक्ष के कक्ष में हुई बैठक में इस मुद्दे पर सहमति बनी थी कि सदन के भीतर सभी के लिए एक लक्ष्मण रेखा होनी चाहिए। जिसे कोई भी पार नहीं करेगा। इसे लेकर विपक्ष तैयार है। लेकिन ऐसा लगता है कि सत्ता पक्ष राजी नहीं है। जदयू के राजीव रंजन सिंह ने कहा कि विपक्ष से खासकर कांग्रेस नेता ने प्रस्ताव में अध्यक्ष से हुई पूरी बातचीत का उल्लेख नहीं किया है। सभी के मर्यादा बरकरार रखने पर सहमति बनी है।

**17 साल से नहीं किया कोई गलत आचरण :** निशिकांत दुबे ने कहा कि सदस्यों का निलंबन रद्द करने के प्रस्ताव पर व्यक्तिगत रूप से मेरी सहमति है। लेकिन मैं बीते करीब 17 साल से लोकसभा का सदस्य हूं और मैंने कभी इस सदन की मर्यादा नहीं लांघी है। अगर विपक्ष मुझे पर इस प्रकार के आरोप लगाएगा तो इन्हें माफी मांगनी पड़ेगी। वरना सदन नहीं चलेगा।

**संसद में न लाएं बैनर, प्लेकार्ड :** लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि पूर्व में हुई बैठक में दोनों पक्षों की तरफ से सदन की गरिमा और मर्यादा को बनाए रखने में सहयोग करने को लेकर प्रतिबद्धता जताई गई है। मेरा भी सभी से पुनः यह अनुरोध है कि संसद भवन परिसर से लेकर सदन में प्लेकार्ड, बैनर, फेक फोटो, एआई से तैयार की गई सामग्री न लेकर आएं। अध्यक्ष के आसन के समीप आकर कागज न फाड़कर फेंके, वरिष्ठ अधिकारियों की मेज पर न चढ़ें।

### दत्तक मां को ....

के बच्चों को गोद लेती हैं। कोर्ट ने यह फ़ैसला सुनाते हुए कहा कि बच्चे की उम्र चाहे जो भी हो, गोद लेने वाली सभी माताओं को गोद लेने की तारीख से 12 हफ़्ते की छुट्टी का अधिकार होगा। कोर्ट ने कहा कि जैविक मां की तरह बच्चा गोद लेने वाली महिला को भी मातृत्व अवकाश मिलना चाहिए। मामले की सुनवाई करते हुए बेंच ने फ़ैसला सुनाया कि कोड ऑन सोशल सिक्योरिटी 2020 की धारा 60(4) के तहत उम्र के आधार पर किया गया वर्गीकरण भेदभावपूर्ण था और संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 का उल्लंघन करता था। बेंच ने इस बात पर ज़ोर दिया कि मैटरनिटी लीव का मकसद इस बात पर निर्भर नहीं करता कि कोई बच्चा किस तरह से परिवार में आता है। एक मां में कोई फ़र्क नहीं किया जा सकता। चाहे वह तीन महीने से कम उम्र के बच्चे को घर लाए या ज़्यादा उम्र के बच्चे को गोद ले। कोर्ट ने आगे कहा कि प्रजनन की आज़ादी का अधिकार सिर्फ़ जैविक जन्म तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह माता-पिता होने की संवैधानिक समझ का विस्तार करता है, जिसमें गोद लेना भी शामिल है।

**इस याचिका पर दिया फैसला:** यह फ़ैसला कर्नाटक की वकील हमसानंदिनी नंदुरी की एक याचिका पर आया है। उन्होंने उस प्रावधान को चुनौती दी थी, जो पहले मैटरनिटी बेनिफ़िट एक्ट, 1961 में था और बाद में 2020 के कोड में भी शामिल किया गया था। उन्होंने इसे मनमाना और भेदभावपूर्ण बताया था। उनकी याचिका में, जिसकी पैरवी वकील बानी दीक्षित ने की थी, यह भी बताया गया था कि भारत का गोद लेने का ढांचा शायद ही कभी तीन महीने से कम उम्र के बच्चों को गोद लेने की इजाज़त देता है, जिससे उम्र की सीमा वाला यह फ़ायदा ज़्यादातर मामलों में बेमानी हो जाता है।

### पैटरनिटी लीव ...

शुरू करने पर विचार करे। इसके ज़रिए कोर्ट ने देखभाल के मामले में ज़्यादा लिंग-तटस्थ और समावेशी दृष्टिकोण की ज़रूरत का संकेत दिया। कोर्ट ने बच्चे के हितों पर ज़ोर दिया। कोर्ट ने कहा कि बड़े बच्चों को, खासकर उन बच्चों को जिन्हें संस्थागत देखभाल से गोद लिया जाता है, अक्सर नए परिवार में भावनात्मक रूप से घुलने-मिलने और ढलने में ज़्यादा समय लगता है। सबसे ज़रूरी बात बच्चे का सबसे अच्छा हित ही होनी चाहिए, जिसमें बच्चे को नए परिवार में घुलने-मिलने के लिए ज़रूरी समय भी शामिल है।

### भाजपा अध्यक्ष हेमंत ...

की। डॉ. हिमांशु ने हेमंत खंडेलवाल व परिजनों को ढांढस बंधाया। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सौदान सिंह व मप्र भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष ऊषा अग्रवाल भी मौजूद थे।

### उत्तराखंड के बाद गुजरात...

लैंगिक समानता सुनिश्चित करना और सभी नागरिकों को समान अधिकार प्रदान करना है।

### सभी धर्मों में एक...

- विवाह के लिए न्यूनतम आयु लड़कियों के लिए 18 वर्ष बरकरार
- कुछ प्रथाओं जैसे 'निकाह हलाला' और 'इद्दत' पर रोक लगाने का प्रावधान
- सूत्रों के अनुसार, गुजरात के प्रस्तावित कानून में दंडात्मक प्रावधान भी शामिल किए गए हैं, जबकि उत्तराखंड में ये नियम अलग से बनाए गए थे।

# द ग्रेट ग्रांड... का टीजर जारी, नए किरदार में नजर आए जैकी



**मुंबई।** जैकी श्रॉफ की अदाकारी वाली अपकमिंग फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो- एलियंस का आगमन' का टीजर रिलीज हो गया है। इसमें जैकी श्रॉफ सुपरहीरो के किरदार में नजर आए हैं। टीजर दर्शकों को बचपन के जादू और कल्पना की दुनिया में ले जाता है। एक मिनट सात केकंड के टीजर में दिखाया गया है कि एक बच्चा है जो स्कूल में पढ़ता है। उसे कुछ महीनों में स्कूल बदलना पड़ता है। वह यह बात किसी को नहीं बताता है। अगर किसी को यह बात पता चल गई, तो पृथ्वी पर हमला हो सकता है। इसकी वजह यह है कि उसके दादा खास हैं। उनके पास सुपरपावर है। टीजर के आखिर में नजर आता है कि लड़के के दादा का किरदार जैकी श्रॉफ ने किया है।

## लाइफ Style

# तमन्ना

## गफूर सॉन्ग पर किया जबरदस्त डांस

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आर्यन खान की फिल्म 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड'के गाने 'गफूर' ने रिलीज के बाद से ही काफी सुर्खियां बटोरी थीं। जिसकी वजह है इस गाने में तमन्ना भाटिया का बोल्ड डांस। सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है, जिसमें तमन्ना फिर से 'गफूर' गाने पर डांस करती नजर आ रही हैं।

तमन्ना भाटिया का यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में तमन्ना ने गुलाबी चमचमाती ड्रेस पहनी हुई है। यह किसी कार्यक्रम के दौरान का वीडियो लग रहा है, क्योंकि तमन्ना स्टेज पर डांस कर रही हैं और उनके पीछे कई जूनियर आर्टिस्ट भी उनके साथ ताल में ताल मिलाते नजर आ रही हैं। तमन्ना का 'गफूर' गाने पर यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। जिस पर यूजर्स लगातार अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कुछ तमन्ना के इस डांस को पसंद कर रहे हैं, तो कुछ यूजर्स उन्हें ट्रोल भी कर रहे हैं।कई यूजर्स ने लिखा- 'किस किस को ये बिल्कुल पसंद नहीं है'। 'इस गाने पर किस किस को फरहाना भट्ट का डांस याद आया'। मेरी पसंदीदा एक्ट्रेस। वाह वाह वाह क्या डांस किया है। कितनी खूबसूरत, तो वहीं कई फैंस ने तमन्ना के इस वीडियो पर फायर और लाल दिल वाले इमोजी भी बनाएं हैं। फिल्म 'वीवनः फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' में तमन्ना भाटिया नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ सिद्धार्थ मलहोत्रा भी मुख्य भूमिका में होंगे। इस हॉरर फिल्म की कहानी पुराने जंगलों पर आधारित है। इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है।



## हॉलीवुड मसाला

# ड्यून-3 की मिली पहली झलक



**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्म 'ड्यून'के दोनों पार्ट्स ने अच्छा-खासा कलेक्शन बॉक्स ऑफिस पर किया था। इस फ्रैंचाइज की तीसरी कड़ी का इंतजार दर्शकों को काफी समय से है। मेकर्स ने मंगलवार को फिल्म के कैरेक्टर्स से जुड़े कई फर्स्ट लुक शेयर किए हैं। इस फर्स्ट लुक में कई चर्चित किरदार नजर आए, जिन्हें नामी हॉलीवुड एक्टर्स ने निभाया है। मेकर्स ने एक्टर टिमोथी चालमेट से लेकर रॉबर्ट पैटिंसन के अलावा कई एक्टर्स के लुक शेयर किए हैं।



# ऑस्कर में पहुंचने से पहले बाल-बाल बचे निक-प्रियंका

**लॉस एंजिल्स।** ग्लोबल पॉवर कपल निक जोनस और प्रियंका चोपड़ा ने ऑस्कर अवॉर्ड सेरेमनी में भाग लेकर एक बार फिर फैंस की धड़कनें बढ़ा दीं। मगर इस आइकॉनिक मूमेंट के होने से ठीक पहले दोनों एक हादसे के शिकार होने से बचे। 98वें ऑस्कर अवॉर्ड में प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस भी हिस्सा लेने पहुंचे थे। रेड कार्पेट पर जाने के लिए कपल काफी लेट था। ऐसे में दोनों को मेन गेट से अंदर तक जाने के लिए एक गोल्फ कार्ट तैयार थी। निक और प्रिंयका उसमें बैठे और जैसे ही ड्राइवर कार्ट को मोढ़ा तो उसका बैलेंस बिगड़ गया। इस दौरान गोल्फ कार्ट का एक पहिया जमीन से हवा में उठ गया। ऐसे में बैलेंस बनाने के लिए तुरंत निक और प्रियंका ने कार्ट को जोर से पकड़ा। ड्राइवर ने भी कुछ ही सेकेंड में कार्ट पर काबू पा लिया और हादसा टल गया।



# फैमिली संग बर्थडे मनाकर मुंबई लौटीं आलिया

**मुंबई।** अभिनेत्री आलिया भट्ट ने अपने 33वें जन्मदिन का जश्न विदेश में मनाया। वे परिवार के साथ हांगकांग पहुंचीं। मंगलवार को जब वे मुंबई आईं तो हमेशा की तरह पैप्स ने उन्हें घेर लिया। इस दौरान रणबीर ने एक मजेदार सवाल किया। इस खूबसूरत जोड़ी को साथ देख हमेशा की तरह पैपराजी उन्हें कैमरे में कैद करने दौड़ पड़े। इस दौरान रणबीर कपूर ने मजेदार अंदाज में पैप्स से सवाल किया। रणबीर कपूर अपनी पत्नी आलिया का जन्मदिन सेलिब्रेट कर मुंबई लौट आए हैं। कपल को साथ देख पैपराजी भी वहां जुट गए और आलिया को जन्मदिन की बधाई देने लगे। इस दौरान रणबीर ने पैप्स से सवाल किया, 'केक नहीं लाए?' 'केक किधर है'? रणबीर के इस सवाल पर आलिया भी मुस्कुरा उठीं। साथ ही पैपराजी भी हंसने लगे।



# तुम चांद देख लेना का टीजर रिलीज...

**मुंबई।** सलमान खान की आगामी फिल्म का नाम हाल ही में 'मातृभूमिः में वॉर रेस्ट इन पीस' बताया गया है। पहले इस फिल्म का नाम 'बैटल ऑफ गलवां' रखा गया था। मंगलवार को फिल्म का एक रोमांटिक गाना 'तुम चांद देख लेना' का टीजर जारी किया गया है। जिसमें सलमान और चित्रांगदा नजर आ रहे हैं। इस गाने में सलमान खान और चित्रांगदा सिंह के बीच एक ऐसे रोमांटिक पहलू को दिखाया गया है, जो इस फिल्म में इन दोनों की रोमांटिक प्रेम कहानी को बयां करता है। इस गाने में चित्रांगदा गुलाबी ड्रेस में सजी-धजी, सलमान का इंतजार करती हुई दिखाई दे रही हैं, जबकि सलमान खान पास ही में उनके सामने इस गाने पर डांस करते नजर आ रहे हैं, जिसके बैकग्राउंड में चमकता हुआ चांद दिखाई दे रहा है।

## टीवी मसाला



# '24' सीजन 3 में अनिल फिर बनेंगे आईटीयू चीफ

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर अनिल कपूर जहां एक ओर 'सूबेदार' में अपने एंग्री ओल्ड मैन वाले अंदाज को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं, वहीं, उन्होंने एक्स पर कंफर्म किया है कि 10 साल बाद वह एक बार फिर से '24' सीजन 3 में जय सिंह राठौड़ बनकर लौट रहे हैं। एक फैन के 'सूबेदार' से जुड़े पोस्ट पर उन्होंने यह पुष्टि की है। 24, इसी नाम की अमेरिकी सीरीज का देसी रीमेक है, जिसका पहला सीजन 2013 में और फिर दूसरा सीजन 2016 में ऑन-एयर हुआ था। शो में अनिल कपूर का किरदार जय सिंह राठौड़, आईटीयू का चीफ है, जो अपने परिवार और देश को एक आतंकवादी हमलों से बचाने के लिए समय के विरुद्ध लड़ाई लड़ता है। दोनों सीजन में जय के पास केस को सुलझाने और दुश्मनों को पकड़ने के लिए 24 घंटे का वक्त रहता है। सीजन-3 की कहानी भी इसी तरह के प्लॉट पर आगे बढ़ेगी। अभिनय देव के डायरेक्शन में बनी इस सीरीज में साक्षी तंवर ने जय की बॉस मल्लिका सेन, सुरवीन चावला ने उनकी प्रेमिका माया और सिकंदर खेर ने हारून शेरचान की भूमिका निभाई थी। नील भूपालम ने आदित्य सिंघानिया का किरदार निभाया, जो देश के प्रधानमंत्री का था। हालांकि, अभी यह कंफर्म नहीं है कि सीजन-3 में इनमें से कितने किरदार पर्दे पर वापसी करेंगे। '24' सीजन 2 की कहानी में जय, एक आतंकवादी मास्टरमाइंड रोशन शेरचन (आशीष विद्यार्थी) और उसकी साथी शिवानी मलिक (साक्षी तंवर) को गिरफ्तार करवा लेता है।

## दुल्हन बनीं कृतिका को देख रो पड़े गौरव

**नई दिल्ली।** कृतिका कामरा और गौरव कपूर की शादी का बेहद प्यारा वीडियो सामने आया है, जो चर्चा में है। कृतिका ने जब दुल्हन बन साड़ी में पापा संग एंट्री की, तो गौरव रो पड़े। उन्हें देख कृतिका हैरान रह गईं। वीडियो में कृतिका और गौरव की शादी की रस्मों और वरमाला की भी झलक है। शादी के बाद जहां कृतिका और गौरव ने तस्वीरें शेयर कर फैंस का दिल जीता, वहीं पपाराजी को मिठाइयां भी बांटी थीं। सोशल मीडिया अभी भी कृतिका कामरा और गौरव कपूर की शादी की तस्वीरों-वीडियो से पटा पड़ा है। इसी बीच न्यूली वेड कपल ने शादी का बेहद प्यारा और इमोशनल वीडियो सामने आया है। इसमें गौरव कपूर दुल्हन बनीं कृतिका को देख रोते नजर आए। शेयर किए गए वेडिंग वीडियो में उन खास पलों और रस्मों की झलक दिखाई गई है, जो कृतिका कामरा और गौरव कपूर की शादी में हुईं।



# सरके चुनर तेरी गाने ने अश्लीलता की हदें पार की, बॉलीवुड पर लगे लगाम : कंगना

**मुंबई।** नोरा फतेही और संजय दत्त स्टारर फिल्म 'केडीः द डेविल' का गाना 'सरके चुनर तेरी सरके' रिलीज के बाद अपने आपत्तिजनक बोल और कोरियोग्राफी के कारण विवादों में घिर गया है। इस गाने के सेंसर बोर्ड से पास होने को लेकर भी विवाद है। अब अभिनेत्री और राजनेता कंगना रनौत ने भी इस गाने की कड़ी आलोचना करते हुए बॉलीवुड पर 'अश्लीलता' की हदें पार करने का आरोप लगाया है। कंगना ने कहा, 'बॉलीवुड ने अश्लीलता, हथकंडों और ध्यान आकर्षित करने के मामले में सारी हदें पार कर दी हैं। पूरा देश उनकी निंदा और आलोचना कर रहा है। लेकिन, मुझे नहीं लगता कि उन्हें कोई शर्म है। इस तरह की अश्लीलता और अभद्रता के प्रदर्शन पर और भी सख्ती बरतने की जरूरत है। मुझे लगता है कि बॉलीवुड पर कड़ी लगाम लगानी होगी। कंगना से पहले भी कई लोगों ने इस गाने के बोलों पर आपत्ति जताई है।





गायक अरमान मलिक ने भी गाने के बोल सुनकर हैरानी जताई। अपने एक्स अकाउंट पर उन्होंने कहा कि बोल सुनकर उन्हें वीडियो दोबारा देखना पड़ा, क्योंकि उन्हें यकीन नहीं हो रहा था कि उन्होंने क्या सुना है। कमर्शियल गानों में लिरिक्स का स्तर नए निचले स्तर पर पहुंच गया है। इस हद तक गिरते देखकर दुख होता है। 'सरके चुनर तेरी सरके' आगामी पैन इंडिया कन्नड़ फिल्म 'केडीः द डेविल' का हिस्सा है, जिसका निर्देशन प्रेम ने किया है। गीत की शुरुआती पंक्तियां दोहरे अर्थों वाली हैं, जिनमें यौन संबंध का काफी विस्तृत वर्णन किया गया है।

# आयुष्मान ने गाया साड्डी गली का नया वर्जन...

**मुंबई।** एक्टर-सिंगर आयुष्मान खुराना ने पुरानी यादों को ताजा करते हुए अपने मशहूर गाने 'साड्डी गली' का एक नया वर्जन रिलीज किया है। अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर आयुष्मान ने अपना एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह गिटार बजाते हुए इस नए वर्जन को गाते हुए नजर आ रहे हैं। इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए आयुष्मान ने लिखा 'पिछले कुछ दिनों से मैं देख रहा हूं कि आप में से बहुत से लोग मेरे म्यूजिक पर वीडियो बना रहे हैं और सोशल मीडिया पर अपनी यादें शेयर कर रहे हैं। इससे मुझे भी पुरानी बातें याद आ गईं, इसलिए मैंने 'साड्डी गली' का एक ऐसा अनसुना वर्जन शेयर करने का फैसला किया, जो ओरिजिनल गाने में शामिल नहीं हो पाया था।' एक्टर ने फैंस को यह भी हिंट दी कि इस साल वह और भी म्यूजिकल पीस लेकर आएंगे। उन्होंने कहा 'इस साल मैं और भी गाने गाऊंगा।' आयुष्मान का यह वीडियो वायरल हो गया है। वीडियो देखकर कई फैंस खुश हुए और इसकी तारीफ की। आयुष्मान खुराना के गाने उनके फैंस के लिए पहली पसंद रहे हैं। उनकी फिल्म 'विकी डोनर' के गाने 'पानी दा रंग' को दर्शकों ने खूब पसंद किया। उन्होंने 'मिट्टी दी खुशबू', 'इक वारी', 'साड्डी गली' और ऐसे ही कई और गाने गाए हैं। आयुष्मान जल्द ही 'पति पत्नी और वो दो' में नजर आएंगे। यह फिल्म 15 मई, 2026 को रिलीज होगी। आने वाली फिल्म में आयुष्मान खुराना, सारा अली खान, रकुल प्रीत सिंह और वामिका गब्बी लीड रोल में हैं। इसके निर्देशक मुदस्सर अजीज हैं।



## पीकी ब्लाइंडर्सः द इम्मोर्टल मैन में दिखाई गई है बदले की कहानी

# इस हफ्ते ओटीटी पर रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली। इन दिनों सिनेमाघरों में कोई ऐसी बड़ी फिल्म नहीं है, जो दर्शकों को अपनी तरफ बुला सके। 19 मार्च को 'धुरंधर 2' बड़े पर्दे पर दस्तक देने वाली है। इस बीच इस हफ्ते कई फिल्में और सीरीज ओटीटी पर रिलीज होने वाली हैं।*



**चिरैया :** दिव्या दत्ता और संजय मिश्रा की अदाकारी वाली वेब सीरीज 'चिरैया' 20 मार्च को जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने के लिए तैयार है। दर्शकों को इसका ट्रेलर पसंद आया है। इसमें शादी और रजामंदी का मुद्दा उठाया गया है। इसमें टीनू आनंद, प्रसन्ना विष्ट, सिद्धार्थ शॉ, फैसल राशिद और सरिता जोशी जैसे कलाकार हैं।

**जैज सिटी :** टीवी सीरीज 'जैज सिटी' 19 मार्च को सोनी लिव पर दस्तक देगी। पॉलिटिकल थ्रिलर सीरीज बांग्लादेश मुक्ति युद्ध के दौरान, 1971 के कलकत्ता की पृष्ठभूमि पर आधारित है। इसके निर्देशक, लेखक और निर्माता सौमिक सेन हैं। इसमें सौरासेनी मैत्रा, शांतनु घटक, अनिरुद्ध गुप्ता और एलेक्जेंड्रा टेलर अहम भूमिकाओं में हैं।

**कासरगोड एंबेसी :** मलयालम वेब सीरीज 'कासरगोड एंबेसी' 20 मार्च से जी5 मलयालम पर स्ट्रीम होगी। सात एपिसोड वाली इस सीरीज में नकली पासपोर्ट बनाने वालों के रैकेट के बारे में दिखाया गया है। इसमें अबू सलीम, गोविंद पाई, कबीर दुहान, रॉनी डेविड और दीपक परमबोल जैसे कलाकार हैं। इसके निर्देशक आतिश एम नायर हैं।

**फ्यूरीज सीजन 2 :** वेब सीरीज 'फ्यूरीज सीजन 2' 18 मार्च को नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी। इसमें मुख्य कलाकार पेरिस में एक दमनकारी शासन से टकराएंगे। इसमें लीना अल अरबी, मरीना फोइस अहम किरदारों में होंगे। सीरीज का पहला सीजन नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।

**डेडलॉक :** वेब सीरीज 'डेडलॉक' का दूसरा सीजन 20 मार्च 2026 को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगा। इसमें छह एपिसोड होंगे। यह जासूसी सीरीज है। इसमें केट बॉक्स, मैडलीन सामी, नीना ओयामा, और एलिसिया गार्डिनर अहम किरदारों में हैं।

**पीकी ब्लाइंडर्सः द इम्मोर्टल मैन :** 'पीकी ब्लाइंडर्सः द इम्मोर्टल मैन' एक ब्रिटिश फिल्म है। इसमें बदले की कहानी दिखाई गई है। यह 20 मार्च को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इसके निर्देशक टॉम हारपर हैं। इसमें किलियन मर्फी, रेबेका फर्ग्यूसन, टिम रोथ, स्टीफेन ग्राहम, और सोफी रंडल अहम किरदारों में होंगे।

### द राइज ऑफ द रेड हॉट चिली पेपर्सः अवर ब्रॉदर, हिलेल

93 मिनट की यह डॉक्यूमेंट्री रेड हॉट चिली पेपर्स के शुरुआती वर्षों और मूल गिटारिस्ट हिलेल स्लोवाक के प्रभाव को दर्शाती है। उनकी 1988 में ड्रग की ओवरडोज से मृत्यु हो गई थी। यह 20 मार्च को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

***इंपरफेक्ट वुमन :*** *'इंपरफेक्ट वुमन' साइकोलोजिकल थ्रिलर टीवी सीरीज है, जो 18 मार्च को एप्पल टीवी पर स्ट्रीम होगी। इसमें दिखाया गया है कि एक अपराध का वर्षों पुरानी दोस्ती पर असर पड़ता है। यह सीरीज अरामिंटा हॉल के नॉवेल 'इंपरफेक्ट वुमन' पर आधारित है। इसमें एलिजाबेथ मॉस, केरी वॉशिंगटन, केट मारा, जोएल किन्नामन और कोरी स्टॉल अहम किरदारों में होंगी।*

***रेडियोएक्टिव इमरजेंसी :*** *'रेडियोएक्टिव इमरजेंसी' एक ब्राजीलियन डॉक्यूड्रामा सीरीज है। यह 18 मार्च को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने के लिए तैयार है। यह 1987 में ब्राजील में हुई रेडियोधर्मी दुर्घटना का नाटकीय रूपांतरण है। इसमें जॉनी मासारो, पाउलो गोर्गुल्हो, तुका एंड्राडा और एंटोनियो सबोइया अहम किरदारों में हैं।*

***अमोर एनिमल :*** *वेब सीरीज 'अमोर एनिमल' एक अर्जेंटीनाई रोमांटिक ड्रामा सीरीज है। यह 20 मार्च को अमेजन प्राइम वीडियो पर आएगी। इसमें एक गरीब आर्टिस्ट और एक अमीर लड़की की कहानी दिखाई गई है। इसमें तात्याना ग्लिकमैन, फ्रैंको मासिनी, सैंटियागो अचागा, वैलेंटिना जेनेरे और ओलिविया नस जैसे कलाकार हैं।*

संगठनात्मक ढांचे में बड़ा बदलाव करने की तैयारी

# प्रांत व्यवस्था खत्म करेगा संघ, संभाग आधारित नई संरचना की तैयारी, मध्य मालवा और महाकौशल प्रांत होंगे खत्म, संपूर्ण प्रदेश में एकीकृत होगा नेतृत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आरएसएस मध्यप्रदेश में अपने संगठनात्मक ढांचे में बड़ा बदलाव करने की तैयारी में है। संघ अब तक चल रही प्रांत व्यवस्था को खत्म कर संभाग आधारित नई संरचना लागू करने की दिशा में काम कर रहा है। इस बदलाव के तहत प्रदेश में वर्तमान में मौजूद मध्य, मालवा और महाकौशल प्रांत की व्यवस्था समाप्त की जा सकती है और पूरे प्रदेश में संगठन का संचालन एकीकृत ढांचे के तहत किया जाएगा।

संघ के सूत्रों के मुताबिक संगठन की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के बाद अब प्रशासनिक और संचालन व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के लिए यह बड़ा बदलाव प्रस्तावित है। नई व्यवस्था लागू होने के बाद संगठन की गतिविधियां अलग-अलग प्रांतों के बजाय संभाग स्तर पर संचालित होंगी।


फाइल फोटो

### 46 जिलों की जगह 80 से ज्यादा संगठनात्मक इकाइयों पर विचार

संघ की हालिया बैठकों में संगठन के विस्तार और प्रभावी संचालन को लेकर व्यापक चर्चा हुई है। इसमें प्रदेश में मौजूदा 46 जिलों की जगह 80 से अधिक संगठनात्मक इकाइयों का ढांचा तैयार करने का प्रस्ताव सामने आया है। नई व्यवस्था लागू होने के बाद सभी संभाग सीधे प्रदेश संगठन के अंतर्गत काम करेंगे। इससे निर्णय लेने की प्रक्रिया तेज होगी और कार्यक्रमों का संचालन पूरे प्रदेश में एक समान तरीके से किया जा सकेगा।

### प्रदेश स्तर पर मजबूत होगा नेतृत्व

संघ के भीतर इस बदलाव को संगठनात्मक रूप से बड़ा कदम माना जा रहा है। अभी तीन प्रांतों में नेतृत्व अलग-अलग स्तर पर काम करता है, लेकिन नई व्यवस्था में प्रदेश स्तर पर नेतृत्व अधिक मजबूत और केंद्रीकृत हो जाएगा। संघ के जानकारों का मानना है कि इससे संगठन की रणनीति और कार्यक्रमों को पूरे प्रदेश में समान रूप से लागू करना

### तेजी से बढ़ीं शाखाएं और गतिविधियां

*संघ से जुड़े सूत्रों के अनुसार पिछले कुछ वर्षों में मध्यप्रदेश में शाखाओं और सामाजिक गतिविधियों का तेजी से विस्तार हुआ है। इसके चलते संगठनात्मक ढांचे को अधिक प्रभावी बनाने की जरूरत महसूस की जा रही थी। इसी के चलते अब प्रांत व्यवस्था को खत्म कर संभाग आधारित नई प्रणाली लागू करने की तैयारी की जा रही है, जिससे संघ की गतिविधियों का संचालन अधिक संगठित और प्रभावी तरीके से किया जा सके।*

## खबर संक्षेप

### विक्रम व्यापार मेले की अवधि अब 29 मार्च तक

**उज्जैन।** शहर में चल रहे विक्रम व्यापार मेले की अवधि 10 दिन बढ़ा दी गई है। अब मेले में 29 मार्च 2026 तक वाहन खरीदे जा सकेंगे। राज्य शासन द्वारा नॉन-कमर्शियल वाहनों पर 50 प्रतिशत कर छूट की सुविधा दी जा रही है। इसी छूट का लाभ लेने के लिए मेले में बड़ी संख्या में लोग वाहन खरीदने पहुंच रहे हैं। बढ़ती मांग को देखते हुए मेले की अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। अब इच्छुक लोग 29 मार्च तक उज्जैन के विक्रम व्यापार मेले में दोपहिया और चारपहिया वाहन खरीदकर कर छूट का लाभ ले सकेंगे। शासन की इस सुविधा से वाहन खरीदारों के साथ-साथ ऑटोमोबाइल कारोबारियों को भी राहत मिलने की उम्मीद है।

### महिला दिवस के उपलक्ष्य में हुआ जागरुकता कार्यक्रम

**भोपाल।** महिला दिवस के उपलक्ष्य में बेटी सृष्टि महिला मंडल समिति द्वारा एक विशेष जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में छोला थाना प्रभारी सरस्वती तिवारी शामिल हुई। इस दौरान उन्होंने महिला अधिकारों, सुरक्षा तथा कानून संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी और महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरुक रहने के लिए प्रेरित किया। संस्था की अध्यक्ष राजकुमारी जोशी ने कहा कि महिलाओं की जागरूकता और सशक्तिकरण समाज के विकास के लिए आवश्यक है।

### हर कार्यकर्ता की भूमिका होती है महत्वपूर्ण : हाड़ा

**भोपाल।** भाजपा भोपाल नगर के नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों की परिचयात्मक बैठक सोमवार को अटल भवन स्थित भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में भोपाल जिलाध्यक्ष रविन्द्र यति एवं भोपाल के जिला प्रभारी जसवंत सिंह हाड़ा उपस्थित रहे। हाड़ा ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता आधारित संगठन है, जहां प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण है।

### बिना सुरक्षा इंतजामों के गोदाम में भरा प्लास्टिक

**भोपाल।** मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल जिले के दो मामलों में संज्ञान लिया है। पहला मामला भोपाल शहर के भेल टाउनशिप क्षेत्र में बिना सुरक्षा इंतजामों एवं नियमों के ही गोदाम आदि किराये पर दिये जाने का है। आयोग के संज्ञान में आया है कि भेल नगर प्रशासन द्वारा रिहायशी इलाके के बीचों-बीच स्थित एक बड़े गोदाम को किराये पर दे दिया गया है।

100 दिवसीय अभियान में जल संरक्षण के होंगे कार्य, जनआंदोलन बनाने का लिया संकल्प

# नववर्ष प्रतिपदा पर शिप्रा तट उज्जैन में 19 मार्च से शुरू होगा जल गंगा संवर्धन अभियान

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जल संबंधी जरूरतों की पूर्ति और भावी पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों की सुरक्षा की मंशा से प्रदेश सरकार एक बार फिर बड़े पैमाने पर जल गंगा संवर्धन अभियान शुरु करने जा रही है। भारतीय नववर्ष प्रतिपदा (गुढ़ी पड़वा) के शुभ अवसर पर 19 मार्च को उज्जैन की शिप्रा नदी तट से इस राज्य स्तरीय अभियान का शुभारंभ किया जा रहा है। यह अभियान 30 जून तक अनवरत चलेगा। डॉ. यादव ने कहा कि जल संरक्षण को एक सामाजिक आंदोलन बनाना है। प्रदेश की जनता, पंचायतों, स्वयंसेवी संगठनों और विभिन्न शासकीय विभागों की साझेदारी से यह अभियान प्रदेश में जल संवर्धन की नई मिसाल स्थापित करेगा।

**वृहद अभियान के लिए सरकार कर रही व्यापक तैयारी**

**बूंद-बूंद बचाने के लिए किए जाएंगे हर संभव प्रयास**



फाइल फोटो।

### पहले चरण में बनीं 2.79 लाख जल संरचनाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2024 में राज्य स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान का पहला चरण प्रारंभ किया गया था। इसमें जल संरक्षण के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए गए। पहले चरण में कुल 2.79 लाख से अधिक जल संरचनाओं का निर्माण और पुनर्जीवन किया गया।

### दूसरे चरण के काम भी हो रहे तेजी से

वर्ष-2025 में चलाए गए जल संरक्षण अभियान के दूसरे चरण में भी व्यापक स्तर पर कार्य हुए। इस चरण में प्रदेश में 72 हजार 647 से अधिक जल संरचनाओं का निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त 64 हजार 395 जल संरचनाओं का निर्माण कार्य अभी भी प्रगति पर है। इन कार्यों में खेत तालाब, चेक डैम, स्टॉप डैम, नहर, कुएं, बावड़िया तथा अन्य जल संचयन संरचनाएं बनाई जा रही हैं। इन परियोजनाओं से ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में जल उपलब्धता को स्थायी रूप से बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।

### नई जल संरचनाएं बनाना उद्देश्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में जल संरक्षण की परम्परा सदियों पुरानी है। प्राचीन काल से ही तालाब, कुएं और बावड़िया सिर्फ जल के स्त्रोत न होकर सामाजिक जीवन का केंद्र हुआ करते थे। सरकार उसी परम्परा को आधुनिक तकनीक और जनभागीदारी के जरिए पुनर्जीवित करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान का उद्देश्य नई जल संरचनाएं बनाने के साथ ही प्रदेश में जल संरक्षण की संस्कृति को समृद्ध करना भी है। अभियान से गांव-गांव में लोगों को यह समझाया जाएगा कि वर्षा जल का संरक्षण, भूजल का पुनर्भरण और जल स्त्रोतों का संरक्षण जीवन और विकास दोनों के लिए अनिवार्य है।

### सफलता का सबसे बड़ा आधार जनभागीदारी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि जल गंगा संवर्धन अभियान की सफलता का सबसे बड़ा आधार जनभागीदारी है। उन्होंने प्रदेश के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे जल संरक्षण के इस महाअभियान में बढ़-चढ़कर भागीदारी करे। उन्होंने कहा कि गांव-गांव में श्रमदान कर तालाब और कुओं की सफाई की जाए। उन्होंने कहा कि यदि समाज और सरकार मिलकर काम करेंगे, तो प्रदेश जल समृद्ध राज्य बन सकता है। जल गंगा संवर्धन अभियान से जल संरक्षण को तो बढ़ावा मिलेगा ही, साथ ही इसके दूरगामी पर्यावरणीय और आर्थिक लाभ भी होंगे। जलवायु परिवर्तन और अनियमित वर्षा की चुनौती के दृष्टिगत जल प्रबंधन आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुका है। प्रदेश सरकार का यह अभियान इसी दिशा में एक अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है।

बजट सत्र : विपक्षी विधायकों ने स्पीकर के सामने की नारेबाजी

# राज्यसभा चुनाव को लेकर विधानसभा में हंगामा, 8 कांग्रेसी विधायक नेम, वॉकआउट



- हुड्डा का तंज, मैं बोलने उठता हूं और मंत्री डांस में लग जाते हैं
- मंत्री बेदी का सख्त रुख, कहा 'रिकॉर्डिंग चेक करो, गलत निकला तो माफी भी मंगवाऊंगा, छोड़ूंगा नहीं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा बजट सत्र का बारहवें दिन की कार्यवाही बेहद ही हंगामेदार रही। खासतौर पर राज्यसभा का चुनाव मुद्दा बना और कांग्रेसी विधायकों ने स्पीकर की चेयर के सामने जाकर हंगामा, शोरगुल, नारेबाजी की कईं बार विस अध्यक्ष की ओर से चेतावनी दी गई। उसके बाद भी विधायक नहीं माने, तो 15 मिनट के लिए कार्यवाही को रोक दिया गया। जिसके बाद में एक बार फिर से शुरु हुई, तो शोरगुल व नारेबाजी के बीच दोपहर भोज का अंतराल कर दिया गया। दूसरे चरण में कार्यवाही शुरु होने पर जब एक बार फिर से हंगामा और नारेबाजी की गई, तो 8 को नेम कर दिया गया। इस दौरान शोरगुल, हंगामा व नारेबाजी करते हुए वोट चोर वोट चोर गद्दी छोड़ करते हुए कांग्रेस विधायक बाहर चले गए विस परिसर में ही नारेबाजी करते रहे। सुबह 11 बजे प्रश्नकाल के साथ ही शुरु हुई कार्रवाई के बाद में राज्यसभा चुनाव को लेकर जमकर हंगामा और नारेबाजी शुरु हो गई। नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा इस पर बोलने खड़े हुए तो सत्ता पक्ष की ओर से मंत्री कृष्ण बेदी गौरव गौतम खड़े हो गए।

### नायब का कांग्रेस पर तंज, आरोप लगाकर भाग जाना उनकी फितरत

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि आज प्रदेश की जनता देख रही है जिस प्रकार कांग्रेस के विधायक सदन में झूठ बोलकर सदन से वॉक आउट कर जाते हैं, यही कांग्रेस की फितरत रही है कि आरोप लगाओ और भाग जाओ। उन्होंने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जो अपने आप को नहीं संभाल सकते वो घर को क्या संभालेंगे। हम पर झूठे आरोप लगाकर वह भाग जाते हैं। विपक्ष का यह रवैया दुर्भाग्यपूर्ण है। मुख्यमंत्री मंगलवार को विधानसभा के बजट सत्र के दौरान बजट अनुमान 2026—27 पर चर्चा के उपरांत जवाब दे रहे थे। कांग्रेस के वॉकआउट करने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्षी सदस्य पता नहीं किस चश्मे से बजट को देख रहे हैं। विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है।

# रसोई गैस संकट के बीच रायपुर में घर में घुसकर सिलेंडर चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी में गैस की किल्लत के बीच अब सिलेंडर चोरी की घटनाएं भी सामने आने लगी हैं। ताजा मामला राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र का है, जहां अज्ञात चोर एक मकान की दीवार फांदकर आंगन में रखा गैस सिलेंडर चोरी कर ले गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, बजाज कॉलोनी सेक्टर-7, न्यू राजेंद्र नगर निवासी रितेश (45) ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वे सिविल इंजीनियर हैं और उनके घर के आंगन में एचपी कंपनी का खाली गैस सिलेंडर रखा हुआ था। सुबह करीब 4:30 बजे से पांच बजे के बीच किसी अज्ञात चोर ने घर की दीवार फांदकर अंदर प्रवेश



किया और आंगन में रखा खाली गैस सिलेंडर लेकर फरार हो गया। पीड़ित के अनुसार, घटना के बाद उन्होंने अपने स्तर पर सिलेंडर की काफी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। इसके बाद राजेंद्र नगर थाने पहुंचकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

### 2000 रुपए बताई गई कीमत

चोरी हुए सिलेंडरों की कीमत करीब 2000 रुपए बताई गई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपित के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपी की पहचान कर गिरफ्तारी की जाएगी।

### आपूर्ति पर 20 से 25 प्रतिशत तक का कोटा निर्धारित

एलपीजी गैस सिलेंडरों की किल्लत गहराने पर तेल कंपनियों ने गैस एजेंसियों को होने वाली आपूर्ति पर 20 से 25 प्रतिशत तक का कोटा निर्धारित कर दिया है। यानी अब मांग के अनुरूप नहीं, बल्कि तय कोटे के आधार पर ही सिलेंडरों की आपूर्ति की जाएगी। राजधानी समेत प्रदेश के कई हिस्सों में गैस एजेंसियों के बाहर उपभोक्ताओं की लंबी कतारें देखी जा रही हैं।

### 741 अवैध गैस सिलेंडर जब्त

प्रदेश के पांच बाटलिंग प्लांटों में पर्याप्त स्टाक उपलब्ध है, जिसे 540 वितरकों के माध्यम से नियमित रूप से सप्लाई किया जा रहा है। प्रशासन ने जमाखोरों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए अब तक 102 स्थानों पर कार्रवाई कर 741 अवैध गैस सिलेंडर जब्त किए हैं।

# क्षेत्रीय संगठन महामंत्री ने की टोली सदस्यों के साथ बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026 को लेकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यक्रम जारी है। भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान - 2026 के टोली सदस्यों की बैठक की। इस दौरान आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा हुई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



# भारतमाला मुआवजा घोटाला: फरार एसडीओ निर्भय साहू गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बहुचर्चित भारतमाला परियोजना मुआवजा घोटाला मामले में कार्रवाई करते हुए जांच एजेंसी ने लंबे समय से फरार चल रहे तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी (एसडीओ) एवं सक्षम प्राधिकारी (भू-अर्जन) अभनपुर निर्भय कुमार साहू को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर पद का दुरुपयोग कर करोड़ों रुपए के फर्जी मुआवजा वितरण का गंभीर आरोप है। ब्यूरो में दर्ज अपराध क्रमांक 30/2025 के तहत आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज है। यह पूरा मामला रायपुर-विशाखापट्नम एवं दुर्ग बायपास भारतमाला परियोजना के तहत भूमि अधिग्रहण में गड़बड़ी से जुड़ा हुआ है। जांच में सामने आया है कि साहू ने वास्तविक मुआवजे से कई गुना अधिक राशि जारी की।

पंडित कुंजीलाल दुबे संसदीय विद्यापीठ में 'क्षेत्रीय दलों की भूमिका और राष्ट्रीय एकता' पर वैचारिक मंथन

# राष्ट्रहित के विचार सर्वोपरि होना चाहिए : विधायक सबनानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संसदीय कार्य विभाग के तत्वावधान में संचालित पंडित कुंजीलाल दुबे राष्ट्रीय संसदीय विद्यापीठ, भोपाल द्वारा विश्वविद्यालयीन एवं महाविद्यालयीन स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्या संसदीय लोकतंत्र में क्षेत्रीय दलों की बढ़ती भूमिका राष्ट्रीय एकता के लिए खतरा है विषय पर आयोजित कार्यक्रम में युवाओं ने संसदीय लोकतंत्र के विभिन्न आयामों पर प्रखरता से अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विधायक सबनानी ने कहा कि लोकतंत्र की जीवंतता के लिए वैचारिक विविधता आवश्यक है, परंतु क्षेत्रीय दलों की सक्रियता और उनकी भूमिका सदैव राष्ट्रहित की परिधि में पल्लवित होनी चाहिए। सबनानी ने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में संवैधानिक मूल्यों के प्रति चेतना जाग्रत करने का सशक्त माध्यम हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय कुलपति डॉ. देव आनंद हिंडोलिया एवं संसदीय कार्य विभाग के अपर सचिव राजेश गुप्ता उपस्थित रहे।

हायर रेट की रजिस्ट्रियां देखकर प्रस्तावित कर दिए बढ़े हुए दाम

# निर्मल सिटी भानपुर में 181, मुर्गी बाजार में 150 फीसदी महंगे होंगे मकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पंजीयन विभाग जनप्रतिनिधि और आम लोगों के विरोध को दरकिनार कर रहा है। पिछले दिनों कलेक्टोरेट में रखी गई जिला मूल्यांकन समिति की बैठक में समिति के सदस्य और विधायक भगवानदास सबनानी ने अफसरों से शहर भर में प्रॉपर्टी के दाम बढ़ाने को लेकर सवाल किए थे, जिसको लेकर अफसरों ने पूरा ब्यौरा पेश करने की बात कही थी, लेकिन प्रस्तावित गाइडलाइन में अब तक कोई बदलाव नहीं किया गया है। पंजीयन ने इस बार सबसे ज्यादा बढ़ोतरी भानपुर की निर्मल सिटी में 181 फीसद पेश की है, जबकि जहांगीराबाद के मुर्गी बाजार में भी डेढ़ फीसद तक दाम बढ़ाने की तैयारी है। हालांकि कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह का कहना है कि प्रस्तावित दामों को लेकर जांच कराई जा रही है। जहां जरूरत होगी, वहीं पर दाम बढ़ाए जाएंगे।

पंजीयन विभाग ने इस बार 628 लोकेशन पर बढ़ोतरी का प्रस्ताव पेश किया है। जबकि 795 लोकेशन को मर्ज किया जा रहा है, जिससे इन जगहों पर भी प्रॉपर्टी के दाम बढ़ जाएंगे। पंजीयन विभाग के प्रस्तावित ड्राफ्ट में नगर निगम क्षेत्र की सबसे बड़ी बढ़ोतरी निर्मल सिटी भानपुर में दर्ज की गई है, जहां पर 6400 प्रति वर्गमीटर के रेट को बढ़ाकर 18 हजार रुपए कर दिया है, जिससे यहां 181 फीसदी की बढ़ोतरी हो रही है। इसी तरह मुर्गी बाजार जहांगीराबाद में भी 32 हजार रुपए प्रतिवर्गमीटर को बढ़ाकर 80 हजार रुपए कर दिया है, जिससे यहां 150 फीसद तक प्रॉपर्टी के दाम बढ़ जाएंगे। निशातपुरा सड़क पर भी 166 फीसद तक बढ़ोतरी की जा रही है। इसके साथ एक दर्जन से अधिक कॉलोनियों में सौ फीसदी तक बढ़ोतरी की जा रही है।

### 90 लोकेशन पर 50% बढ़ोतरी

पंजीयन विभाग के अफसरों की मनमानी का आलम यह है कि बढ़ोतरी वाली लोकेशनों में 90 लोकेशन ऐसी हैं, जहां पर पचास और पचास प्रतिशत से अधिक बढ़े हुए दाम प्रस्तावित कर दिए हैं। अफसरों ने इस बार भी नए ड्राफ्ट को ऑनलाइन जारी किया था, जबकि दफ्तरों में ऑफलाइन भी ड्राफ्ट को रखा जाना था। परी बाजार स्थित दफ्तर में कर्मचारी संदीप अटल ने गाइडलाइन का ड्राफ्ट देखने आए कई लोगों को यह कहकर लौटा दिया कि ऑनलाइन देखना पड़ेगी। इधर वरिष्ठ जिला पंजीयक स्वपनेश शर्मा का कहना है कि आम लोगों से मिले दावे-आपत्तियों की जांच की जा रही है, जिसके बाद बैठक में रखा जाएगा।

### निगम क्षेत्र की टॉप टेन बढ़ोतरी वाली लोकेशन

| लोकेशन | वर्तमान(आ/व्या) | वित(आ/व्या) | बढ़ोतरी% |
|---|---|---|---|
| निर्मल सिटी | 6400/9600 | 18000/27000 | 181/181 |
| निशातपुरा सड़क | 15000/30000 | 40000/80000 | 166/166 |
| समर ग्रीन | 6400/9600 | 16000/24000 | 150/150 |
| यशोदा नगर | 6400/9600 | 16000/24000 | 150/150 |
| मुर्गी बाजार | 32000/48000 | 80000/110000 | 150/129 |
| मालीपुरा | 25000/37500, | 60000/75000 | 140/100 |
| भोपाल टॉकीज से सेफिया | 30000/45000 | 72000/110000 | 140/144 |
| बगलामुखी नगर | 12800/19200, | 26900/40400 | 110/110 |
| विजय लक्ष्मी होम | 9600/14400, | 20000/30000 | 108/108 |
| विजय लक्ष्य होम | 9600/14400 | 20000/30000 | 108/108 |

नोट- राशि प्रतिवर्ग मीटर में है।

# री-एजेंट, भारतमाला परियोजना घोटाले में ईडी ने 100 करोड़ से अधिक की संपत्ति कुर्क की

**रायपुर।** भ्रष्टाचार के विरुद्ध प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। सोमवार को छत्तीसगढ़ के दो बहुचर्चित री-एजेंट (चिकित्सा उपकरण) खरीदी और भारतमाला परियोजना मुआवजा घोटाला में कार्रवाई करते हुए 103 करोड़ रुपये से अधिक की अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क कर लिया है। जब्त की गई संपत्तियों में छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र स्थित आलीशान मकान, भूखंड और फैक्ट्रियां शामिल हैं। चिकित्सा उपकरण घोटाले की 80.36 करोड़ की संपत्ति अटैच ईडी जोनल ऑफिस की जांच में साफ हुआ है कि दुर्ग की मोक्षित कॉरपोरेशन के संचालक शशांक चोपड़ा ने स्वास्थ्य विभाग और छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों के साथ मिलकर टेंडर प्रक्रिया में भारी हेरफेर की।

### हरमीत खनूजा की 23.35 करोड़ की सपंत्ति कुर्क

रायपुर-विशाखापत्तनम राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना (भारतमाला) के तहत जमीन अधिग्रहण में हुए खेल पर भी ईडी ने शिकंजा कसा है। जांच में पाया गया कि भू-माफिया और सरकारी कर्मचारियों ने मिलकर राजस्व रिकॉर्ड में पिछली तारीखों में बदलाव किया।

उत्तर रेलवे
ई–खुली निविदा सूचना

मंडल अभियंता सम्पदा, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा दिनांक 10.04.2026 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन तत्काल खोली जाएगी।

| क्रम सं | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | समापन अवधि |
|---|---|---|---|---|
| ए | वरिष्ठ सहायक मंडल अभियंता/सम्पदा–II के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता/सरदार पटेल मार्ग के कार्य क्षेत्र मे सरदार पटेल रोड रेलवे कॉलोनी में खाली अधिकारियों के बंगलों और टाइप–VI, VII फ्लैटों में सुधार कार्य हेतु। | रुपये 19899991.56 | रुपये 398000.00 | 08 महीने |

निविदा दिनांक 10.04.2026 को 15:00 बजे तक जमा की जा सकती है एवं तत्काल खोली जाएगी।
पत्र सं. 128-डब्लयू/269/खुली निविदा सूचना/टेंडर नं 36
दिनांक : 17.03.2026 897/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चिंतन

# पहले अपने घर को दुरुस्त करे कांग्रेस

राज्यसभा चुनावों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि राजनीति केवल संख्या का खेल नहीं, बल्कि संगठन, अनुशासन और नेतृत्व की असली परीक्षा भी होती है। इस बार के चुनावों में जो तस्वीर उभरकर सामने आई है, उसने कांग्रेस की आंतरिक कमजोरियों को न सिर्फ उजागर किया, बल्कि यह भी दिखाया कि पार्टी अभी उस मजबूती से काफी दूर है, जो कभी इंदिरा गांधी और पीवी नरसिम्हा के दौर में देखने को मिलती थी। हरियाणा, बिहार और ओडिशा जैसे राज्यों में जो घटनाक्रम सामने आया, वह केवल चुनावी हार-जीत की कहानी नहीं है, बल्कि संगठनात्मक बिखराव की गंभीर चेतावनी है। हरियाणा में कांग्रेस द्वारा अपेक्षाकृत कम चर्चित उम्मीदवार कर्मवीर बौद्ध को मैदान में उतारना ही असंतोष की जड़ बन गया। नतीजा यह रहा कि पार्टी के पास 37 विधायक होने के बावजूद केवल 28 वोट ही उम्मीदवार के पक्ष में पड़े। हालात इतने बिगड़े कि विधायकों को एकजुट रखने के लिए उन्हें दूसरे राज्य में शिफ्ट करने जैसी रणनीति अपनानी पड़ी। यह स्थिति बताती है कि पार्टी के भीतर विश्वास और संवाद का अभाव गहराता जा रहा है। बिहार में स्थिति और भी चिंताजनक रही। यहां कांग्रेस और राजद के विधायकों द्वारा मतदान से दूरी बनाना महज लापरवाही नहीं, बल्कि नेतृत्व के प्रति असहमति का संकेत है। जब विधायक खुले तौर पर यह कहें कि उन्हें स्पष्ट निर्देश ही नहीं मिले तो यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि पार्टी का कमांड और कंट्रोल सिस्टम आखिर कितना प्रभावी है। परिणामस्वरूप एनडीए ने सभी सीटों पर जीत दर्ज कर विपक्ष को करारा झटका दिया। ओडिशा में तो मामला अनुशासनहीनता की हद तक पहुंच गया। कांग्रेस के विधायकों द्वारा क्रॉस वोटिंग करना और फिर पार्टी द्वारा उन्हें बाहर का रास्ता दिखाना इस बात का प्रमाण है कि अंदरूनी असंतोष अब नियंत्रण से बाहर हो रहा है। यह केवल एक राज्य की समस्या नहीं, बल्कि एक व्यापक प्रवृत्ति का संकेत है, जहां व्यक्तिगत निर्णय पार्टी लाइन पर भारी पड़ रहे हैं। इन घटनाओं का सबसे गंभीर पहलू यह है कि यह सब उस समय हो रहा है, जब कांग्रेस खुद को राष्ट्रीय स्तर पर एक मजबूत विकल्प के रूप में स्थापित करने की कोशिश कर रही है, लेकिन राज्यसभा जैसे अहम चुनावों में इस तरह की चूक यह दर्शाती है कि पार्टी का जमीनी ढांचा अभी भी कमजोर है। नेतृत्व की ओर से उम्मीदवार चयन में स्थानीय समीकरणों और कार्यकर्ताओं की भावनाओं को नजरअंदाज करना महंगा साबित हो रहा है। इसके विपरीत, सत्तारूढ़ गठबंधन ने इन कमजोरियों का पूरा फायदा उठाया। बेहतर रणनीति, स्पष्ट निर्देश और मजबूत संगठनात्मक पकड़ के चलते उन्होंने अधिकांश सीटों पर जीत हासिल की। यह अंतर साफ बताता है कि आज की राजनीति में केवल विचारधारा नहीं, बल्कि प्रबंधन और अनुशासन भी उतने ही जरूरी हैं। कांग्रेस के सामने अब सबसे बड़ी चुनौती आत्ममंथन की है। क्या पार्टी अपने भीतर के असंतोष को समय रहते दूर कर पाएगी? क्या नेतृत्व राज्यों में मजबूत और स्वीकार्य चेहरों को आगे लाने में सफल होगा? और सबसे महत्वपूर्ण, क्या वह अपने विधायकों और कार्यकर्ताओं के बीच भरोसा कायम कर पाएगी? यह चुनाव कांग्रेस के लिए एक चेतावनी है कि सिर्फ विपक्ष में होना पर्याप्त नहीं, एक प्रभावी और संगठित विपक्ष बनना जरूरी है। वरना, रास के इस चुनाव में जो दरारें दिखी हैं, वे आने वाले समय में और भी गहरी हो सकती हैं। इसलिए जरूरी है कि कांग्रेस भाजपा से लड़ाई के बजाय अपने घर को दुरूस्त करे।



तकनीक
प्रमोद भार्गव

सैन्य प्रौद्योगिकी की दुनिया में दिखाई जाने वाली फिल्मी कहानियां अब मानव जीवन की ठोस सच्चाई में बदलती दिख रही हैं। अमेरिकी टेक कंपनी 'फाउंडेशन' ने दुनिया का पहला आदमी जैसा ह्यूमनोइड कृत्रिम बुद्धि से संचालित रोबोट सैनिक 'फैंटम एमके-1' तैयार कर लिया है। स्टील से बना यह सैनिक रोबोट एम-16 राइफल, रिवॉल्वर और शॉटगन जैसे हथियार चलाने में दक्ष है। इस सैनिक की दक्षता की परख फिलहाल कारखानों और बंदरगाहों पर की जा रही है। अमेरिका ही नहीं रूस,चीन और भारत भी ऐसे सैनिक बनाने में जुटे हैं। भारत का डीआरडीओ ये रोबोट बना रहा है। हालांकि सैनिक के रूप में अभी उनका युद्ध के मैदान में परीक्षण होना शेष है।

# यूएस उतारेगा ईरान के विरुद्ध रोबोट सेना

मनुष्य की सोच असीम संभावनाओं से जुड़ी है। कल्पना से शुरू होने वाले विचार सच्चाई के धरातल पर आकार लेते हैं, तो आंखें हैरान रह जाती हैं। सैन्य प्रौद्योगिकी की दुनिया में दिखाई जाने वाली फिल्मी कहानियां अब मानव जीवन की ठोस सच्चाई में बदलती दिख रही हैं। अमेरिकी टेक कंपनी 'फाउंडेशन' ने दुनिया का पहला आदमी जैसा ह्यूमनोइड कृत्रिम बुद्धि से संचालित रोबोट सैनिक 'फैंटम एमके-1' तैयार कर लिया है। स्टील से बना यह सैनिक रोबोट एम-16 राइफल, रिवॉल्वर और शॉटगन जैसे हथियार चलाने में दक्ष है। इस सैनिक की दक्षता की परख फिलहाल कारखानों और बंदरगाहों पर की जा रही है। अमेरिका ही नहीं रूस,चीन और भारत भी ऐसे सैनिक बनाने में जुटे हैं। भारत का डीआरडीओ ये रोबोट बना रहा है। इजराइल ऐसे सैनिक बना चुका है। हालांकि सैनिक के रूप में अभी उनका युद्ध के मैदान में परीक्षण होना शेष है। यह एक नए शीत युद्ध और नई तकनीक की होड़ की शुरुआत है,जो दुनिया को ऐसे स्व-नियंत्रित रोबोट सैनिकों को सौंपने जा रही है, जो कृत्रिम बुद्धि से विस्फोटक निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र हैं।

इजराइल पहले ही एक ऐसी 'रोक रोबोट' सेना तैयार कर चुका है, जो न केवल युद्ध लड़ेगी, बल्कि सीमा पर इंसानी सैनिकों की जगह भी ले लेगी। इजराइल की विख्यात रक्षा कंपनी इल्बिट रोबो टीम ने इस सेना को तैयार किया है। रोबो टीम के सीईओ इलाजलेवी के मुताबिक अब तक आकाश में ड्रोन और हवाई रोबोट के जरिए होने वाले सभी काम धरती पर भी हो सकेंगे। मानव रहित रोक रोबोट के अंदर स्वयं ही खतरों को भांपकर फैसला लेने की क्षमता विकसित कर दी गई है। कृत्रिम बौद्धिक क्षमता से परिपूर्ण ये रोबोट जंग के मैदान में खराब होने पर इसके पुर्जे साथ चलने वाले रोबोट सैनिक बदल देंगे। इसकी इस विशेषता से रोबोट सैनिक एकाएक निष्कर्ष नहीं होंगे। 200 किलोग्राम वजन वाले इस रोक रोबोट की दौड़ने की क्षमता 30 किलोमीटर प्रतिघंटा है। यह 1200 किलोमीटर मारक क्षमता वाले हथियार लेकर चलने में सक्षम हैं। इसकी कीमत डेढ़ लाख डॉलर से लेकर तीन लाख डॉलर तक है। मसलन भविष्य के युद्ध रोबोट थल सेना लड़ेगी।ये सैनिक डर और थकान से मुक्त होंगे। कृत्रिम बौद्धिकता यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पिछले एक दशक से अपनी हैरतअंगेज उपलब्धियों व भविष्य की संभावनाओं के चलते दुनिया में चर्चा का विषय बनी हुई है। एलन मस्क, बिल गेट्स और स्टीफन हॉकिंग ने इसकी अतिरिक्त बुद्धि एवं शक्ति से आशंकित होकर कई बार चेताया भी है। बावजूद अनेक ऐसे पूंजी-निवेशक और वैज्ञानिक हैं, जो एआई को एक बेहतर भविष्य के सपने के रूप में देखते रहे हैं। आज रोबोट कारखानों में मजदूरी के काम से लेकर शिक्षक, टीवी एंकर, नर्स और अब सैनिक की भूमिका में अवतरित होने जा रहा है।

सवाल उठ रहे हैं कि कहीं भविष्य में यह मशीनी रोबोट मनुष्य पर ही भारी न पड़ जाए। मानव और मशीन के बीच पैदा होने वाले ये द्वंद्व हकीकत में किस सच्चाई के रूप में सामने आएंगे, यह तो फिलहाल भविष्य के गर्भ में है, लेकिन जब-जब कोई नया आविष्कार हुआ है तो वह शंका का कारण तो बना ही है। भारत सरकार इस कोशिश में है कि तीनों सेनाओं में कृत्रिम बुद्धि (आर्टिफिशियल



इनटेलीजेंसी) से निर्मित रोबोटिक हथियारों की संख्या बढ़ा दी जाए। इस नाते एक महत्वाकांक्षी रक्षा परियोजना की शुरुआत की गई है। इस परियोजना का लक्ष्य मानव रहित टैंक, जलपोत, स्वचालित राइफल और रोबो आर्मी तक खड़ी की जाने की तैयारी है। हवाईयानों को भी रोबोटिक हथियारों से सक्षम बनाया जाएगा। यह परियोजना जब क्रियान्वित हो जाएगी, तब भारत की थल, जल और वायु सेनाएं युद्ध लड़ने के लिए नई तकनीक से सक्षम हो जाएंगी। टाटा संस के प्रमुख एन चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाला एक उच्च स्तरीय समूह इस परियोजना को अंतिम रूप दे रहा है। इसमें भारतीय रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) भी सहयोग कर रहा है।

दरअसल, भविष्य के युद्धों में रोबोट और मानव रहित हथियार ही ज्यादा उपयोग में लाए जाएंगे। इससे युद्ध में मानव सैनिकों के प्राण बचेंगे। परंतु रक्षा विशेषज्ञों की चिंता है कि यदि युद्ध के दौरान एआई में तकनीकी व्यवधान और हैकिंग के बड़े संकट हैं। अतएव इंसानी नियंत्रण से मुक्त इन मशीनी सैनिकों को फैसले लेने की छूट मिल जाती है तो ये युद्ध को पलों में तांडव में बदल सकते हैं, लेकिन भारत जैसे देश को सेना को बदलती परिस्थितियों की जरूरतों के अनुसार ढालना जरूरी है, क्योंकि पाकिस्तान और चीन की सीमा पर दृश्य दुश्मनों से कहीं ज्यादा अदृश्य शत्रुओं की चुनौती कहीं अधिक है। साफ है, इनसे निपटना आसान नहीं है। ये सामने तो दिखाई नहीं देते हैं, मगर इनका धोखे से किया गया हमला बड़ा खतरनाक होता है। साफ है, इन धोखेबाज ताकतों से अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से जुड़े उपकरणों से ही निपटना बेहतर है। इस कड़ी में अब भारतीय रोबो सेना जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों से लड़ने के लिए उतारने की तैयारी की जा रही है। ये रोबोट आतंकियों के गुप्त ठिकानों में दृश्य व अदृश्य शक्ति के रूप में उतरकर उनकी मौजूदगी की सटीक जानकारी तो देंगे ही, अलबत्ता उन्हें पलों में तबाह भी कर देंगे। ये रोबोट घाटी एवं नियंत्रण रेखा पर जो आतंक प्रभावित क्षेत्र हैं, उनमें सेना की आतंकरोधी इकाई और सुरक्षा बलों के लिए सुरक्षा के लौह कवच सिद्ध होंगे। इनकी सीमा पर उपलब्धता के साथ ही सेना को पूरी तरह हाईटेक बना दिया जाएगा। यही नहीं, दुश्मन की घुसपैठ को नाकाम बनाने और पाकिस्तानी सेना के हमलों से मुकाबले में भी यह रोबोट सेना फलदायी सिद्ध होगी। कृत्रिम बुद्धि (एआई) वाले ये रोबोट सेना के रूप में सीमा पर शक्ति का पर्याय बनके दुश्मन पर कहर बनकर टूटेंगे। इसी मंशा के अनुरूप रक्षा मंत्रालय पहले चरण में 550 रोबोटिक्स सर्वेलांस यूनिट खरीद रहा है। इनकी खेप मिलते ही इन्हें सेना के सुपुर्द कर दिया जाएगा। ये आर्मी-रोबो किसी भी आतंकरोधी अभियान के दौरान आतंकियों पर हमला करने में सहायक की भूमिका निभाएंगे। सुरक्षा बलों के लिए आतंकियों के विरुद्ध कार्यवाही में सबसे बड़ी चुनौती उनकी सही संख्या और उनके पास उपलब्ध हथियारों की पूरी जानकारी लेने की होती है। ये रोबोट वीडियोग्राफी के जरिए इनके ठिकानों के निश्चित स्थल से चित्र सहित अवगत करा देंगे। ये रोबोट सैनिक इसलिए इतने बौद्धिक रूप से सक्षम व चपल होंगे, क्योंकि इनके सॉफ्टवेयर की संरचना में इतनी बुद्धि डाल दी जाएगी कि भविष्य में ये मनुष्य के जैविक दिमाग से कहीं ज्यादा तेज गति से काम करने लग जाएंगे। इस मिली-जुली बुद्धिमत्ता के लिए एक नया शब्द 'सिंगुलैरिटी' अस्तित्व में आ गया है। यानी मशीनी दिमाग का आधिपत्य हो जाए तो इसे सिंगुलैरिटी शब्द से पुकारा जाएगा। बहरहाल तेज दिमाग और तात्कालिक चपलता से जुड़ी रोबो-आर्मी युद्धों में ऐसा वरदान साबित होगी, जो हमारे मानव सैनिकों के जीवन को अधिकतम सुरक्षा प्रदान करेगी।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## मुद्दा
अखिलेश आर्येन्दु



# भारत के सामने क्यों है युद्ध रुकवाना चुनौतीपूर्ण

ब्रिक्स के गठन के बाद कुछ देशों में युद्ध के हालात बने लेकिन वे वैश्विक तेल और आर्थिक संकट की वजह नहीं बनें। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद ईरान के साथ अमेरिका-इजराइल के संयुक्त युद्ध के हालात दुनिया में कई तरह की समस्याएं और संकट पैदा कर रहे हैं। अमेरिका के मित्र देशों पर ईरान के हमले के बाद हालात कुछ ज्यादा ही जटिल हो गए हैं। कई देशों में उनकी अर्थव्यवस्था पर सीधे असर पड़ा है। दुनिया भर में यह आशंका होने लगी है कि कहीं यह युद्ध विश्व-युद्ध का रूप न ले ले। उधर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् जल्द से जल्द युद्ध खत्म कराने की कोशिश में है। दूसरी तरफ भारत की कोशिश है कि जल्द से जल्द आपसी संवाद के जरिए युद्ध रोका जाए और तेल संकट जो दुनिया के लिए आर्थिक संकट के रूप में उभर आया है, उस पर आपसी सहमतियां बनें। ब्रिक्स के जरिए भी यह कोशिश हो रही है कि युद्धरत देशों में आपसी संवाद का रास्ता आगे बढ़े और युद्ध विराम हो। हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी और ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन के बीच टेलीफोन पर बातचीत के दौरान मसूद ने कहा था कि यदि भारत ईरान का मित्र है तो ब्रिक्स को चाहिए कि बढ़ते संघर्ष से निपटने में मजबूत और रचनात्मक भूमिका निभाए। भारत ब्रिक्स का वर्तमान में अध्यक्ष है। अध्यक्ष होने की वजह से ईरान चाहता है कि भारत ब्रिक्स के जरिए अमेरिका-इजराइल द्वारा ईरान पर हमलों की निंदा करने के लिए सदस्य देशों में सहमति बैठाने की कोशिश करे।

भारत का दृष्टिकोण इस मामले में बेहद संतुलित है। विदेश मंत्रालय का मानना है कि इस मामले में सीधे किसी देश के प्रति पक्षपातपूर्ण व्यवहार नहीं हो सकता, इसलिए युद्धरत देशों में आपसी संवाद ही सबसे मुफीद रास्ता है। इस मुद्दे पर ब्रिक्स के भीतर सहमति बनाना बेहद कठिन हो गया है क्योंकि समूह के कुछ सदस्य देश मौजूदा संघर्ष में सीधे तौर पर शामिल हैं। ब्रिक्स के सदस्य देशों के साथ भारत लगातार संपर्क बनाए हुए है और एक संवाद प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है। गौरतलब है कि शेरपा ब्रिक्स के सदस्य देशों का एक माध्यम है। इसके जरिए सदस्य देशों की आधिकरिक कूटनीति को आगे बढ़ाने का कार्य किया जाता है।

इसके जरिए किसी शिखर सम्मेलन से पहले सदस्य देशों के वरिष्ठ प्रतिनिधि आपसी संवाद को आगे बढ़ाते हैं और मुद्दों पर एक सहमति बनाने की कोशिश की जाती है। ब्रिक्स देशों के जो प्रतिनिधि उस देश के जरिए नियुक्त किए जाते हैं, उन्हें शेरपा कहा जाता है। ये शेरपा उन देशों के नेताओं के बैठक के पहले बैठक का एजेंडा, बयान और समझौतों के मसौदे तैयार करने में अहम रोल निभाते हैं। ब्रिक्स देशों के राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री द्वारा नियुक्त अधिकारी को 'शेरपा' कहा जाता है और उन अधिकारियों के बीच होने वाली बातचीत को शेरपा चैनल कहा जाता है। 'ब्रिक्स' की स्थापना के वक्त इसमें भारत, ब्राजील, रूस, दक्षिण अफ्रीका और चीन शामिल थे। ये वे देश हैं जिन पर ईरान के आक्रमण का सामना करना पड़ रहा है या इजराइल-अमेरिका के आक्रमण का सामना करना पड़ रहा है। मौजूदा युद्ध के हालात में ब्रिक्स देशों में युद्ध रुकवाने या अमेरिका-इजराइल के ईरान पर आक्रमण को लेकर निंदा का सर्वसम्मति सहमति न बन पाने की वजह सबके अपने स्वार्थ और एक दूसरे से संबंध हैं। वर्तमान में विश्व के हालात पिछले वर्षों में युद्धरत देशों से अलग तरह के हैं। गौरतलब है 2025 में ब्राजील की अध्यक्षता में ब्रिक्स ने जून 2025 में ईरान पर इजराइल के हमलों को लेकर दो बयान जारी किए थे। इस साल भारत सहित ब्रिक्स देशों की स्थिति अलग तरह की है। भारत और संयुक्त अरब अमीरात सहित गल्फ कोऑपरेशन कांउसिल (जीसीसी) के देशों पर ईरान के हमलों की निंदा की है। वहीं पर ईरान पर अमेरिका-इजराइल के हमलों को लेकर भारत ने कोई बयान जारी नहीं किया है। सवाल यह है कि क्या कोई संयुक्त बयान जारी न करवा पाने की वजह से ब्रिक्स की प्रेंसीडेंसी की प्रतिष्ठा धूमिल हो रही है? क्या बयान जारी न करवा पाना मोदी सरकार की विदेश नीति की विफलता मानी जाएगी? दरअसल, पिछले साल के विश्व हालात और वर्तमान के हालात में अंतर है। ईरान ने अमेरिकी मित्र देशों पर हमला करके स्थिति को काफी जटिल बना दी है। इनमें से ज्यादातर देश ब्रिक्स के सदस्य हैं। इसलिए ईरान के प्रति हमदर्दी दिखाना धर्मसंकट जैसी स्थिति बन गई है। भारत फिर भी इस नीति पर चल रहा है कि युद्ध जल्द खत्म हो और युद्धरत देशों में संवाद की स्थिति बन बने। तेल और आर्थिक संकट से दुनिया के देश बाहर आएं।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# हृदय का करें अनुसरण



संकलित
**दर्शन**

कोई भी धर्मग्रंथ हमें धार्मिक नहीं बना सकता। चाहे हम दुनिया के सारे धर्मग्रंथ पढ़ डालें, परंतु फिर भी ईश्वर या धर्म का हमें तनिक भी ज्ञान नहीं होता। हम सारी उम्र धर्म या ईश्वर संबंधी बातें करते रहें, पर हमारी आध्यात्मिक उन्नति नहीं होती। दुनिया के विद्वानों ने भले ही हमारी बुद्धि प्रखर कर दी हो, पर हम ईश्वर तक नहीं पहुंच सके। पाश्चात्य संस्कृति का दोष यह है कि हम बुद्धि का संस्कार करते समय हृदय के संस्कार की ओर ध्यान ही नहीं देते। इसका परिणाम यह होता है कि मनुष्य दस गुना स्वार्थी हो जाता है। यदि हृदय और बुद्धि में विरोध उत्पन्न हो, तो तुम हृदय का अनुसरण करो, क्योंकि बुद्धि केवल एक तर्क के क्षेत्र में ही काम कर सकती है, वह उसके परे जा ही नहीं सकती, पर वह केवल हृदय ही है, जो हमें उच्चतम भूमिका पर आरूढ़ करता है। वहां तक बुद्धि कभी नहीं पहुंच सकती। हृदय, बुद्धि का अतिक्रमण कर अंतःस्फूर्ति को पा लेती है। बुद्धि से कभी अंतःस्फूर्ति प्राप्त नहीं हो सकती। अंतःस्फूर्ति का कारण केवल ज्ञानोदय बासित हृदय ही है। बुद्धिप्रधान, किंतु हृदय शून्य मनुष्य कभी स्फूर्तिमान नहीं बन सकता। प्रेममय पुरुष की समस्त क्रियाएं उसके हृदय से अनुप्राणित होती हैं। एक ऐसा उच्चतर साधन, जिसे बुद्धि कभी नहीं दे सकती, अगर किसी ने पाया है तो हृदय ने ही, और वह साधन है अंतःस्फूर्ति। जिस तरह बुद्धि ज्ञान का साधन है, उसी तरह हृदय अंतःस्फूर्ति का। शुरुआत में हृदय इतना शक्तिशाली नहीं होता, जितनी कि बुद्धि।

# हे श्री कृष्ण! तुम सर्वज्ञ हो



संकलित
**प्रेरणा**

एक वृद्ध महिला एक सब्जी की दुकान पर जाती है, उसके पास सब्जी खरीदने के पैसे नहीं होते है। वो दुकानदार से प्रार्थना करती है कि उसे सब्जी उधार दे दे पर दुकानदार मना कर देता है। उसके बार-बार आग्रह करने पर दुकानदार खीज कर कहता है, तुम्हारे पास कुछ ऐसा है, जिसकी कोई कीमत हो, तो उसे इस तराजू पर रख दो, मैं उसके वजन के बराबर सब्जी तुम्हे दे दूंगा। वृद्ध महिला कुछ देर सोच में पड़ जाती है। क्योंकि उसके पास ऐसा कुछ भी नहीं था। कुछ देर सोचने के बाद वह, एक मुड़ा-तुड़ा कागज का टुकड़ा निकालती है और उस पर कुछ लिख कर तराजू पर रख देती है। दुकानदार ये देख कर हंसने लगता है। फिर भी वह थोड़ी सब्जी उठाकर तराजू पर रखता है। आश्चर्य..!!! कागज वाला पलड़ा नीचे रहता है और सब्जी वाला ऊपर उठ जाता है। इस तरह वो और सब्जी रखता जाता है पर कागज वाला पलड़ा नीचे नहीं होता। तंग आकर दुकानदार उस कागज को उठा कर पढता है और हैरान रह जाता है। कागज पर लिखा था, हे श्री कृष्ण! तुम सर्वज्ञ हो, अब सब कुछ तुम्हारे हाथ में है। दुकानदार को अपनी आंखों पर यकीन नहीं हो रहा था। वो उतनी सब्जी वृद्ध महिला को दे देता है। पास खड़ा एक अन्य ग्राहक दुकानदार को समझाता है, कि दोस्त, आश्चर्य मत करो। केवल श्री कृष्ण ही जानते हैं की प्रार्थना का क्या मोल होता है। वास्तव में प्रार्थना में बहुत शक्ति होती है। चाहे वो एक घंटे की हो या एक मिनट की। यदि सच्चे मन से की जाये, तो ईश्वर अवश्य सहायता करते हैं।

## लकड़ियां दूर करेगी गैस की कमी



पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में मंगलवार को कुकिंग गैस की कमी दूर करने लकडहारे सड़क किनारे लकड़ियों को ईंधन के लिए काटते हुए।

## आज की पाती

### राजनीति पर लगाम कसने मतदान जरूर करे

देश के चार राज्यों तमिलनाडु, केरल, असम और पश्चिम बंगाल और एक केंद्र शासित प्रदेश पुडूचेरी में विधानसभा चुनाव होने जा रहा है। हमारा देश दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। लोकतंत्र में मतदान की अहम भूमिका होती है। हर चुनाव में हर मतदाता को जरूर मतदान करना चाहिए। वैसे तो हर उम्र के मतदाताओं को मतदान में रुचि दिखानी चाहिए, लेकिन युवाओं का दायित्व बनता है कि वो देश की राजनीति की धूमिल होती छवि और अवसरवाद की ओर बढ़ती राजनीति पर लगाम कसने के लिए हर चुनाव में मतदान जरूर करे। महापुरुषों ने युवा वर्ग के लिए कहा था कि युवा देश, समाज में एक अच्छा और सचा बदलाव लाने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाए या निभा सकता है। मतदान समझदारी से करना होगा। *– विकास यादव, रायपुर*

## करंट अफेयर

# अहमदिया के दमन को लेकर पाकिस्तान की आलोचना

भारत ने पाकिस्तान की आलोचना करते हुए कहा कि उसकी पड़ोसी देशों में 'इस्लामोफोबिया' (इस्लाम के प्रति घृणा) की 'काल्पनिक कहानियां गढ़ने' की आदत है और सवाल उठाया कि इस्लामाबाद के अपने ही देश में अहमदिया समुदाय के क्रूर दमन या रमजान के दौरान अफगानिस्तान पर हवाई बमबारी को कैसे देखा जाए। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश ने कहा, 'भारत का पश्चिमी पड़ोसी देश अपने आसपास इस्लामोफोबिया की कल्पनिक कहानियां गढ़ने का उत्कृष्ट उदाहरण है।' उन्होंने कहा, 'यह सोचने वाली बात है कि इस देश में अहमदियाओं का क्रूर दमन, बेबस अफगानों की बड़े पैमाने पर जबरन वापसी या रमजान के पवित्र माह में हवाई बमबारी को क्या कहा जाएगा?' हरीश सोमवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा में इस्लामोफोबिया से निपटने के अंतरराष्ट्रीय दिवस को संबोधित कर रहे थे। पाकिस्तान की कड़ी आलोचना करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि 'इस्लामिक सहयोग संगठन' ने बार-बार भारत के खिलाफ झूठे और बेबुनियादी आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि इस संगठन को 'हमारे पश्चिमी पड़ोसी ने भारत के खिलाफ हथियार की तरह इस्तेमाल करने की व्यवस्थित तरीके से कोशिश की है।'



## ऑफ बीट

# कार्डियो वजन उठाने से पहले करना चाहिए या बाद में ?

फिटनेस के प्रति जुनूनी लोग दशकों से इस प्रश्न पर बहस करते रहे हैं कि 'कार्डियो' करना वजन उठाने से पहले बेहतर होता है या बाद में? हाल तक, इसका उत्तर काफी हद तक पसंद पर निर्भर करता था – कुछ लोग वजन उठाने से पहले जॉगिंग करते थे, जबकि अन्य लोगों का मानना था कि पहले वजन उठाना वसा को खत्म करने के लिए बेहतर है। लेकिन एक नए शोध ने अंतत: इस लंबे समय से विवादित प्रश्न का उत्तर दे दिया है। शोध के अनुसार, आपके व्यायाम का क्रम इस बात को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करता है कि आप कितनी चर्बी कम करते हैं। जिन प्रतिभागियों ने वजन उठाने के बाद कार्डियो किया, उनमें कार्डियो करने के बाद वजन उठाने वालों की तुलना में काफी अधिक चर्बी कम हुई और वे पूरे दिन शारीरिक रूप से अधिक सक्रिय रहे। शोधकर्ताओं ने प्रतिभागियों को 12 सप्ताह के लिए तीन समूहों में विभाजित किया। दोनों व्यायाम समूहों ने एक जैसे प्रशिक्षण कार्यक्रम अपनाए, केवल व्यायाम क्रम में अंतर था। प्रतिभागियों ने बेंच प्रेस, डेडलिफ्ट, बाइसेप कर्ल और स्क्वाट जैसे व्यायाम किए। कार्डियो सत्र में 30 मिनट तक 'साइकिलिंग' शामिल थी। दोनों समूहों के प्रतिभागियों ने अपनी हृदय संबंधी फिटनेस, मांसपेशियों की ताकत और शारीरिक बनावट में सुधार का अनुभव किया।



## ट्रेंड

### महिलाओं की भागीदारी



भारत में स्टॉक एक्सचेंज में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी वित्तीय सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह बढ़ती भागीदारी न केवल आर्थिक स्वतंत्रता का प्रतीक है, बल्कि देश की विकास यात्रा में महिलाओं की सशक्त और महत्वपूर्ण भूमिका को भी दर्शाती है।
**-अन्नपूर्णा देवी, महिला विकास मंत्री**

### किसानों की समृद्धि



प्रदेश के किसानों और उद्योगों की समृद्धि हमारी शीर्ष प्राथमिकता है। वर्ष 2027 तक हर अन्नदाता को दिन में निर्बाध बिजली देने के संकल्प के साथ राजस्थान ऊर्जा क्षेत्र में अग्रणी बन रहा है। अब हमारा किसान 'अन्नदाता' के साथ 'ऊर्जादाता' बनकर विकास को नई रोशनी दे रहा है।
**-भजनलाल, सीएम, राजस्थान**

### पानी तक उपलब्ध नहीं



युद्ध के कारण वैश्विक स्तर पर ऊर्जा संसाधनों की आपूर्ति थोड़ी बाधित हुई है। लेकिन झारखंड में पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस तो दूर की बात है, कांग्रेस-झामुमो की सरकार जनता को पीने का पानी तक उपलब्ध नहीं करा पा रही है।
**-बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम, झारखंड**

### सम्मान की उम्मीद



जब कूटनीति से लेकर व्यापार और धर्म तक हर चीज़ को हथियार बना लिया जाता है, तो युद्ध से "कानूनों" या "नैतिकता" का सम्मान करने की उम्मीद करना एक कोरी कल्पना मात्र है।
**-कैलाश सत्यार्थी, नोबेल पुरस्कार विजेता**

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



# हरियाणा राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस जीत से हुड्डा कैंप हुआ मजबूत
## दीपेंद्र ने कहा, खरीद फरोख्त और दबाव की राजनीति हुई नाकाम

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने हरियाणा राज्यसभा चुनाव में पार्टी उम्मीदवार करमवीर बौद्ध की जीत पर खुशी जताते हुए कहा कि भाजपा ने खरीद-फरोख्त और चुनाव आयोग से मिलीभगत कर लोकतंत्र की हत्या की कोशिश की, लेकिन कांग्रेस विधायकों ने उसके मंसूबों पर पानी फेर दिया। हरियाणा के सुबाई सियासत में एकबार फिर हुड्डा कैंप का दबदबा बढ़ा। शीर्ष नेतृत्व ने पिछले राज्यसभा चुनाव से सीख लेकर इस बार पार्टी के आधिकारिक उम्मीदवार करमवीर बौद्ध को जिताने की जिम्मेदारी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को दी थी। तमाम प्रयासों को विफल कर जीत का तमगा लेने के बाद दिल्ली में जब हुड्डा पत्रकारों से मुखातिब हुए तो आत्मविश्वास से लबरेज थे।

कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए हुड्डा और कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम ने करमवीर बौद्ध की जीत के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी, पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी सहित पूरे शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया और इसे लोकतंत्र एवं संविधान की जीत बताया। हुड्डा ने भाजपा पर चुनाव के दौरान अनैतिक हथकंडे अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा ने रात के अंधेरे में लोकतंत्र की सरेआम हत्या करने की कोशिश की। गुजरात के उपमुख्यमंत्री को ऑब्जर्वर बनाकर भेजने का हवाला देते हुए हुड्डा ने कहा कि भाजपा हाईकमान हर हाल में यह सीट हासिल करना चाहता था। इसके लिए भाजपा ने क्रॉस वोटिंग के साथ कई तरह के हथकंडे अपनाने की कोशिश की, लेकिन कांग्रेस के विधायकों ने करमवीर बौद्ध को जीत दिलाकर लोकतंत्र बचाने का काम किया।

इनेलो (इंडियन नेशनल लोकदल) को भाजपा की बी टीम करार देते हुए हुड्डा ने कहा कि राज्यसभा चुनाव में जब खरीद-फरोख्त से संख्या हासिल करने की भाजपा की योजना फेल हो गई तो उसे समझ आ गया कि कांग्रेस उम्मीदवार जीतने जा रहा है। इनेलो ने चुनाव के दिन तक अपना रुख स्पष्ट नहीं किया। शाम चार बजे तक मतदान था और इनेलो ने साढ़े तीन बजे घोषणा की कि वह चुनाव में हिस्सा नहीं लेगी। जब कांग्रेस के पक्ष में 30 से ज्यादा वोट पड़ गए और यह स्पष्ट हो गया कि कांग्रेस जीत रही है तो इनेलो मैदान छोड़कर भाग खड़ी हुई।

उन्होंनेकहा कि इस सबके बाद भाजपा ने चुनाव आयोग के साथ मिलीभगत कर अगला हथकंडा अपनाया। रिटर्निंग अधिकारी ने पक्षपात किया और कांग्रेस के 4 वैध वोटों को गलत तरीके से अमान्य घोषित किया गया। ये सब तब किया गया, जब एक अन्य चुनाव अधिकारी ने यही वोट वैलिड ट्रे में डाले थे। उन्होंने कहा कि जैसे चंडीगढ़ मेयर चुनाव में पार्षदों के वोट चोरी करने की कोशिश की गई थी, उसी तरह राज्यसभा चुनाव में भाजपा ने विधायकों के वोट चोरी करने का प्रयास किया। राज्यसभा चुनाव में रिटर्निंग अधिकारी भाजपा के एजेंट के रूप में काम कर रहे थे। दीपेंद्र हुड्डा ने स्पष्ट किया कि जिन विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की है, पार्टी उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि जनता इन विधायकों को माफ नहीं करेगी और बदला लेगी। उन्होंने उन विधायकों की सराहना की जो तमाम प्रलोभन और दबाव के बावजूद मजबूती एवं ईमानदारी से पार्टी के साथ खड़े रहे। गौतम ने सच्चे अंबेडकरवादी करमवीर बौद्ध को राज्यसभा का उम्मीदवार बनाने के लिए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल धनवानों को मजबूत मानती है, इसलिए वह करमवीर बौद्ध को कमजोर उम्मीदवार बता रही थी। लेकिन कांग्रेस ने दिखा दिया कि वह एक आम कार्यकर्ता को भी राज्यसभा भेज सकती है। उन्होंने यह भी सवाल किया कि जांच एजेंसियां विपक्ष के खिलाफ सक्रिय रहती हैं, लेकिन विधायकों की खरीद-फरोख्त के मामलों में कार्रवाई क्यों नहीं करतीं। भाजपा बाबासाहेब अंबेडकर, दलितों और संविधान से नफरत करती है।

संसद में एंटी ड्रोन तकनीक विकसित करने की मांग विपक्ष ने उठाई

# राज्यसभा में दिखे शुक्ला के तेवर, दोनों सदनों में उठे सवाल, सरकार नई तकनीकों पर ध्यान दे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राज्यसभा में राजीव शुक्ला ने केंद्र सरकार की नीतियों पर कई गंभीर सवाल उठाते हुए रक्षा, विदेश नीति, अर्थव्यवस्था और सामाजिक योजनाओं को लेकर आलोचना की। रक्षा मामलों पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि हालिया 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसे उदाहरणों से स्पष्ट है कि आधुनिक युद्ध अब आसमान में लड़े जा रहे हैं, जहां मिसाइल और ड्रोन की भूमिका अहम है। ऐसे में सरकार को अपनी रणनीति बदलते हुए रिसर्च और नई तकनीकों पर अधिक ध्यान देना चाहिए। उन्होंने एंटी-ड्रोन तकनीक के विकास की भी जरूरत बताई और कहा कि पंजाब में ड्रोन के जरिए हथियार गिराने की घटनाएं सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं। एलपीजी संकट को लेकर उन्होंने सरकार के बयानों में विरोधाभास का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पहले सरकार ने संकट से इनकार किया, लेकिन बाद में इसे स्वीकार किया गया।

उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जब कीमतें बढ़ती थीं तो भाजपा नेता स्मृति ईरानी खुद सड़क पर सिलेंडर लेकर विरोध करती थीं। विदेश नीति पर भी राजीव शुक्ला ने सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि पहले भारत सभी देशों के साथ संतुलित संबंध रखता था, लेकिन अब देश एक खास गुट के साथ जुड़ा नजर आ रहा है, जिससे कूटनीतिक संतुलन प्रभावित हुआ है। उन्होंने वाराणसी में मां अन्नपूर्णा की रसोई बंद होने का उदाहरण देते हुए कहा कि यदि एलपीजी संकट नहीं है, तो ऐसी स्थिति क्यों उत्पन्न हो रही है। स्वास्थ्य क्षेत्र पर उन्होंने कहा कि 10,000 करोड़ रुपये का आवंटन पर्याप्त नहीं है और आयुष्मान योजना में बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा हो रहा है। आर्थिक मुद्दों पर उन्होंने कहा कि कॉर्पोरेट मुनाफा 22.3 फीसदी बढ़ा है, लेकिन रोजगार नहीं बढ़ रहा। देश की संपत्ति और आय का बड़ा हिस्सा केवल शीर्ष 10 फीसदी लोगों के पास केंद्रित है, जिससे असमानता बढ़ रही है। इसके अलावा, उन्होंने फसल बीमा योजना को लेकर भी सवाल उठाए और कहा कि यह योजना अब एक तरह का "स्कैंडल" बन चुकी है, जहां निजी कंपनियां मुनाफा कमा रही हैं, जबकि किसान नुकसान में हैं। उन्होंने रुपये की डॉलर के मुकाबले गिरती स्थिति पर भी चिंता जताई। शुक्ला ने सरकार से इन सभी मुद्दों पर जवाब देने और ठोस कदम उठाने की मांग की।

### लोकसभा में ज्योत्सना महंत ने उठाया कोरबा में रेल सुविधाओं की कमी का मामला

लोकसभा में ज्योत्सना महंत ने छत्तीसगढ़ के कोरबा क्षेत्र में रेल सुविधाओं की कमी का मुद्दा उठाते हुए केंद्र सरकार और रेलवे पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि कोरबा का कोयला पूरे देश को रोशन करता है और रेलवे की आय में बड़ा योगदान देता है, लेकिन बदले में क्षेत्र को पर्याप्त यात्री सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कोरबा में रेलवे की प्राथमिकता केवल मालगाड़ियों को दी जा रही है, जबकि यात्री गाड़ियां घंटों आउटर पर खड़ी रहती हैं। इससे आम यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।ज्योत्सना महंत ने बताया कि सरकार ने बजट में कोरबा और बैकुंठपुर में नए रेलवे स्टेशन का प्रस्ताव रखा था और भूमि पूजन भी हो चुका है, लेकिन अब तक निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ, जबकि इसे वर्ष 2021 तक ही तैयार हो जाना था। उन्होंने कोरबा से कटनी मार्ग पर एक भी सीधी ट्रेन नहीं होने पर भी उन्होंने चिंता जताई। महंत ने यह भी कहा कि कई ट्रेनें नागपुर तक आकर रुक जाती हैं, उन्हें कोरबा तक विस्तारित क्यों नहीं किया जा रहा, ताकि क्षेत्र के लोगों को बेहतर कनेक्टिविटी मिल सके।

### असहमति को राष्ट्रद्रोह से न जोड़े सरकार आंदोलनों को कुचलना उचित नहीं

राज्यसभा में रजनी पाटिल ने देश में बढ़ती विरोध प्रदर्शनों पर कार्रवाई और सरकार के रवैये को लेकर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता की आवाज को दबाना उचित नहीं है और शांतिपूर्ण विरोध को सम्मान मिलना चाहिए। पाटिल ने कहा कि पिछले कुछ समय में देश के विभिन्न वर्गों, युवा, किसान, महिला खिलाड़ी, आदिवासी और पर्यावरण कार्यकर्ता ने अपने-अपने मुद्दों को लेकर आवाज उठाई है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि पेपर लीक जैसे मामलों पर युवाओं ने विरोध किया, वहीं देश की महिला पहलवानों ने एक जनप्रतिनिधि के खिलाफ निष्पक्ष जांच की मांग की थी। उन्होंने आगे कहा कि किसानों ने अपनी मांगों को लेकर लंबे समय तक आंदोलन किया, जबकि आदिवासी समुदाय ने जल, जंगल और जमीन से जुड़े अधिकारों के लिए संघर्ष किया। इसके अलावा पर्यावरण से जुड़े मुद्दों पर भी आम जनता ने कई स्थानों पर प्रदर्शन किए। पाटिल ने हाल की घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि कुछ युवाओं ने सरकार की नीतियों के खिलाफ अपनी नाराजगी जाहिर की, लेकिन उन्हें देश विरोधी करार देकर जेल में डाल दिया गया। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ बताते हुए कहा कि असहमति को देशद्रोह से जोड़ना उचित नहीं है। सरकार से अपील करते हुए रजनी पाटिल ने तीन प्रमुख मांगें रखीं। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शनों के प्रति उदार और संवेदनशील नीति अपनाई जानी चाहिए, ताकि नागरिक बिना भय के अपनी बात रख सकें। इसके साथ ही उन्होंने जोर दिया कि पुलिस बल का प्रयोग केवल अंतिम विकल्प के रूप में किया जाना चाहिए और पहले संवाद के जरिए समस्याओं का समाधान खोजने की कोशिश होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को सभी पक्षों—प्रदर्शनकारियों, संगठनों और संबंधित संस्थाओं—के साथ संस्थागत संवाद की व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए।

### कर्नाटक को रेलवे बजट में कम आवंटन पर राज्यसभा में उठे सवाल

राज्यसभा में नासिर हुसैन ने कर्नाटक को रेलवे बजट 2025–26 में मिले अपेक्षाकृत कम आवंटन का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने कहा कि देश की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल कर्नाटक के साथ रेलवे निवेश के मामले में न्याय नहीं हो रहा है। हुसैन ने सदन में बताया कि वित्त वर्ष 2025–26 के लिए कर्नाटक का संशोधित राज्य सकल घरेलू उत्पाद लगभग 30.7 लाख करोड़ रुपये आंका गया है, जिससे यह देश के सबसे बड़े राज्यीय आर्थिक केंद्रों में से एक बनता है। इसके बावजूद, रेलवे बजट में राज्य को केवल 7,564 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है, जो अपेक्षाकृत कम है। उन्होंने यह भी कहा कि कई ऐसे राज्य, जिनकी अर्थव्यवस्था कर्नाटक से काफी छोटी है और जिनका कर योगदान भी कम है, उन्हें इससे कहीं अधिक रेलवे बजट मिला है। यह असमानता केंद्र और राज्यों के बीच संसाधनों के निष्पक्ष वितरण पर सवाल खड़े करती है। कर्नाटक में रेलवे नेटवर्क की स्थिति पर चिंता जताते हुए हुसैन ने बताया कि राज्य में वर्तमान में कुल रेलवे ट्रैक की लंबाई लगभग 3,089 किलोमीटर है, जो राज्य के भौगोलिक विस्तार और आर्थिक गतिविधियों के हिसाब से पर्याप्त नहीं है। उन्होंने कहा कि बेहतर कनेक्टिविटी के बिना उद्योग, व्यापार और रोजगार के अवसरों पर भी असर पड़ता है। इसके अलावा, उन्होंने आरोप लगाया कि कर्नाटक के कई रेलवे प्रोजेक्ट्स लंबे समय से फंड की कमी और मंजूरी में देरी के कारण अटके हुए हैं। इससे राज्य के विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं और जनता को अपेक्षित सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। हुसैन ने केंद्र सरकार से मांग की कि वह कर्नाटक के साथ न्याय करते हुए रेलवे बजट में उचित बढ़ोतरी करे और लंबित परियोजनाओं को शीघ्र मंजूरी दे।

### आयुष कार्ड को लेकर अस्पतालों की मनमानी पर राज्यसभा में उठे सवाल

राज्यसभा में प्रमोद तिवारी ने आयुष कार्ड धारकों के साथ अस्पतालों में हो रही कथित अनियमितताओं का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि सरकार की महत्वपूर्ण स्वास्थ्य योजना होने के बावजूद मरीजों को इसका पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है। तिवारी ने सदन में कहा कि अक्सर यह देखा जा रहा है कि जब मरीज आयुष कार्ड लेकर अस्पताल पहुंचते हैं, तो उनसे पहले नकद राशि जमा करवाई जाती है। जबकि योजना का उद्देश्य ही गरीब और जरूरतमंद लोगों को बिना आर्थिक बोझ के इलाज उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि जब इस बारे में अस्पताल प्रशासन से पूछा जाता है, तो उनका जवाब होता है कि सरकार से भुगतान मिलने में कई साल लग जाते हैं, जिसके कारण उन्हें मरीजों से पहले ही पैसे लेने पड़ते हैं। इस स्थिति ने योजना की प्रभावशीलता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस मुद्दे पर प्रमोद तिवारी ने सरकार से दो महत्वपूर्ण सवाल पूछे। पहला, क्या उन अस्पतालों के खिलाफ कोई कार्रवाई की जाएगी जो आयुष कार्ड को स्वीकार नहीं करते या उसके बावजूद मरीजों से नकद वसूली करते हैं? दूसरा, क्या नर्सिंग होम और अस्पतालों को सरकार द्वारा भुगतान की प्रक्रिया को तेज और पारदर्शी बनाने के लिए कोई ठोस कदम उठाए जाएंगे?उन्होंने कहा कि यदि अस्पतालों को समय पर भुगतान नहीं मिलेगा, तो वे योजना के प्रति उदासीन रहेंगे और इसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ेगा। इसलिए जरूरी है कि सरकार इस दिशा में ठोस कदम उठाए, ताकि मरीजों को बिना किसी परेशानी के इलाज मिल सके।

### उच्च शिक्षण संस्थानों में आरक्षण और प्रतिनिधित्व पर राज्यसभा में उठे सवाल

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में नीरज डांगी ने देश के प्रमुख शिक्षण संस्थानों में एससी, एसटी और ओबीसी वर्गों के कम प्रतिनिधित्व का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि आज भी कई शीर्ष संस्थानों में फैकल्टी स्तर पर इन वर्गों की भागीदारी बेहद कम है, जो सामाजिक न्याय और समान अवसरों के सिद्धांतों के विपरीत है। सदन में अपने वक्तव्य के दौरान डांगी ने इस विषय पर तीन महत्वपूर्ण सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि यदि सार्वजनिक संस्थान ही भारत की सामाजिक विविधता को प्रतिबिंबित नहीं करेंगे, तो फिर कौन करेगा? दूसरा, यदि प्रतिष्ठित संस्थानों में आरक्षण नीति का सही तरीके से पालन नहीं हो रहा है, तो इससे वंचित वर्गों को क्या संदेश जाएगा? तीसरा, जब शैक्षणिक नेतृत्व में समावेशिता की कमी है, तो समावेशी विकास की बात कैसे की जा सकती है? नीरज डांगी ने सरकार से इस दिशा में ठोस कदम उठाने की मांग करते हुए कहा कि सभी केंद्रीय वित्तपोषित संस्थानों में फैकल्टी प्रतिनिधित्व का देशव्यापी ऑडिट कराया जाए, जिससे वास्तविक स्थिति सामने आ सके और पारदर्शिता सुनिश्चित हो।

### मुद्रा योजना के 'तरुण प्लस' के तहत नहीं मिल रहे लोन

राज्यसभा में शक्तिसिंह गोहिल ने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के 'तरुण प्लस' श्रेणी में कम लोन वितरण का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि इस श्रेणी में 10 से 20 लाख रुपये तक के ऋण का प्रावधान है, जो उन लोगों को दिया जाता है जिन्होंने पहले लिया गया लोन सफलतापूर्वक चुका दिया हो। गोहिल ने बताया कि इसके बावजूद 'तरुण प्लस' कैटेगरी में बहुत कम लोगों को ऋण मिल रहा है। उन्होंने सरकार से पूछा कि इसके पीछे क्या कारण हैं और इसे सुधारने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने मांग की कि सरकार इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करे, ताकि योग्य लाभार्थियों को समय पर ऋण मिल सके।

एनसीडब्ल्यू अध्यक्ष से मिली हरसिमरत, मान की शिकायत की

# मान के खिलाफ यौन उत्पीड़न और महिलाओं की गरिमा को ठेस वाली टिप्पणी पर कार्रवाई हो

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

शिरोमणी अकाली दल की वरिष्ठ नेता और बठिंडा सांसद बीबा हरसिमरत कौर बादल ने राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया राहटकर से मुलाकात कर पंजाब के मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री भगवंत मान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का आग्रह किया। उन्होंने अपनी शिकायत में कहा कि लुधियाना में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित एक समारोह में महिलाओं के खिलाफ गलत बयान, अपमानजनक और यौन रूप से आपत्तिजनक टिप्पणी करने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत मान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

**इस संबंध में कड़ा संदेश देना जरूरी बताया**

हरसिमरत कौर बादल ने आयोग की अध्यक्ष से कहा कि यह बेहद जरूरी है ताकि एक कड़ा संदेश दिया जा सके कि महिलाओं को इस तरह वस्तु की तरह न देखा जा सकता। इस बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए सांसद बादल ने कहा कि मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन के दौरान विस्तार से बताया कि कैसे उन्होंने अपने दोस्तों के सामने एक लड़की के साथ रिश्ते का झूठा दावा किया था। उन्होने बताया कि मुख्यमंत्री ने उस लड़की को उसके कपड़ों के आधार पर उसका अपमान भी किया।

बठिंडा सांसद ने एनसीडब्ल्यू अध्यक्ष से कहा कि जब किसी राज्य का सर्वोच्च अधिकारी सार्वजनिक रूप से संवेदनशील लोगों की सभा में महिलाओं के बारे इस तरह की बात करना कितना आपत्तिजनक है- और इसने एक खतरनाक संदेश दिया कि सार्वजनिक मनोरंजन और सस्ते रोमांच के लिए महिलाओं की गरिमा को कम किया जा सकता है और उनकी पहचान को केवल उनकी उपस्थिति तक सीमित कर दिया जा सकता है।

# कांग्रेस के आरोप निराधार, बजट में एसवाईएल के निर्माण के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रावधान: सैनी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य सरकार ने बजट 2026-27 के प्रस्तावों में एस.वाई.एल. नहर के निर्माण के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है, इसलिए विपक्ष का यह आरोप कि बजट में एस.वाई.एल. नहर का कहीं जिक्र नहीं है, पूरी तरह से निराधार है। मुख्यमंत्री मंगलवार को हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान बजट अनुमान 2026-27 पर चर्चा के उपरांत जवाब दे रहे थे।

सैनी ने कहा कि बजट पर चर्चा के दौरान कांग्रेस के साथियों ने यह कहा कि वे तीन दिन से बजट भाषण पढ़ रहे हैं और उसमें एसवाईएल नहर का कहीं जिक्र नहीं है। इन्होंने यह भी कहा कि हरियाणा के गठन के लगभग 60 वर्षों के इतिहास में ऐसा कोई बजट नहीं रहा, जिसमें एस.वाई.एल. का उल्लेख न किया गया हो। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि बजट 2026-27 के दस्तावेज खंड-III,



जो कि पूंजीगत व्ययों का ब्यौरेवार अनुमान प्रस्तुत करता है, उसके पृष्ठ संख्या 204 पर स्पष्ट रूप से एस.वाई.एल. नहर का निर्माण के सब-हेड में 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के वर्ष 2005 से 2014 तक के दस वर्षों के कार्यकाल के बजट भाषणों के रिकॉर्ड के अनुसार केवल दो वर्षों 2005-06 और 2006-07 के बजट भाषण में ही एस.वाई.एल. नहर का उल्लेख किया था। बाकी 8 बजट भाषणों में एस.वाई.एल. शब्द का कहीं भी प्रयोग नहीं हुआ था। इतना ही नहीं, 10 में से केवल 2 वर्षों अर्थात 2013-14 और 2014-15 के बजट में एसवाईएल के निर्माण के लिए मात्र 10 लाख रुपये के बजट का प्रावधान किया था। बाकी आठ वर्षों में एक रुपए का भी प्रावधान इस सब- हेड के लिए नहीं किया था। सैनी ने कहा कि वर्तमान सरकार ने तो वर्ष 2016-17 से 2025-26 तक हर साल 100 करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान किया है। राज्यपाल द्वारा 20 फरवरी, 2026 को दिए गए अभिभाषण के पैरा नंबर-36 में भी एसवाईएल के बारे में कहा गया है कि मेरी सरकार के लिए हरियाणा के जल के अधिकारों की रक्षा सर्वोच्च प्रतिबद्धता है। हम सतलुज-यमुना लिंक नहर बनाने के लिए पूर्णतः वचनबद्ध हैं।

## किसानों की आय और सुरक्षा दोनों की गारंटी, लोक सभा में बोले केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान

छोटी जोत पर बड़ा मुनाफा, इंटीग्रेटेड फार्मिंग के मॉडल तैयार

# कहा, तंबाकू की जगह नकदी फसलें प्रोत्साहित कर रही केंद्र सरकार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार ने तंबाकू जैसी हानिकारक फसल के स्थान पर लाभदायी वैकल्पिक फसलें उपलब्ध कराने से लेकर एमएसपी पर ऐतिहासिक खरीदी, फसल बीमा योजना में क्रांतिकारी सुधार और सख्त निगरानी व्यवस्था के जरिए किसानों की आय और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।

चौहान ने मंगलवार को लोक सभा में सांसदों के विभिन्न प्रश्नों के उत्तर देते हुए बताया कि मोदी सरकार ने केवल किसानों से तंबाकू की उपज छोड़ने की अपील नहीं की, बल्कि जिन क्षेत्रों में ये उगाई जाती है, वहां हाइब्रिड मक्का, मिर्च, शकरकंद, कपास,



आलू, चिया, फीड बीन, लोबिया, रागी, रेड ग्राम, गन्ना, सोयाबीन, ज्वार और मूंगफली जैसी लाभकारी फसलों को मजबूत विकल्प के रूप में चिन्हित किया गया है ताकि किसानों की नकदी आमदनी सुरक्षित रहे।

उन्होंने कहा कि देश में अधिकांश किसानों के पास छोटी जोत है, ऐसे में छोटे किसानों के लिए केवल एक फसल पर निर्भर रहना जोखिम भरा है, इसलिए सरकार ने एकीकृत खेती (इंटीग्रेटेड फार्मिंग) के कई मॉडल तैयार कर विभिन्न राज्यों में उनका डेमो शुरू किया है। इन मॉडलों के तहत किसान अनाज (गेहूं, धान), सब्जियाँ, फल, पशुपालन, मछली पालन, मधुमक्खी पालन, बकरी पालन और कृषि वानिकी जैसी गतिविधियां एक साथ अपनाकर साल भर स्थिर और बेहतर आमदनी अर्जित कर सकते हैं।

चौहान ने कहा कि किसानों को उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए गेहूं, धान, दलहन और तिलहन सहित सभी प्रमुख फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाया गया है और वर्तमान सीजन में एमएसपी पर फसलों की ऐतिहासिक खरीदी जारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह मोदी सरकार ही है जिसने तुअर, मसूर और उड़द जैसी दलहन फसलों के लिए यह व्यवस्था की है कि किसान पंजीयन कराकर जितना भी बेचने के लिए लाएंगे, सरकार पूरी खरीदने के लिए प्रतिबद्ध है जिससे दाल उत्पादक किसानों को बड़ा सहारा मिला है।

केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि पहले प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत कई-कई महीनों तक किसानों को मुआवजा नहीं मिल पाता था, लेकिन मोदी सरकार ने नियमों में व्यापक संशोधन कर यह प्रावधान कर दिया है कि एक अकेले किसान की फसल को भी नुकसान होगा तो बीमा कंपनी को उसका मुआवजा देना ही पड़ेगा। उन्होंने बताया कि अब उपज के आंकड़े आने के बाद 21 दिनों के भीतर यदि बीमा दावा राशि किसान के खाते में नहीं पहुंचती, तो बीमा कंपनियों और राज्यों – दोनों को 12 प्रतिशत ब्याज सहित भुगतान करना होगा ताकि किसी भी किसान को देरी की दोहरी मार न झेलनी पड़े।

### पश्चिम बंगाल में मनरेगा फंड रोकने के आरोपों पर शिवराज ने दिया जवाब

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में मनरेगा फंड रोकने पर 'भेदभाव' के आरोपों को खारिज करते हुए केंद्रीय मंत्री चौहान ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि यह राजनीतिक नहीं, वैधानिक कार्रवाई थी। उन्होंने बताया कि विभिन्न टीमों और सोशल ऑडिट की रिपोर्ट में मजदूरों की जगह मशीनों से काम, ठेकेदार–केन्द्रित काम, एक काम के कई टुकड़े कर ठेके बाँटना, फर्जी जॉब कार्ड, फर्जी मास्टररोल और 80–20 की बंदरबांट, 80 साल की 'मज़दूर' दादियां, तीन-तीन महीने बाद गांव जाकर मनरेगा के पैसे निकालने वाली कामवाली बाई जैसे गंभीर आरोप सामने आए। वहां सोशल ऑडिट और शिकायतों के जरिए लगभग 11 लाख गड़बड़ियों की रिपोर्ट आई। केंद्र की टीमों ने राज्य सरकार से गड़बड़ियां रोकने को कहा, लेकिन जब सुधार नहीं हुआ और हाईकोर्ट की शर्तों को भी 'फाड़कर फेंक दिया गया', तब मनरेगा फंड पर रोक लगानी पड़ी।

चौहान ने साफ किया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क, पीएम आवास और कृषि योजनाओं के पैसे बंगाल को मिलते रहे, क्योंकि हमारा मकसद जनता को सज़ा देना नहीं, व्यवस्था की गड़बड़ियों को ठीक करना है, केवल खाने के लिए पैसा नहीं दिया गया, जवाबदेही भी ज़रूरी है। पंजाब का जिक्र कर शिवराज सिंह ने कहा कि मनरेगा के दौर में यूपीए सरकार ने पंजाब को सिर्फ 858 करोड़ रुपए दिए थे, जबकि मोदी सरकार ने उसी पंजाब को 10 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि मनरेगा के लिए दी, फिर भी आज वही लोग केंद्र पर भेदभाव का आरोप लगाते हैं।

# शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन मजबूती, सेंसेक्स 568 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

वैश्विक बाजारों के सकारात्मक रुख और धातु एवं वाहन शेयरों में खरीदारी के बीच मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन मजबूती रही। सेंसेक्स 568 अंक चढ़कर बंद हुआ, जबकि निफ्टी में 172 अंक की तेजी रही।

■ धातु एवं वाहन शेयरों में रही खरीदारी

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 567.99 अंक यानी 0.75 प्रतिशत चढ़कर 76,070.84 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 801.41 अंक बढ़कर 76,304.26 अंक तक पहुंच गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 172.35 अंक यानी 0.74 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,581.15 अंक पर बंद हुआ।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''घरेलू निवेशकों की तरफ से सस्ते दाम पर उपलब्ध शेयरों पर दांव लगाने से बाजार ने अपनी तेजी कायम रखी। वाहन, धातु और वित्तीय क्षेत्रों ने इस तेजी की अगुवाई की जबकि हाल की गिरावट में सबसे ज्यादा प्रभाव इन पर ही पड़ा था।''

हालांकि, नायर ने कहा पश्चिम एशिया संघर्ष से जुड़ी अनिश्चितता बनी रहने से यह कहना जल्दबाजी होगी कि अल्पावधि में यह तेजी कायम रहेगी। व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.86 प्रतिशत चढ़ गया जबकि छोटी कंपनियों का स्मालकैप 0.67 प्रतिशत के लाभ में रहा। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी 1.63 प्रतिशत चढ़ा, जबकि हांगकांग का हैंगसेंग मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोपीय बाजार तेजी के रुख के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार सोमवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे।

### वैश्विक बाजार में सकारात्मक रुख रहा



### इन शेयरों ने की लाभ-हानि दर्ज

सेंसेक्स की कंपनियों में से इटर्नल का शेयर सबसे अधिक 5.70 प्रतिशत चढ़ा। इसके अलावा टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, लार्सन एंड टुब्रो, भारती एयरटेल और मारुति सुजुकी के शेयरों में भी तेजी में रहे। दूसरी तरफ, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, आईटीसी, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एचसीएल टेक के शेयरों में गिरावट का रुख देखा गया।

*अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय ने जारी की रिपोर्ट*

## देश में 2030 के बाद घटेगा कामकाजी आबादी का अनुपात, रोजगार सृजन की रफ्तार बढ़ाना जरूरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में आने वाले समय में रोजगार सृजन की गति बढ़ाने की जरूरत और बढ़ जाएगी क्योंकि जनसांख्यिकीय लाभ सीमित समय के लिए ही उपलब्ध रहेगा और 2030 के बाद कामकाजी आयु वर्ग की आबादी का अनुपात घटने लगेगा। एक रिपोर्ट में यह निष्कर्ष निकाला गया है। अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय की रिपोर्ट 'भारत में कामकाज की स्थिति-2026' में देश के युवाओं की शिक्षा, रोजगार और श्रम बाजार से जुड़े कई अहम रुझानों को रेखांकित किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, शिक्षित एवं आकांक्षी युवाओं की बढ़ती संख्या को रोजगार बाजार में प्रभावी ढंग से शामिल करना भारत के जनसांख्यिकीय लाभ को आर्थिक वृद्धि में तब्दील करने के लिए निर्णायक होगा। इसमें कहा गया है कि 2030 के बाद कामकाजी आबादी का अनुपात घटने लगेगा जिससे रोजगार सृजन की गति बढ़ाने की जरूरत और अधिक महत्वपूर्ण हो जाएगी। रिपोर्ट कहती है, पिछले चार दशक में युवाओं की शिक्षा के स्तर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और उच्च शिक्षा में नामांकन दर 28 प्रतिशत तक पहुंच गई है, जिसमें महिलाओं की भागीदारी खासतौर पर बढ़ी है। हालांकि, पुरुषों के नामांकन में गिरावट दर्ज की गई है। यह 2017 के 38 प्रतिशत से घटकर 2024 के अंत तक 34 प्रतिशत रह गई है। इसके पीछे मुख्य वजह यह है कि पुरुष अपने परिवार की जरूरत को पूरा करने के लिए कमाने के अवसर तलाशने लगते हैं। उच्च शिक्षा संस्थानों का दायरा भी बढ़ा है। प्रति लाख युवाओं पर कॉलेज की संख्या 2010 के 29 से बढ़कर 2021 में 45 हो गई, जिसमें निजी संस्थानों की बड़ी भूमिका रही है। इसके बावजूद क्षेत्रीय असमानताएं बनी हुई हैं और शिक्षकों की कमी एक बड़ी चुनौती के रूप में सामने आई है।

## रिलायंस अध्यक्ष नीता एम. अंबानी को प्रतिष्ठित केआईएसएस ह्यूमैनिटेरियन अवॉर्ड

**भुवनेश्वर।** रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक एवं अध्यक्ष नीता एम. अंबानी को सोमवार को यहां कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (केआईएसएस) परिसर में प्रतिष्ठित केआईएसएस ह्यूमैनिटेरियन अवॉर्ड 2025 से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार श्रीलंका के नोबेल पुरस्कार विजेता प्रो. मोहन मुनासिंघे द्वारा केआईआईटी, केआईएसएस और केआईएमएस के संस्थापक डॉ. अच्युत सामंत की उपस्थिति में प्रदान किया गया। इस समारोह में संस्थानों के वरिष्ठ पदाधिकारी, बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। यह पुरस्कार श्रीमती अंबानी के उत्कृष्ट मानवीय कार्यों और शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण परिवर्तन, महिला सशक्तिकरण तथा खेलों के प्रोत्साहन के माध्यम से रिलायंस फाउंडेशन के जरिए समाज के विकास में उनके महत्वपूर्ण योगदान को मान्यता देता है। अपने स्वीकृति भाषण में श्रीमती अंबानी ने कहा कि डॉ. सामंत ने शिक्षा के दो आधुनिक मंदिर—केआईआईटी, और केआईएसएस का निर्माण किया है। ये दोनों संस्थान हमारे देश के लिए गर्व का विषय हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें यह प्रतिष्ठित केआईएसएस ह्यूमैनिटेरियन अवॉर्ड प्राप्त कर गर्व महसूस हो रहा है और यह सम्मान केवल उनका नहीं, बल्कि रिलायंस फाउंडेशन की पूरी टीम का है। केआईएसएस के 40,000 छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, "मैं यहां मिले आपके प्रेम और स्नेह को कभी नहीं भूलूंगी।" उन्होंने आगे कहा कि केआईआईटी और केआईएसएस जैसे उत्कृष्ट संस्थानों का दौरा करना उनके लिए वास्तव में सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि भगवान जगन्नाथ की पवित्र भूमि पर आकर वे अभिभूत हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ओडिशा की समृद्ध संस्कृति, परंपराएं और मूल्य हैं, और यहां के लोगों का प्रकृति से गहरा और मजबूत जुड़ाव है। उन्होंने कहा कि लड़कों और लड़कियों में कोई अंतर नहीं है और जो काम लड़के कर सकते हैं, वही लड़कियां भी कर सकती हैं। छात्रों को सलाह देते हुए उन्होंने कहा, "यह सिर्फ शुरुआत है, आपका अंतिम लक्ष्य नहीं। आपको बड़े सपने देखने चाहिए और उन सपनों को पूरा करने के लिए समर्पण के साथ कड़ी मेहनत करनी चाहिए।"




## देश की डिजिटल अर्थव्यवस्था 2030 तक 20 प्रतिशत होगी

**नई दिल्ली।** भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था का 2030 तक देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा होने का अनुमान है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह बता कही। अधिकारी ने अनुसार, डिजिटल क्षेत्र की वृद्धि दर व्यापक अर्थव्यवस्था की तुलना में दोगुनी होगी। 'नैसकॉम ग्लोबल कॉन्फ्लुएंस 2026' में इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (मेइटी) के सचिव एस कृष्णन ने कहा कि डिजिटल अर्थव्यवस्था वर्तमान में भारत के जीडीपी में लगभग 13 प्रतिशत का योगदान करती है। उन्होंने कहा कि यह वृद्धि दर विभिन्न क्षेत्रों में कृत्रिम मेधा (एआई) के बढ़ते उपयोग से और तेज होगी।

## चांदी 6,000 चढ़ी, सोना 1,050 रुपये मजबूत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को कीमती धातुओं की कीमतों में दो प्रतिशत तक का उछाल आया। चांदी 6,000 रुपये बढ़कर 2.62 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गई जबकि सोना बढ़कर 1.61 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है। चांदी की कीमत 6,000 रुपये या 2.34 प्रतिशत बढ़कर 2,62,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। सर्राफा बाजार में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने में लगातार तीन दिन की गिरावट का सिलसिला टूट गया और इसकी कीमत 1,050 रुपये या लगभग एक प्रतिशत बढ़कर 1,61,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गयी। विश्लेषकों ने कहा कि सर्राफा की कीमतों में यह उछाल भू-राजनीतिक तनाव के बीच 'सुरक्षित निवेश' वाली आस्तियों की मांग से प्रेरित था, भले ही वैश्विक संकेतक कमजोर बने रहे। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा कि घरेलू बाजारों में रुपये के नरम पड़ने से हाजिर सोने की कीमतों को वैश्विक कमजोरी से अलग होने में मदद मिली है।हालांकि, जब तक फेडरल रिजर्व कोई स्पष्ट मार्गदर्शन नहीं देता, तब तक कीमतों में एक विस्तृत दायरे के भीतर उतार-चढ़ाव जारी रहने की उम्मीद है।



## नवरात्रि के दौरान ट्रेन संख्या 13151/13152 में अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा, यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए लिया गया निर्णय

**जम्मू।** उत्तर रेलवे के जम्मू मंडल में आगामी नवरात्रि पर्व के दौरान माता वैष्णो देवी के दर्शन हेतु जाने वाले श्रद्धालुओं और यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए, जम्मू मंडल ने ट्रेन संख्या 13151/13152 (कोलकाता-जम्मू तवी-कोलकाता एक्सप्रेस) में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच जोड़ने का निर्णय लिया है। यह सुविधा 20 मार्च से 02 अप्रैल तक उपलब्ध रहेगी। ट्रेन में अतिरिक्त स्लीपर कोच के जुड़ने से, लंबी वेटिंग लिस्ट वाले यात्रियों के टिकट कंफर्म होने की संभावना काफी बढ़ जाएगी। अतिरिक्त कोच लगने से मौजूदा डिब्बों में भीड का दबाव कम होगा। जिससे यात्रा सुरक्षित और आरामदायक होगी। चूंकि यह समय नवरात्रि का है, इसलिए जम्मू जाने वाले भक्तों की संख्या बहुत अधिक होती है। ऐक्स्ट्रा कोच होने से यात्रियों को अंतिम समय में यात्रा रद्द करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। साथ ही अतिरिक्त कोच लगने से प्रतीक्षा सूची के 72 से 80 यात्रियों को हर दिन कंफर्म बर्थ मिल सकेगी। इस सुविधा पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, श्री उचित सिंघल ने बताया, कि नवरात्रि के पावन अवसर पर यात्रियों की संख्या में भारी वृद्धि और लंबी प्रतीक्षा सूची को ध्यान में रखते हुए, हमने इस ट्रेन में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच लगाने का फैसला किया है। हमारा मुख्य उद्देश्य यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराना और उनकी यात्रा को आरामदायक बनाना है। हम लगातार वेटिंग लिस्ट की निगरानी कर रहे हैं और आवश्यकतानुसार आगे भी हर संभव कदम उठाए जाएंगे। यात्री अपनी बर्थ की नवीनतम स्थिति रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट या हेल्पलाइन नंबर 139 के माध्यम से चेक कर सकते हैं।

**Change of Name**

Public Notice: My daughter Avika Yadav (DOB: 31/03/2011) is mistakenly recorded as "Avika" in her birth certificate. Her correct name is "Avika Yadav," which shall be used for all purposes in future. Declarant: Jai Pratap Yadav. Address : J-276 Beta2 Greater Noida U.P.

## ऑस्कर के रेड कार्पेट पर, ब्रांडी कार्लाइल और कैथरीन शेफर्ड ने स्वदेश द्वारा निर्मित उत्कृष्ट आभूषण पहने



**नई दिल्ली।** ऑस्कर के रेड कार्पेट पर, ब्रांडी कार्लाइल और कैथरीन शेफर्ड ने स्वदेश द्वारा निर्मित उत्कृष्ट आभूषण पहने, जिससे हॉलीवुड के सबसे प्रतिष्ठित मंच पर भारतीय शिल्प कौशल की चमक दिखाई दी। ब्रांडी कार्लाइल ने पेटल प्रिज्म ब्रोच पहना था, जो सूरजमुखी की प्राकृतिक ज्यामिति से प्रेरित है। सोने से हस्तनिर्मित और बीच में एक चमकदार अंडाकार तराशे हुए पन्ना से जड़ा यह ब्रोच, पैवे-सेट हीरे से सजा है, जिसे खुली सेटिंग तकनीक से व्यवस्थित किया गया है जिससे प्रकाश पत्थरों के बीच से स्वतंत्र रूप से गुजर सके। प्रत्येक पंखुड़ी और हीरे जड़े तने को सटीकता से आकार दिया गया है, जिसके लिए तेलंगाना के कुशल कारीगरों द्वारा 100 से अधिक घंटों की कारीगरी की आवश्यकता पड़ी, जिनकी सुनार कला की परंपरा पीढ़ियों से चली आ रही है। कैथरीन शेफर्ड ने असाधारण लचीलेपन से निर्मित हीरे का हार पहना था, जिसे कपड़े की कोमलता के साथ लिपटने और बहने के लिए डिज़ाइन किया गया था। इसकी सुगठित संरचना पंख के नाजुक कांटे की तरह है, जिससे प्रत्येक खंड सामंजस्य में हिलता है और गर्दन के साथ एक तरल, भारहीन आकृति बनाता है। हाथ से जड़े हीरों की एक निरंतर पट्टी इस आभूषण में फैली हुई है, जो एक परिष्कृत शेवरॉन-प्रेरित पैटर्न में व्यवस्थित हैं और इसमें विक्टोरियन युग की सूक्ष्म बारीकियां हैं जो इसे एक प्राचीन आकर्षण प्रदान करती हैं।

ऊपर वाले से मिला वरदान
मेरे पास है हर समाधान
करो प्रेमिका / पति मुट्ठी में
जो व्यक्ति वास्तव में परेशान है, वो ही फोन करें।
रजि.
गुरू कबीर जी
की जुबान पत्थर की लकीर है।
आपकी हर समस्या का समाधान
जैसे:- शादी, कारोबार, पढ़ाई में रुकावट, सास बहु, मिया बीवी में अनबन, सौतन, दुश्मन नाश, ग्रह क्लेश, बेटा / बेटी / पति - पत्नी किसी के वश में कहना न मानता हो, पशु, फसल में नुकसान, कोर्ट-कचहरी मुकदमा जैसी सभी समस्याओं का गारन्टीड समाधान। पाँच मिनट में समाधान
एक फोन करो समाधान पाओ
9711428545
स्पेशलिस्ट : वशीकरण, मनचाहा प्यार

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## जियो पेमेंट्स बैंक ने शुरू की यूपीआई आधारित कैश विड्रॉल सेवा

**मुंबई।** जियो पेमेंट्स बैंक लिमिटेड ने यूपीआई आधारित कैश विदड्रॉल सेवा शुरू करने की घोषणा की है। जिसके तहत ग्राहक अब बिज़नेस कॉरेस्पोंडेंट टचपॉइंट्स पर क्यूआर कोड स्कैन कर नकद निकाल सकेंगे। मतलब बिना डेबिट कार्ड और पारंपरिक एटीएम न होने के बाद भी ग्राहक अपना पैसा निकाल सकेंगे। बैंक के अनुसार, नई सेवा खासतौर पर ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों के ग्राहकों को ध्यान में रखकर शुरू की गई है, जहां एटीएम पहुंच सीमित है। ग्राहक अपने यूपीआई एप के माध्यम से ट्रांजैक्शन ऑथराइज कर आसानी से नकद प्राप्त कर सकेंगे। जियो पेमेंट्स बैंक ने कहा कि कार्डलेस कैश विड्रॉल सुविधा डिजिटल भुगतान और नकद उपयोग के बीच की दूरी को कम करेगी तथा पहली बार डिजिटल भुगतान अपनाने वाले उपयोगकर्ताओं को सुरक्षित और सहायक वातावरण में यूपीआई अनुभव प्रदान करेगी। बैंक का कहना है कि अपने डिजिटल भुगतान इंफ्रास्ट्रक्चर और लास्ट-माइल बिज़नेस कॉरेस्पोंडेंट नेटवर्क के जरिए यह पहल देश में बैंकिंग सेवाओं की पहुंच बढ़ाने, नकद-निर्भर वर्गों तक यूपीआई का विस्तार करने और वित्तीय समावेशन को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) EICHR_VECV PRO2114CBC REG. NO. UP14KT71104-YOM- 2022
2) TATA MOTORS T_INTRAV20 REG. NO. DL1LAN8134-YOM -2025
3) TATA MOTORS TATA_INTRA REG. NO. DL1LAN0929 -YOM - NA
4) TATA MOTORS TLPT1921GD REG. NO. HR73B4104-YOM -2024
5) TATA MOTORS TATA_INTRA REG. NO. DL1LAN2620-YOM-NA
6) TATA MOTORS TACEGOLCNG REG.NO. DL1LAM0877-YOM-2023
7) TATA MOTORS SIGNA_2820 REG. NO. HR69F7604-YOM- 2024
8) TATA MOTORS TATAACE REG. NO. UP14MT5791-YOM-2023

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT BRANCH ADDRESS: KOTAK MAHINDRA BANK 3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR CONTACT : RAMAN AHUJA KOTAK MAHINDRA BANK LTD. CONTACT NO. 8377988238 EMAIL-raman.ahuja@kotak.com

**उत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना**

**पत्र संख्या 128-डब्ल्यु/वं.मं.अधि./सं./निविदा आमंत्रण सूचना-19-25-26-डब्ल्युसी दिनांक: 16.03.2026**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल इंजीनियर – ट्रैक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | दिल्ली मंडल के अंतर्गत SBCM/FRM मशीन का प्री एवं पोस्ट अटेंशन कार्य तथा T-28 मशीन द्वारा टर्नआउट का डीप स्क्रीनिंग कार्य। (निविदा आमंत्रण सूचना–19–25–26–डब्ल्युसी) |
| 2 | अनुमानित लागत | Rs. 6,10,47,950.91/- |
| 3 | धरोहर राशि | Rs. 12,21,000/- |
| 4 | ई–निविदा भरने का दिनांक और समय & ई-निविदा खुलने का दिनांक समय | ई–निविदा भरने का समय शुरू दिनाँक 24.03.2026 को 15:00 बजे से निविदा खुलने का समय & ई-निविदा खुलने का दिनांक 09.04.2026 को 15:00 बजे तक |
| 5 | निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |

889/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**पहला शुद्धिपत्र**

**कार्य का नाम:-** " रेवाड़ी में स्टीम लोकोमोटिव सहित हेरिटेज रोलिंग स्टॉक के लिए भारी मरम्मत और रखरखाव सुविधाओं के विकास से संबंधित विद्युत कार्य।"

**टेंडर नं.: 67-SRDEE-G-DLI-2025-26**

| | पहले प्रकाशित | संशोधन |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | 67-SRDEE-G-DLI-2025-26 रेवाड़ी में स्टीम लोकोमोटिव सहित हेरिटेज रोलिंग स्टॉक के लिए भारी मरम्मत और रखरखाव सुविधाओं के विकास से संबंधित विद्युत कार्य। | 67-SRDEE-G-DLI-2025-26 रेवाड़ी में स्टीम लोकोमोटिव सहित हेरिटेज रोलिंग स्टॉक के लिए भारी मरम्मत और रखरखाव सुविधाओं के विकास से संबंधित विद्युत कार्य। |
| निविदा की अनुमानित लागत | रु. 1,01,24,356.00/- | रु. 1,01,24,356.00/- |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली |
| बयाना राशि | रु. 2,00,600.00/- | रु. 2,02,500.00/- |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | 06.04.2026, 16.00 बजे | 06.04.2026, 16.00 बजे |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | 06.04.2026, 16.00 बजे | 06.04.2026, 16.00 बजे |

उपर्युक्त निविदा के निविदा दस्तावेज को संशोधित किया गया है, कृपया www.ireps.gov.in पर उपलब्ध संशोधित दस्तावेजों को देखें और तदनुसार अपना प्रस्ताव प्रस्तुत करें।

**टेंडर नं.: 67-SRDEE-G-DLI-2025-26** 914/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## राशिफल

**मेष** मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृष** परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**मिथुन** आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यभार में वृद्धि होगी। वाहन सुख में वृद्धि भी हो सकती है। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।

**कर्क** क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों कार्यों में सफलता मिलेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। संयत रहें।

**सिंह** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा, परन्तु सन्तान के स्वास्थ्य से मन परेशान भी हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**कन्या** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्चों की अधिकता रहेगी।

**तुला** किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार पर ध्यान रखें। कारोबारी कार्यों में कठिनाइयां आ सकती है।

**धनु** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। संयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की परेशानी बढ़ सकती हैं।

**मकर** क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। शैक्षिक कार्यों में मनचाही सफलता मिलेगी।

**कुंभ** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

**मीन** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी, परन्तु शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी।

## एसईडी ने भारत में लॉन्च किया न्यूरोसाइंस-आधारित लर्निंग डायग्नोस्टिक्स प्लेटफॉर्म

**नई दिल्ली।** यह प्लेटफॉर्म छात्रों के सीखने के तरीके का विश्लेषण करने, उनकी शैक्षणिक क्षमताओं और कमियों की पहचान करने तथा व्यक्तिगत विकास के लिए अनुकूल मार्ग तैयार करने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। एक असेसमेंट और लर्निंग इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म के रूप में विकसित एसईडी यह समझने में सक्षम है कि प्रत्येक छात्र जानकारी को कैसे प्रोसेस करता है और उसे किस प्रकार लागू करता है। ब्रेन-बेस्ड असेसमेंट्स के माध्यम से यह प्लेटफॉर्म छात्रों की लर्निंग स्टाइल, उनकी ताकत और सुधार की जरूरत वाले क्षेत्रों की पहचान करता है। यह संज्ञानात्मक पैटर्न और शैक्षणिक प्रदर्शन को मैप कर व्यक्तिगत अकादमिक रोडमैप तैयार करता है, जिससे शिक्षकों और अभिभावकों को शुरुआती स्तर पर ही लर्निंग गैप्स को दूर करने और मौजूदा क्षमताओं को मजबूत करने में मदद मिलती है। स्टूडेंट एजुकेशन डायग्नोस्टिक्स के संस्थापक श्रीनेश वी ने कहा, "कई बार कक्षा में कम प्रदर्शन करने वाले छात्रों को गलत समझ लिया जाता है। पारंपरिक मूल्यांकन केवल परिणामों को मापते हैं, लेकिन यह नहीं बताते कि छात्र सीखता कैसे है। एसईडी के माध्यम से हमारा उद्देश्य एक ऐसा न्यूरोसाइंस-आधारित डायग्नोस्टिक दृष्टिकोण लाना है, जो स्कूलों और परिवारों को छात्रों के सीखने के पैटर्न को समझने, शुरुआती स्तर पर गैप्स पहचानने और उन्हें सही दिशा देने में मदद करे।" इस लॉन्च की घोषणा एसईडी लर्निंग इंटेलिजेंस समिट के दौरान की गई, जिसमें शिक्षाविदों और अकादमिक विशेषज्ञों ने भाग लिया। समिट में जोसेफ सालाजार, जैकलीन एम. क्लेम्के, डॉ. सेदिघे जमानी रूडसारी और एरिक सांबालुक जैसे विशेषज्ञ शामिल रहे। यह प्लेटफॉर्म न्यूरोसाइंस-आधारित अकादमिक डायग्नोस्टिक्स के साथ संरचित छात्र ट्रैकिंग टूल्स को भी एकीकृत करता है। इसमें लर्निंग गैप्स की शुरुआती पहचान, एसएटी और एसीटी आधारित फ्रेमवर्क, यूएस-आधारित सर्टिफिकेशन पाथवे और 360-डिग्री प्रोग्रेस ट्रैकिंग सिस्टम शामिल हैं।




**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, निदेशक/एडमिन, उत्तर रेलवे नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए e–निविदाए आमन्त्रित की जाती है

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | समापन अवधि | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | एडीईएन/एनआरसीएच के अधीन एसएसई/वर्क्स/एनआरसीएच अनुभाग में पानी की सप्लाई, सैनिटरी और ड्रेनेज सिस्टम वगैरह की मरम्मत और NRCH में सुधार और नवीनीकरण का काम। | रु 16632778.55 | रु 332700/- | 08 माह | 10.04.2026 |

सुचना: निविदा रेलवे की वैबसाइट 'www.ireps.gov.in' पर उपलब्ध है तथा इसी वैबसाइट पर 10.04.2026 15.00 बजे तक ही भरी जायगी.

पत्रसं.: 128-W-269-O.E.T-13-25-26-NRCH दिनांक:-16.03.2026 887/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## शब्द पहेली - 6168



**बाएँ से दाएँ**
1.जायकेदार,लजीज–5
4.नट का खेल–4
7.राय,वोट–2
8.दुरुह,कठिन–3
9.प्रहार,घात–2
10.अचरज भरा कार्य–4
11.शराब,मद्य–2
13.साझेदार–4
14.क्षण,लम्हा–2
16.सहयोग–3
18.अड़िग–3
19.कैद, बंधक–3,2
21.चुगली करना–2,3
24.धावक (अंग्रेजी–3)
26.अग्नि, आग–3
28.टैक्स, हाथ–2
29.एक मुगल सम्राट–4
30.टकटकी–2
32.कैंची से काटना–4
33.आत्मा–2
35.सीरा,मिष्ठान–3
36.आगमन–2
37.जोरदार–4
38.तेज दौड़ना–5

**ऊपर से नीचे**
1.बुरी आदत–2
2.झगड़ा,रार–4
3.फिल्मी दुनिया–3,2
4.लेखनी,पेन–3
5.इस पर रोटी सेंकते हैं–2
6.वटवृक्ष–4
7.मन को भाने वाला–5
10.बुरा आचरण–4
12.यमराज–2
15.चुनौती–4
17.विदरण,एकता भंग–3
18.आर्द्रक–4
20.भूमि,धरती–3
22.आवेश में आना–4
23.नामकरण–2,3
25.नरक में रहना–5
26.जामफल–4
27.बेल,लतिका–2
29.प्रार्थना,ईश्वर वंदना–4
31.जलजला–3
34.मैं का बहुवचन–2
36.रुपये का सोलहवां भाग–2

**शब्द पहेली- 6167 का हल**





# सीनियर एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में दमखम दिखाएंगे म्हारे 17 पहलवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सीनियर एशियन कुश्ती चैंपियनशिप के लिए प्रदेश के 17 के पहलवानों का चयन हुआ है। इसमें ग्रीको रोमन 6 महिला और 6 पुरुष पहलवान, जबकि फ्री स्टाइल में 5 पुरुष पहलवान शामिल हैं। मंगलवार को सीनियर एशिया कुश्ती चैंपियनशिप की ट्रायल आयोजित की गई। लड़कियों की ट्रायल दिल्ली में आयोजित की गई। वहीं, लड़कों की ट्रायल लखनऊ में आयोजित की गई। रेसलिंग हरियाणा संघ के अध्यक्ष रमेश ने चयनित पहलवानों को बधाई दी। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। बता दें कि सीनियर एशियन कुश्ती चैंपियनशिप 6 से 12 अप्रैल को किर्गिस्तान में आयोजित की जाएगी। कोच रणबीर ढाका, कोच मनदीप और कोच सचिन ने भी चयनित खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

• हरियाणा के खिलाड़ियों का चयन


कोच मनदीप के साथ मनीषा और मानसी लाठर


कोच के साथ प्रिंस

### 6 बेटियां और 6 बेटे ग्रीको रोमन और 5 पहलवानों का फ्री स्टाइल में चयन


सुनील


जयदीप

| पुरुष वर्ग वेट | (फ्री स्टाइल) पहलवान |
|---|---|
| ▶▶| 65 किग्रा | सुजीत |
| ▶▶| 70 किग्रा | अभिमन्यु |
| ▶▶| 74 किग्रा | जयदीप |
| ▶▶| 92 किग्रा | पुनित कुमार |
| ▶▶| 125 किग्रा | दिनेश |

| चयनित | खिलाड़ी |
|---|---|
| महिला वर्ग वेट | (फ्री स्टाइल) पहलवान |
| ▶▶| 53 किग्रा | मीनाक्षी |
| ▶▶| 55 किग्रा | हंसिका |
| ▶▶| 57 किग्रा | मनीषा |
| ▶▶| 59 किग्रा | नेहा |
| ▶▶| 68 किग्रा | मानसी लाठर |
| ▶▶| 76 किग्रा | काजल |
| पुरुष वर्ग वेट | (ग्रीको रोमन) पहलवान |
| ▶▶| 60 किग्रा | साहिल |
| ▶▶| 63 किग्रा | सन्नी |
| ▶▶| 72 किग्रा | अनिल |
| ▶▶| 82 किग्रा | प्रिंस |
| ▶▶| 87 किग्रा | सुनील |
| ▶▶| 130 किग्रा | जोगेंद्र राठी |

*(87 किलोग्राम में सुनील रेलवे की ओर से खेलते हैं, लेकिन मूलरूप से सोनीपत जिले का निवासी है।)*

आईपीएल 2026

# सूर्यवंशी और जायसवाल करेंगे आरआर की पारी का आगाज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 19वें सीजन का आगाज 28 मार्च से होगा। टूर्नामेंट की शुरुआत से पहले बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल राजस्थान रॉयल्स की टीम से जुड़ गए हैं। राजस्थान ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर वीडियो शेयर करते हुए इस बात की जानकारी दी है। राजस्थान की ओर से यशस्वी जायसवाल और वैभव सूर्यवंशी पारी का आगाज करते हुए नजर आएंगे।



## 30 मार्च को भिड़ेंगे आरआर और चेन्नई सुपर किंग्स

आईपीएल 2026 में राजस्थान रॉयल्स अपने अभियान का आगाज 30 मार्च को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ करेगी। पिछले सीजन राजस्थान का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था। टीम 14 मुकाबलों में से सिर्फ 4 में ही जीत दर्ज कर सकी थी। राजस्थान ने 9वें स्थान पर रहते हुए टूर्नामेंट का अंत किया था। आईपीएल 2026 के लिए राजस्थान ने रियान पराग को कप्तान बनाया है। राजस्थान की ओर से इस बार रवींद्र जडेजा और सैम करन खेलते हुए दिखाई दे देंगे। यशस्वी जायसवाल ने अपनी बल्लेबाजी से काफी प्रभावित किया था। यशस्वी ने 14 मुकाबलों में 159 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 559 रन बनाए थे। इस दौरान बाएं हाथ के बल्लेबाज ने 6 अर्धशतक लगाए थे।

## मुंबई इंडियंस स्क्वाड से जुड़े रोहित

आईपीएल के आगाज का काउंटडाउन शुरू हो गया है। 28 मार्च को लीग का पहला मुकाबला खेला जाएगा। आईपीएल के नए सीजन के लिए स्टार बल्लेबाज और पूर्व कप्तान रोहित शर्मा मुंबई इंडियंस के स्क्वाड से जुड़ गए हैं। मुंबई इंडियंस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो शेयर कर इसकी जानकारी दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में एमआई ने बताया कि हिटमैन नए सीजन से पहले टीम में शामिल हो रहे हैं! मुंबई इंडियंस ने रोहित शर्मा का एक और वीडियो जारी कर कहा था कि मुंबई का बादशाह आ चुका है। मुंबई इंडियंस के लिए रोहित शर्मा काफी लंबे वक्त से खेल रहे हैं। रोहित शर्मा की कप्तानी में मुंबई इंडियंस पांच बार आईपीएल चैंपियन बन चुकी है। आईपीएल में रोहित शर्मा के पास काफी अनुभव है, जिसका फायदा एमआई को मिलता है। मुंबई इंडियंस ने रोहित शर्मा को आईपीएल 2026 के लिए 16.30 करोड़ रुपए में रिटेन किया है।

## प्री-सीजन कैंप में गुजरात टाइटंस की तैयारी जोरों पर



**अहमदाबाद।** आईपीएल 2026 के लिए शुभमन गिल गुजरात टाइटंस की टीम से जुड़ गए हैं। गुजरात की टीम आईपीएल के 19वें सीजन के लिए जमकर तैयारी कर रही है और नाथद्वारा के मिराज इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में प्री-सीजन कैंप के साथ उनकी तैयारियां जोरों पर हैं। आईपीएल 2026 में गुजरात अपने अभियान का आगाज 31 मार्च को पंजाब किंग्स के खिलाफ मुल्लांपुर में करेगी। गुजरात अपने घरेलू मैदान पर पहला मुकाबला 4 अप्रैल को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेलेगी। सीजन के पहले चरण के शेड्यूल के मुताबिक गुजरात दो मुकाबले घर में और 2 घर से बाहर खेलेगी। गुजरात टाइटंस आईपीएल में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीमों में से एक रही है। टीम ने चार सीजन में से तीन में प्लेऑफ का टिकट कटाया है। वहीं, 2022 में गुजरात टाइटंस चैंपियन भी बनी थी। आगामी सीजन के लिए गुजरात ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज मैथ्यू हेडन को अपना बैटिंग कोच नियुक्त करने की घोषणा की है, जबकि भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज विजय दहिया को सहायक कोच के रूप में चुना है। इस कदम से फ्रेंचाइजी का कोचिंग सेटअप और भी मजबूत हो गया है।

## खबर संक्षेप



### टेस्ट क्रिकेट सबसे खूबसूरत प्रारुपः प्रतिका

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के हालिया दौरे पर टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण पर अर्धशतक लगाने वाली भारतीय बल्लेबाज प्रतिका रावल ने महिलाओं के लिए अधिक टेस्ट मैच कराने की वकालत करते हुए इसे अपना पसंदीदा प्रारुप बताया है। प्रतिका ने कहा, टेस्ट क्रिकेट सबसे खूबसूरत प्रारुप है। बचपन से मेरे पिता और कोच कहते थे कि इस प्रारुप में अच्छा प्रदर्शन करना बहुत जरूरी है। जब आपको उसी तरह तैयार किया जाता है तो स्वाभाविक रूप से यह आपका पसंदीदा प्रारुप बन जाता है। उन्होंने बताया कि उन्होंने विवियन रिचड्र्स, सचिन तेंदुलकर, ब्रायन लारा और रिकी पोंटिंग जैसे महान खिलाड़ियों के टेस्ट मैचों के वीडियो देखकर खुद को इस प्रारुप के लिए तैयार किया है।

### चीन को हराकर ऑस्ट्रेलिया की फाइनल में एंट्री

**पर्थ।** सैम केर के दूसरे हाफ में दागे गोल की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने गत चैंपियन चीन को 2-1 से हराकर महिला एशियाई कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। मध्यांतर तक मुकाबला 1-1 से बराबर था, जिसके बाद चेल्सी की अनुभवी फारवर्ड केर ने 58वें मिनट में बाएं पैर से शॉट लगाकर गोल दागकर स्कोर 2-1 किया, जो निर्णायक स्कोर साबित हुआ। इससे पहले केटलिन फूर्ड ने 17वें मिनट में ऑस्ट्रेलिया को बढ़त दिलाई थी जबकि चीन ने 26वें मिनट में पेनल्टी पर दागे झांग लिनयेन के गोल से बराबरी हासिल की।

### अमेरिका के 7 शहरों में होंगे ओलंपिक के फुटबॉल मैच

**लॉस एंजिलिस।** लॉस एंजिलिस में 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों में पुरुषों और महिलाओं के फुटबॉल मैच उद्घाटन समारोह से चार दिन पहले शुरू होंगे और इन्हें अमेरिका के सात शहरों में आयोजित किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) ने, जो कार्यक्रम तैयार किया है उसके अनुसार शुरुआत से ही टीमों को पिछले ओलंपिक की तुलना में विश्राम के लिए दो अतिरिक्त दिवस मिलेंगे। ओलंपिक में फुटबॉल के मैच 10 जुलाई से शुरू होंगे। इसके ग्रुप चरण और क्वार्टर फाइनल के मैच न्यूयॉर्क, कोलंबस, ओहियो, नैशविले, टेनेसी और सेंट लुई में खेले जाएंगे।

### वाडा लगा सकता है खेल स्पर्धाओं में ट्रंप पर बैन

**न्यूयॉर्क।** यह सुनने में भले अजीब सा लगे लेकिन विश्व डोपिंग विरोधी एजेंसी (वाडा) एक ऐसा नियम लागू करने पर विचार कर रही है, जो राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और सभी अमेरिकी सरकारी अधिकारियों को प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने से रोक सकता है, भले ही उनका आयोजन अमेरिकी धरती पर ही क्यों न हो। अमेरिका में अगले कुछ वर्षों में महत्वपूर्ण खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होना है। इनमें इस साल होने वाला फुटबॉल विश्व कप, 2028 में लॉस एंजिलिस में होने वाले ओलंपिक खेल और 2034 में यूटा में होने वाले शीतकालीन खेल भी शामिल हैं।

टी20 सीरीज : दक्षिण अफ्रीका की टीम 15.3 ओवर में 107 रन पर सिमटी

# न्यूजीलैंड ने साउथ अफ्रीका को हराया, सीरीज में की बराबरी, फर्ग्यूसन-सीयर्स की घातक गेंदबाजी

एजेंसी ▶▶| हैमिल्टन

सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे ने 60 रन की आकर्षक पारी खेली जबकि तेज गेंदबाज बेन सीयर्स और लॉकी फर्ग्यूसन ने तीन-तीन विकेट लिए, जिससे न्यूजीलैंड ने दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में दक्षिण अफ्रीका को 68 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली।

कॉनवे की 49 गेंद की पारी में पांच चौके और दो छक्के शामिल हैं। उनके अलावा अन्य बल्लेबाजों ने भी उपयोगी योगदान दिया, जिसमें जोश क्लर्कसन नाबाद 26 रन बनाकर दूसरे बड़े स्कोरर रहे। इससे न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 175 रन बनाए। इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 15.3 ओवर में 107 रन पर आउट हो गई। उसके बल्लेबाजों को पिच की गति और उछाल से सामंजस्य बिठाने में परेशानी हुई। उनकी टाइमिंग सही नहीं थी, जिसके कारण उसके सभी बल्लेबाज कैच आउट हुए।



### द.अफ्रीका की खराब शुरुआत

176 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी द.अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही। विकेटकीपर-बल्लेबाज कॉनर एस्टरहुइजेन बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और 12 गेंदों में 8 रन बनाकर आउट हुए। वियान मुल्डर भी 16 रन बनाकर मिचेल सैंटनर का शिकार बने। टॉनी डी जॉर्जी का प्रदर्शन भी निराशाजनक रहा, और वह 4 गेंदों में सिर्फ एक ही बना सके। रुबिन हरमन 12 गेंदों में 19 रन बनाकर आउट हुए, जबकि जेसन स्मिथ 12 रन बनाकर मिचेल सैंटनर की गेंद पर बेन सियर्स को कैच देकर पवेलियन लौटे।

### बल्लेबाजी में हमारा प्रदर्शन खराब : केशव महाराज

दक्षिण अफ्रीका के कप्तान केशव महाराज ने कहा, 'मुझे लगा कि हमने एक समय तक बहुत अच्छी गेंदबाजी की, लेकिन बल्लेबाजी में हमारा प्रदर्शन खराब रहा। खेल आगे बढ़ने के साथ विकेट बल्लेबाजी के लिए मुश्किल हो गया था।' तीसरा टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच शुक्रवार को ऑकलैंड में खेला जाएगा।

### लिंडे ने 275 के स्ट्राइक रेट से ठोके रन

दक्षिण अफ्रीका ने अपने आखिरी छह विकेट 40 रन पर गंवाए। जॉर्ज लिंडे की तूफानी पारी के दम पर ही वह 100 रन की संख्या पार कर पाया। लिंडे ने 12 गेंदों में तीन चौकों और इतने ही छक्कों की मदद से 33 रन बनाए। हाल ही में टी20 विश्व कप में न्यूजीलैंड के रिजर्व खिलाड़ी रहे सियर्स ने 14 रन देकर तीन जबकि फर्ग्यूसन ने 16 रन देकर तीन विकेट लिए।

### चोट के कारण सीरीज से बाहर हुए जॉर्डन हरमन

साउथ अफ्रीका के बल्लेबाज जॉर्डन हरमन न्यूजीलैंड के खिलाफ खेली जा रही पांच मैचों की टी20 सीरीज से बाहर हो गए हैं। हरमन हैमस्ट्रिंग इंजरी से जूझ रहे हैं, जिसके चलते अब वह बचे हुए 4 टी20 मुकाबलों में टीम का हिस्सा नहीं होंगे।



रविवार को माउंट माउंगानुई के बे ओवल में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए पहले मैच में ही जॉर्डन हरमन ने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में अपना डेब्यू किया था। इस मुकाबले में फील्डिंग करते हुए हरमन चोटिल हो गए थे। हरमन के स्कैन में ग्रेड टू टियर की पुष्टि हुई है। हालांकि, प्रोटियाज टीम ने अभी तक हरमन के रिप्लेसमेंट का ऐलान नहीं किया है। क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने पुष्टि करते हुए कहा, जॉर्डन हरमन न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मुकाबलों की टी20 इंटरनेशनल सीरीज के बाकी मैच से दाईं हैमस्ट्रिंग इंजरी के कारण बाहर हो गए हैं।

लॉस एंजिलिस-2028

## स्क्वाश का ओलंपिक में पदार्पण पदक जीतना मेरा सपना : अनाहत



एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारत की शीर्ष रैंकिंग वाली स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह को उम्मीद है कि अगले दो वर्षों में हर खिलाड़ी का ध्यान मुख्य रूप से लॉस एंजिलिस 2028 खेलों पर होगा क्योंकि इन खेलों के दौरान स्क्वाश ओलंपिक में पदार्पण करेगा।

अनाहत ने कहा कि ओलंपिक में पदक जीतना हर खिलाड़ी का सपना होता है। अनाहत ने कहा, ' बेशक यह बहुत रोमांचक है। यह पहली बार है जब यह ओलंपिक का हिस्सा बन रहा है और सभी खिलाड़ी इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे थे।' उन्होंने कहा, 'इससे पहले कोई भी खिलाड़ी अधिक से अधिक राष्ट्रमंडल खेलों में खेल सकता था लेकिन अब ओलंपिक भी है और बेशक, हर खिलाड़ी का सपना होता है कि वह ओलंपिक में जाए, खेले और पदक जीते।' अनाहत ने कहा, 'अगले कुछ वर्षों में सभी का यही लक्ष्य रहेगा और दीर्घकाल में मेरे दिमाग में भी यही बात रहेगी कि मैं ओलंपिक तक ट्रेनिंग कर सकूं और संभवतः देश के लिए पदक जीत सकूं।'

### कारपोरेट जगत भी स्क्वाश की ओर आकर्षित : रमित



भारत के दूसरे सबसे बेहतर रैंकिंग वाले पुरुष खिलाड़ी रमित टंडन ने कहा कि इस खेल को ओलंपिक कार्यक्रम में शामिल किए जाने से कारपोरेट जगत भी इसकी ओर आकर्षित हुआ है। उन्होंने कहा, 'यह (ओलंपिक) दुनिया की सबसे बड़ी खेल प्रतियोगिता है इसलिए वहां पहुंचना हर किसी का सपना होता है। इसके अलावा हमारे खेल को जेएसडब्ल्यू और अन्य कारपोरेट घरानों के जुड़ने से भी फायदा हुआ है, जो ओलंपिक में शामिल होने के बाद ही संभव हो पाया है।' टंडन ने कहा, 'ओलंपिक में शामिल होने के बाद पूरे स्क्वाश पारिस्थितिकी तंत्र में बहुत बड़ा बदलाव देखने को मिला है।'

## हरिहरन-अर्जुन युगल के दूसरे दौर में, आकर्षी ने ओरलियंस मास्टर्स के मुख्य ड्रॉ में प्रवेश किया

**ओरलियंस।** हरिहरन अम्साकरुनन और एम आर अर्जुन की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने मंगलवार को ओरलियंस मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया, जबकि आकर्षी कश्यप ने क्वालीफाइंग दौर में दो जीत दर्ज कर महिला एकल के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। हरिहरन और अर्जुन के खिलाफ चेक गणराज्य के जिरी क्राल और ओन्ड्रेज क्राल की जोड़ी पहले गेम में 10-21 से हारने के बाद मुकाबले से हट गई। पिछले साल अल ऐन मास्टर्स सुपर 100, तुर्किये इंटरनेशनल चैलेंज और तेलंगाना इंडिया इंटरनेशनल चैलेंज खिताब जीतने वाली यह भारतीय जोड़ी अब स्कॉटलैंड के अलेक्जेंडर डन और एडम प्रिंगल की जोड़ी से भिड़ेगी। इससे पहले विश्व रैंकिंग में 63वें स्थान पर काबिज आकर्षी ने पहले मुकाबले में हमवतन श्रीयांशी वलीशेट्टी को 21-19, 17-21, 21-13 से हराया और फिर अगले मैच में ताइपे की ली वाई एच को 21-17, 21-19 से मात दी। अब उनका मुकाबला सिंगापुर की येओ जिया मिन से होगा। पुरुष एकल के क्वालीफाइंग राउंड में एस सुब्रमणियन को मलेशिया के ली जी जिया से 12-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा। ली जी जिया पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता हैं और 2025 सत्र में चोटों से जूझने के बाद वापसी का प्रयास कर रहे हैं। महिला युगल में, भारतीय जोड़ी अश्विनी भट के और शिखा गौतम को रुई हिरोकामी और सायका होबारा की जापान की जोड़ी के खिलाफ वॉकओवर मिला।

वनडे रैंकिंग

## स्मृति शीर्ष पर बरकरार, हरमनप्रीत ने लगाई छलांग, पहुंची सातवें स्थान पर

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर आईसीसी महिला एकदिवसीय रैंकिंग में एक स्थान के सुधार के साथ सातवें पायदान पर पहुंच गई हैं, जबकि उपकप्तान स्मृति मंधाना शीर्ष स्थान पर कायम हैं। रैंकिंग में यह बदलाव न्यूजीलैंड की दिग्गज खिलाड़ी सोफी डिवाइन के दो स्थान फिसलकर नौवें नंबर पर आने के बाद हुआ।

जेमिमा रोड्रिग्स 12वें स्थान पर बरकरार हैं। न्यूजीलैंड की बल्लेबाज मैडी ग्रीन पांच स्थान ऊपर चढ़कर 610 रेटिंग अंकों के साथ 17वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। न्यूजीलैंड की हरफनमौला अमेलिया केर



21वें स्थान से संयुक्त 19वें स्थान पर पहुंच गई हैं और बल्लेबाजी तथा गेंदबाजी दोनों में 600 से अधिक रेटिंग अंक हासिल किए हैं। बल्लेबाजी रैंकिंग में न्यूजीलैंड की इसाबेल गेज भी तीन स्थान की छलांग लगाकर 61वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

### टी20 में अमेलिया ने हासिल की 694 रेटिंग



टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में कप्तान अमेलिया केर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ माउंट माउंगानुई में खेले गए पहले मुकाबले में 44 गेंदों पर 78 रन की पारी खेलकर करियर के सर्वश्रेष्ठ 694 रेटिंग अंक हासिल की हैं। वह बल्लेबाजों की रैंकिंग में आठवें स्थान पर बरकरार हैं। जॉर्जिया प्लिमर ने 63 रन की पारी खेलकर अपनी रैंकिंग में सुधार किया है और वह 50वें से 41वें स्थान पर पहुंच गई हैं। टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में जेस केर ने 13 रन देकर दो विकेट लेने के प्रदर्शन के दम पर 11 स्थान की छलांग लगाकर 23वां स्थान हासिल किया है।

टी20 विश्व कप 2024 में अनुभवी जोश कारगर साबित हुआ था

# युवाओं के जोशीला जुनून से जीते विश्वकप : सूर्यकुमार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टी20 विश्व कप की दो चैंपियन टीमों की तुलना करते हुए कहा कि 2024 की टीम के खिलाड़ियों में आईसीसी ट्रॉफी के लंबे समय से चले आ रहे सूखे को खत्म करने के लिए 'अनुभवी जोश' था, जबकि इस साल खिताब का बचाव करने वाली टीम के पास 'युवाओं का जोशीला जुनून' था।

सूर्यकुमार ने ट्रॉफी जीतने वाली दोनों टीमों के बीच मामूली अंतर पर बात की। वह 2024 में रोहित शर्मा की कप्तानी में खेले थे। उस टीम में विराट कोहली और रविंद्र जडेजा जैसे दिग्गज खिलाड़ी भी शामिल थे। बारबाडोस में मिली जीत के बाद इन तीनों दिग्गज खिलाड़ियों ने खेल के सबसे छोटे



प्रारुप से संन्यास ले लिया था । इसके बाद टीम की कमान निर्भीक सूर्यकुमार ने संभाली, जिन्होंने टी20 में भारत के खेल को अगले स्तर पर पहुंचाया। सूर्यकुमार ने दोनों टीमों की तुलना करते हुए कहा, 'दोनों टीमों में बस उन्नीस बीस का फर्क था। वो एक्सपीरियंस (अनुभव) वाला जोश था, इधर एकदम खून गरम था लड़कों का।'

### हमारे पास अनुभव कम लेकिन उत्साह अधिक

सूर्यकुमार ने ने कहा, ' जहां तक इस साल की बात है तो मैं कह सकता हूं कि हमारे पास अनुभव कम था लेकिन उत्साह अधिक था। अधिकतर खिलाड़ी 25 से 27 साल के हैं। उन्हें यह समझाना जरूरी था कि भारत में विश्व कप जीतने का अनुभव कैसा होता है, वह भी तब जबकि स्टेडियम में 50,000 लोग, एक लाख लोग आपका हौसला बढ़ा रहे होते हैं।' भारतीय कप्तान ने कहा, ' उस समय कैसा महसूस होगा, खिलाड़ियों को यह बताना जरूरी था। अन्यथा मेरे विचार से अगर टीमों के कौशल को देखें तो टी20 प्रारुप में मामूली अंतर ही होता है। लेकिन मुझे लगता है कि इस बार खिलाड़ियों में अधिक जोश था।'

### क्रिकेट में 80 प्रतिशत अंक किए हासिल

सूर्यकुमार यादव को भले ही पढ़ाई में बहुत अधिक सफलता नहीं मिली लेकिन क्रिकेट के मैदान पर उन्होंने आखिरकार 80 प्रतिशत अंक हासिल कर लिए हैं। सूर्यकुमार की अगुवाई में भारत ने हाल में टी20 विश्व कप खिताब का सफलतावाक बचाव किया। इस जीत का भरपूर आनंद ले रहे सूर्यकुमार का भारतीय कप्तान के रूप में जीत का रिकॉर्ड 80 प्रतिशत है। सूर्यकुमार ने इस बारे में पूछे जाने पर कहा, 'मुझे लगता है कि स्कूल और कॉलेज में मैंने, जो प्रतिशत हासिल करने की कोशिश की वह अब मुझे क्रिकेट में मिल रही है।' उन्होंने कहा, 'वहां (स्कूल या कॉलेज में) मैं कभी 50-60 प्रतिशत का आंकड़ा पार नहीं कर पाया। लेकिन यह (जीत की दर 80 प्रतिशत) सुनकर वास्तव में बहुत अच्छा लग रहा है। मैं वैसे आंकड़ों पर बहुत ज्यादा गौर नहीं करता हूं लेकिन किसी को भी किसी भी खेल में हारना पसंद नहीं होता और मुझे भी जीतना पसंद है।'

इजराइली सेना का बड़ा दावा

# हमले में ईरानी सुरक्षा प्रमुख लारीजानी की मौत, कमांडर सुलेमानी भी मारे गए

## सेना ने बताया कि सुलेमानी को एक टेंट कैंप में निशाना बनाया गया। इस हमले में सुलेमानी के साथ बासिज फोर्स के डिप्टी कमांडर और कई अन्य बड़े अधिकारी भी मारे गए हैं। बासिज फोर्स को ईरान में विरोध प्रदर्शनों को बेरहमी से कुचलने के लिए जाना जाता है


अली लारीजानी


गुलामरेजा सुलेमानी

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

पश्चिम एशिया में अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी संघर्ष दिन-प्रतिदिन और भयावह होता जा रहा है। मिसाइलों और ड्रोन की गरज के बीच यह संघर्ष अब 18वें दिन में प्रवेश कर चुका है और पूरे क्षेत्र में तनाव चरम पर है। इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने दावा किया है कि बीती रात ईरान में हुए हवाई हमले में अली लारीजानी की मौत हो गई है। इजराइली सेना (आईडीएफ) ने ईरान की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव अली लारीजानी को निशाना बनाकर यह हमला किया था। लारीजानी ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के बहुत करीबी माने जाते थे। इन हमलों में इजराइली सेना ने बासिज फोर्स के कमांडर गुलामरेजा सुलेमानी के मारे जाने का भी दावा किया है। सेना ने बताया कि सुलेमानी को एक टेंट कैंप में निशाना बनाया गया। इस हमले में सुलेमानी के साथ बासिज फोर्स के डिप्टी कमांडर और कई अन्य बड़े अधिकारी भी मारे गए हैं। बासिज फोर्स को ईरान में विरोध प्रदर्शनों को बेरहमी से कुचलने के लिए जाना जाता है। उन पर कई ईरानी नागरिकों की हत्या का आरोप भी थे।

*लारीजानी पूर्व सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के बहुत करीबी*

*बासिज फोर्स के कई अन्य बड़े अधिकारी भी मारे गए*

*सुलेमानी पर कई ईरानी नागरिकों की हत्या का आरोप*


इजराइली सेना के लेबनान की राजधानी बेरुत के दहिया क्षेत्र में मिसाइल से क्षतिग्रस्त इमारत

### इजराइली पीएम कार्यालय का ट्वीट

अली लारीजानी के मारे जाने के दावों के बीच इजराइल के पीएम कार्यालय ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट साझा किया। इसके कैप्शन में लिखा था कि, प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ईरानी शासन के बड़े अधिकारियों को खत्म करने का आदेश देते हुए।



### अबु धाबी में एक की मौत

ईरान और अमेरिका-इजराइल की जंग में यूएई को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। मंगलवार को अबु धाबी के बानी यास इलाके में एक मिसाइल हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। हालांकि बैलेस्टिक मिसाइल को इंटरसेप्ट किया गया था, लेकिन उसके मलबे की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत हो गई।

### मोजतबा खामेनेई बोले- ईरान अपने दुश्मनों से बदला लेकर रहेगा

ईरान के नए प्रमुख मोजतबा खामेनेई ने दो मध्यस्थ देशों के जरिए भेजे गए सीजफायर के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। अपनी पहली विदेश नीति बैठक में खामेनेई ने युद्ध में मारे गए लोगों का बदला लेने की कसम खाई। उन्होंने कहा कि ईरान अपने दुश्मनों से बदला लेकर रहेगा। अब तक बदले की कार्रवाई का एक सीमित हिस्सा दिखा है, लेकिन जब तक पूरा बदला नहीं लिया जाता, यह हमारी प्राथमिकता बनी रहेगी। खामेनेई ने यह भी साफ किया कि ईरान कभी पीछे नहीं हटेगा और पूरी ताकत के साथ जवाब देगा। उन्होंने कहा कि बदला सिर्फ अयातुल्ला अली खामेनेई के लिए ही नहीं, बल्कि हर उस नागरिक के लिए लिया जाएगा जिसने इस युद्ध में जान गंवाई।



### अमेरिका ने ईरान पर और कड़े किए नियम

अमेरिका ने ईरान के खिलाफ और सख्त कदम उठाए हैं। इसके तहत अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने ईरान के ऊर्जा क्षेत्र पर बैन को और कड़ा करने के लिए बड़ा बिल पास किया है। तेहरान के साथ चल रहे तनाव के बीच अमेरिका की दोनों पार्टियों के प्रतिनिधियों ने और कड़े कदम उठाने पर जोर दिया। इस नए बिल का नाम 'एन्हांस्ड ईरान सैंक्शन्स एक्ट' है, जो सीनेट में पास हो गया। इससे ईरान के तेल व्यापार और उसके ग्लोबल नेटवर्क पर दबाव बढ़ाने के लिए दोनों पार्टियों का बड़ा समर्थन दिखा।

### युद्ध में 200 अमेरिकी सैनिक घायल

यूएस सेंट्रल कमांड के प्रवक्ता कैप्टन टिम हॉकिन्स के अनुसार, अमेरिका और ईरान के युद्ध में लगभग 200 अमेरिकी सैनिक घायल हुए हैं, जिनमें से 10 की हालत गंभीर है। 180 सैनिक पहले ही ड्यूटी पर लौट चुके हैं। घायलों में जलने के जख्म, मस्तिष्क आघात और शेल के चोट के घाव शामिल हैं। सैन्य अधिकारियों के अनुसार अधिकांश घायलों की वजह ईरानी वन-वे ड्रोन रहे। फरवरी 28 से अब तक कम से कम 13 अमेरिकी सैनिकों की मौत हो चुकी है।

### तेल निर्यात में आ सकती कमीः यूएस

व्हाइट हाउस के आर्थिक सलाहकार केविन हैसेट ने कहा है कि एशिया से अमेरिका को होने वाले तेल निर्यात में कमी आ सकती है, जिससे वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को लेकर चिंता बढ़ी है। उन्होंने संकेत दिया कि मध्य पूर्व में जारी तनाव के कारण एशियाई देश अपने निर्यात को सीमित कर सकते हैं। हैसेट ने स्पष्ट किया कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था फिलहाल मजबूत स्थिति में है।

---

पश्चिम-एशिया में युद्ध के बीच विदेश मंत्रालय की संसदीय समिति ने अपनी रिपोर्ट में जताई चिंता

# ईरान की चाबहार परियोजना के भविष्य पर मंडराते संकट के बादल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया क्षेत्र में ईरान और अमेरिका के बीच जारी भीषण युद्ध के दौर में भारत में चाबहार बंदरगाह के मुद्दे की गूंज सुनाई दी है। जिसका जिक्र इस बार सरकार की तरफ से नहीं बल्कि विदेश मंत्रालय की संसदीय स्थायी समिति द्वारा मंगलवार को संसद में पेश की गई एक रिपोर्ट में किया गया है। जिसमें ये कहा गया है कि हालिया घटनाक्रम की वजह से बंदरगाह विकास की परियोजना खतरे में है। देश के लिए चाबहार रणनीतिक रूप से एक बेहद महत्वपूर्ण बंदरगाह है। उक्त संघर्ष, अमेरिका की ओर से बीते वक्त में इसके निर्माण कार्य पर लगाई गई पाबंदी और टैरिफ जैसे कुछ निर्णयों का इस पर खासा असर देखने को मिला है। वहीं, समिति ने मामले के प्रभावों को लेकर सरकार द्वारा सभी भागीदार पक्षों से संवाद के क्रम को लगातार बनाए रखने के कदम का स्वागत किया है। यहां बता दें कि मंत्रालय की वर्ष 2026-27 की अनुदान मांगों पर समिति की यह 12वीं रिपोर्ट थी। जिसे 17 मार्च को संसद में पेश किया गया था। समिति की अध्यक्षता कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार में विदेश राज्य मंत्री और मौजूदा वरिष्ठ सांसद शशि थरूर कर रहे हैं।



### रणनीतिक दृष्टि से अहम है ये बंदरगाह

समिति ने रिपोर्ट में ये भी कहा कि चाबहार बंदरगाह भारत के लिए रणनीतिक दृष्टिकोण से एक महत्वपूर्ण बंदरगाह है। जिससे उसे अफगानिस्तान और मध्य-एशिया में सीधे प्रवेश करने का अवसर मिलेगा। साथ ही यह बंदरगाह अंतरराष्ट्रीय नार्थ साउथ कॉरिडोर के साथ जुड़ने के लिए भी काफी अहम भूमिका निभाता है। इस संबंध में तमाम योजनाओं और प्रगति को लेकर समिति ने मंत्रालय से उसे लगातार जरूरी जानकारी साझा करने के लिए कहा है। इसके अलावा पिछले साल सितंबर महीने में अमेरिका द्वारा 2018 में लगाई गई पाबंदियों को वापस लेने के एक निर्णय का भी उल्लेख किया है।

### बंदरगाह को नहीं दी कोई धनराशि

समिति ने अपनी रिपोर्ट में यह कहा कि वर्ष 2025-26 के बजट अनुमान में चाबहार बंदरगाह के विकास के लिए विदेश मंत्रालय ने 100 करोड़ रुपए की धनराशि आवंटित की थी। जिसे संशोधित बजट अनुमान में बढ़ाकर 400 करोड़ रुपए तक कर दिया गया था। आवंटित की गई ये धनराशि मौजूदा वर्ष 2026 के शुरुआती जनवरी महीने में पूरी तरह से प्रयोग कर ली गई है। वहीं, मंत्रालय ने समिति को बताया है कि वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में चाबहार परियोजना के विकास के लिए कोई बजट नहीं दिया गया है। क्योंकि भारत ने अपनी 120 मिलियन डॉलर की प्रतिबद्धता को पहले ही पूरा कर लिया है। जिसमें बंदरगाह के लिए उपकरणों की खरीद शामिल है। जो दोनों पक्षों के बीच 2024 में हस्ताक्षरित समझौते का हिस्सा है।

---

जेल से रिहा हुए सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक

# बोले- लड़ाई अभी खत्म नहीं, पूरी हों लद्दाख की मांगें, शांति से रखेंगे बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

करीब 6 महीने हिरासत में रहने के बाद रिहा हुए लद्दाख के सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने मंगलवार को दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपनी बात रखी। उन्होंने साफ कहा कि यह लड़ाई सिर्फ उनकी नहीं बल्कि पूरे लद्दाख के लोगों की है और वह इसे तभी जीत मानेंगे जब लद्दाख का असली भला होगा। उन्होंने कहा कि जेल में रहते हुए भी उन्हें पूरा भरोसा था कि न्याय मिलेगा और कोर्ट में उनकी जीत होगी। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई किसी एक व्यक्ति की नहीं है, बल्कि पूरे समाज की है और इसका परिणाम भी समाज के हित में होना चाहिए। वांगचुक ने कहा कि वह जल्द ही लद्दाख लौटेंगे और वहां के नेताओं से बातचीत करेंगे।

### केंद्र ने बातचीत का प्रस्ताव दिया

रिहाई के बाद केंद्र सरकार की तरफ से बातचीत की पेशकश पर वांगचुक ने सकारात्मक रुख दिखाया। उन्होंने कहा कि सरकार के इस कदम से वह खुश हैं और इसे एक विन विन सिचुएशन मानते हैं। इससे सरकार की छवि भी बेहतर होगी और आंदोलन कर रहे लोगों को भी अपनी बात रखने का मौका मिलेगा। लद्दाख में जो भी आंदोलन हुए हैं, उनका उद्देश्य हमेशा से संवाद शुरू कराना रहा है। लोग लेह से दिल्ली तक पैदल चले, अनशन किया और कई तरह के शांतिपूर्ण तरीके अपनाए, सिर्फ इसलिए कि सरकार बातचीत शुरू करे।



---


## डा. ऑर्थो गद्दे/मैट्रेस के मिलते-जुलते नामों से प्रोडक्ट बेचने वालों पर सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी

जागरूक रहें, आजकल सस्ती व्यापारिक प्रतिस्पर्धा के मद्देनज़र कुछ दुकानदार **डा. ऑर्थो गद्दे/मैट्रेस** के मिलते-जुलते नामों से अन्य गद्दे बेच रहे हैं। इस संदर्भ में उन पर आवश्यक कानूनी कार्यवाही प्रारंभ की जा रही है। आज की इस पब्लिक नोटिस से यह स्पष्ट माना जाए कि प्रसिद्ध ब्रांड **डा. ऑर्थो गद्दे/मैट्रेस** को यदि कोई भी व्यक्ति, फर्म, संस्था अथवा कम्पनी किसी भी रूप में नकल करता या बेचता है, उन सभी पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

सभी उपभोक्ता एवं दुकानदार कृप्या यह ध्यान दें कि **डा. ऑर्थो गद्दे/मैट्रेस** रेंज के सभी प्रोडक्ट्स केवल **डा. ऑर्थो गद्दे/मैट्रेस** के नाम से ही आते है। इसलिए मिलते-जुलते नामों से धोखा न खाएं व पूरा नाम पढ़कर ही प्रोडक्ट खरीदें। यदि आपको कोई प्रोडक्ट **डा. ऑर्थो गद्दे/मैट्रेस** के मिलते जुलते नाम से बाजार में मिलता है तो इसकी सूचना तुरन्त हमारी **Email: info@drorthooil.com** या **Helpline No.: 8264822252** पर दें।

**आपके द्वारा दी गई सूचना पर यदि कोई दुकानदार अथवा निर्माता पकड़ा जाता है तो आपको ₹ 1,00,000/- का नकद इनाम दिया जाएगा एवं आपका नाम गुप्त रखा जायेगा। जागरूक रहें- डा. ऑर्थो मैट्रेस का पक्का बिल अवश्य लें।**

Dr. Ortho®
ORTHOPAEDIC MATTRESS




सम्पर्क करें
8264822252
Email: Info@drorthooil.com • Website : www.drorthooil.com


### पश्चिम एशिया में तनाव करने में भारत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएः राष्ट्रपति स्टब

एजेंसी ▶▶ हेलसिंकी

इजराइल-अमेरिका और ईरान के बीच जारी हमलों की वजह से पश्चिम एशिया में इस समय भारी तनाव और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। ऐसे हालात में फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने दावा किया है कि भारत अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम करने में एक महत्वपूर्ण डिप्लोमैटिक भूमिका निभा सकता है। उन्होंने पश्चिम एशिया में संघर्ष के बढ़ते रहने के बीच तुरंत सीजफायर की अपील की। स्टब ने कहा कि वैश्विक कोशिशों को दुश्मनी रोकने और बातचीत के रास्ते खोलने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत तनाव कम करने के मकसद से की जा रही कूटनीतिक कोशिशों में शायद मदद कर सकता है। उन्होंने कहा कि हमें सीजफायर की जरूरत है। मैं सोच रहा हूं कि क्या भारत सच में इसमें शामिल हो सकता है। हमने देखा कि विदेश मंत्री जयशंकर ने चीजों को शांत करने के लिए सीजफायर की अपील की थी। फिनलैंड के राष्ट्रपति की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब नई दिल्ली इस इलाके में बढ़ते टकराव के बीच तेहरान के साथ सक्रिय रूप से बातचीत कर रहा है। बता दें, भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ईरानी समकक्ष अब्बास अराघची के साथ चार बार बात कर चुके हैं।








हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109